e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 97

सुविचार

जिंदगी जीने का सही तरिका सिर्फ उन्ही को आया है, जिन्हों ने जिंदगी में हर जगह बादाम बही, बल्कि धोखा खाया है!

# प्रभात मंत्र

बुधवार
09.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### जांच करने गए चार पुलिस कर्मियों को घर में बनाया बंधक, की अभद्रता

**मुरादाबाद :** मझोला थाना क्षेत्र में जांच को पहुंचे थाना कटघर पुलिस के दो सिपाही समेत चार पुलिसकर्मियों को आरोपितों ने मंगलवार को बंधक बना लिया। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित सिपाही अंचुल तोमर की तहरीर पर एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित महिला और उसके पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिपाही ने बताया कि वह थाना काटकर पुलिस के एक अन्य सिपाही के साथ थाना मझोला क्षेत्र के मोहल्ला रामतलैया में जांच करने गए थे। उनके साथ थाना मझोला क्षेत्र की रामतलैया पुलिस चौकी के दो सिपाही भी साथ में थे। वहां जाकर पता चला कि जिस आरोपित के खिलाफ प्रार्थना पत्र है, वो पास में ही किसी अन्य व्यक्ति के घर बैठा हुआ है। हम लोग बताए घर में पहुंच गए। जब वहां पहुंचे तो थाना मझोला क्षेत्र के सूर्य नगर लाईनपार ढक्का निवासी राजेश कुमार शर्मा, गौरव शर्मा, प्रीति व मुनेन्द्र ने पहले अभद्रता की। घर के एक कमरे में बैठाकर बाहर से ताला लगा दिया। उन्होंने थाना मझोला प्रभारी रामप्रसाद व रामतलैया चौकी प्रभारी विपिन कुमार को फोन पर जानकारी दी। कुछ ही देर बाद उपनिरीक्षक विपिन कुमार व सिपाही जितेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचकर कमरे का ताला खोलकर सभी को बंधक मुक्त कराया गया। पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि मामले में राजेश कुमार शर्मा, गौरव शर्मा प्रीति व मुनेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। राजेश शर्मा और प्रीति की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### रक्सौल में नशीली दवाओं का बड़ा जखीरा बरामद

**पूर्वी चंपारण :** जिले के रक्सौल पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता मिली है।पुलिस टीम ने नशीली दवाओं के अवैध कारोबार में लिप्त एक बड़े कारोबारी को गिरफ्तार करते हुए नशीली दवा के बड़े जखीरा को बरामद किया है।उक्त कारवाई रक्सौल थाना क्षेत्र के शुक्ला कॉलोनी में की गई। रक्सौल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक नशीली दवा के कुख्यात कारोबारी अपने ससुराल में दवाओं को छिपाकर अवैध रूप से सप्लाई करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्ला कॉलोनी स्थित एक मकान में छापेमारी की। मौके पर मुख्य आरोपी रवि गुप्ता भी उपस्थित मिला। घर की तलाशी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में नशीली दवाएं मिलीं, जिनमें 8604 ट्रामाडोल टैबलेट्स, 6 बोतल ऑनरेक्स कफ सिरप और शराब की कई खाली बोतलें शामिल हैं। पुलिस के अनुसार ये सभी दवाएं प्रतिबंधित श्रेणी में आती हैं, जिनका इस्तेमाल नशे के रूप में किया जाता है।गिरफ्तार आरोपित की पहचान रक्सौल के मौजे वार्ड संख्या 20 निवासी रामस्वरूप गुप्ता के पुत्र रवि गुप्ता के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर सिन्हा ने बताया कि रवि गुप्ता लंबे समय से नशीली दवाओं के अवैध कारोबार में सक्रिय था और पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी।उन्होंने बताया कि इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी को करारा झटका लगा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

### बाण सागर नहर में डूबने से युवक की मौत

**मीरजापुर :** लालगंज थाना क्षेत्र के गोंड़र खुर्द गांव का रहने वाले 18 वर्षीय युवक की मंगलवार को नहर में डूबने से मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ स्नान करने गया था, जहां यह हादसा हो गया।थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान शुभम छविनाथ के रूप में हुई है। शुभम दोपहर में अपने दोस्तों के साथ गांव से लगभग पांच किलोमीटर दूर पचोखर गांव स्थित बाणसागर नहर पर नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव में बहने लगा। दोस्तों ने जब उसे डूबते देखा तो शोर मचाया और तुरंत गांव जाकर परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शुभम को नहर से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लाया गया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुभम तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बेटे की असमय मौत से पिता छविनाथ गहरे सदमे में हैं। उन्होंने कहा कि शुभम ही उनके घर की उम्मीद और सहारा था जो अब इस दुनिया से चला गया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $24^0$ |
| न्युनतम | $13^0$ |

## गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी का दो दिवसीय बैठक शुरू

# आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ थे सरदार पटेल : खड़गे

**मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सरदार पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी और यह हास्यास्पद है कि आज इस संगठन के लोग सरदार पटेल की विरासत पर दावा करते हैं।**



एजेंसी

**अहमदाबाद:** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की दो दिवसीय बैठक चल रही है। मीटिंग में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई सीनियर नेता मौजूद हैं। पहले दिन मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है। उन्होंने यहां पार्टी की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में यह भी कहा कि सरदार पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी और यह हास्यास्पद है कि आज इस संगठन के लोग सरदार पटेल की विरासत पर दावा करते हैं।खरगे ने यह दावा भी किया कि आज सांप्रदायिक विभाजन के जरिये देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाया जा रहा है और सामंती एकाधिकार संसाधनों पर क़ब्ज़ा करते हुए शासन को नियंत्रित करने की राह पर हैं।

### पटेल की 150वीं जयंती मनाएगी कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा,इसी साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेलजी की 150 वीं जयंती है। जवाहर लाल नेहरू नेहरू जी उनको भारत की एकता का संस्थापक कहते थे। उनकी 150 वीं जयंती हम लोग देश भर में पूरे उल्लास से मनाएंगे।उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है। खरगे ने कहा कि 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाया जा रहा है।उनका कहना था,ये काम वे लोग कर रहे है जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं है। आजादी की लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है।उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा, वे सरदार पटेल और पंडित नेहरू के संबंधों को ऐसा दिखाने का षडयंत्र करते हैं जैसे दोनों नायक एक दूसरे के खिलाफ थे। जबकि सच्चाई ये है कि वो एक सिक्के के दो पहलू थे। तमाम घटनाएं और दस्तावेज इनके मधुर संबंधों की गवाह हैं।उन्होंने कहा,नेहरू जी से सरदार कितना स्नेह करते थे, आप इससे समझ सकते हैं। 14 अक्तूबर 1949 को सरदार पटेल ने कहा था कि पिछले दो कठिन सालों में नेहरूजी ने देश के लिए जो अथक परिश्रम किया है, वो मुझसे अधिक अच्छी तरह कोई नहीं जानता है। मैंने इस दौरान उनको भारी भरकम उत्तरदायित्व के भार के कारण बड़ी तेजी के साथ बूढे होते देखा है।उन्होंने कहा,साथियों, सरदार पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी। उन्होंने तो आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन हँसी आती है कि आज उस संगठन के लोग सरदार पटेल की विरासत पर दावा करते हैं।

उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए यह जरूरी है।

कार्यसमिति की बैठक का आयोजन यहां सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक पर किया गया। पार्टी के अधिवेशन से एक दिन पहले उन्होंने कहा, यह साल महात्मा गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी है। दिसंबर 1924 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी मेरे गृह राज्य कर्नाटक के बेलंगाव कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्ष बने थे। यह शताब्दी समारोह हमने 26 दिसंबर को कर्नाटक में मनाया। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियां दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे। उनका कहना था,गांधी जी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अहिंसा का हथियार दिया। ये इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती।

## कैबिनेट की बैठक में कुल 14 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# इंटर्नशिप योजना के तहत छात्रों को रोजगार का मिलेगा प्रशिक्षण




**इस योजना का उद्देश्य जमीनी स्तर पर पारंपरिक नई प्रथाओं और प्रोद्योगिकियों की पहचान करना है। साथ ही पता लगाना है कि किसी समुदाय विशेष की प्रथाओं को अन्यव समुदायों की ओर से दोहराया जा रहा है या नहीं।इस योजना को राज्य के सभी 4345 पंचायजों में लागू किया जाएगा।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** गर्मी की छुट्टियों में राज्य सरकार विभिन्न सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के चुनिंदा छात्रों को झारखंड की कला-संस्कृति, भोजन और संगीत का प्रशिक्षण देगी। सरकार झारखंड ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना के तहत राज्य के छात्र-छात्राओं को आठ हफ्तों का प्रशिक्षण देगी। यह निर्णय मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया।कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। कैबिनेट में कुल 14 प्रस्तावों की मंजूरी दी गई।इंटर्नशिप योजना के प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्यक के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध विश्वविद्यालयों से स्नातक, स्नाकोत्तर और उच्च शिक्षा में नामांकित छात्र-छात्राओं को चुना जाएगा। इन छात्रों का चयन हर वर्ष किया जाएगा। इस योजना के लिए कुल 17 हजार 380 छात्र-छात्राओं को चुना जाएगा। योजना के लिए चुने गए प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप की पूरी अवधि में सरकार 10 हजार रुपए का स्टारइपेंड भी देगी। उन्हें पांच हजार रुपये का स्टाइपेंड की पहली किस्ता उनके ओरिएंटेशन कार्यक्रम के पूरा होने और इंटर्नशिप के दूसरे सप्ताह के बाद छात्र की ओर से शुरुआती विजिट की रिपोर्ट जमा करने के बाद दी जाएगी। इंटर्नशिप अवधि के अंत में योजना से संबंधित रिपोर्ट पांच हजार रुपये की दूसरी किस्त दी जाएगी। इंटर्नशिप की राशि छात्रों को डीबीटी के जरिए सीधे उनके खाते में दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य जमीनी स्तर पर पारंपरिक नई प्रथाओं और प्रोद्योगिकियों की पहचान करना है। साथ ही पता लगाना है कि किसी समुदाय विशेष की प्रथाओं को अन्यव समुदायों की ओर से दोहराया जा रहा है या नहीं।इस योजना को राज्य के सभी 4345 पंचायजों में लागू किया जाएगा। इसके लिए जमीनी स्तार पर स्था नीय जरूरतों की पहचान के लिए चार प्रशिक्षओं का समूह बनाया जाएगा। राज्य में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन की यात्रा करेगा। इस यात्रा पर होनेवाले खर्च को लेकर कैबिनेट की मंजूरी ली गई।

## झारखंड में तीन दिनों तक वज्रपात और तेज हवा का अलर्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में अगले तीन दिनों तक गर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने का अलर्ट मौसम विभाग की ओर से जारी किया गया है। नौ अप्रैल को झारखंड के दक्षिण, मध्य और उत्तर-पूर्वी जिलों में कहीं कहीं गर्जन और 30-40 किमी प्रति घण्टे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने इस सम्बंध में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी-मध्य और निकटवर्ती उत्तरी मध्य भागों में कहीं कहीं गर्जन और ओलावृष्टि होने की आशंका है। साथ ही 30-40 किमी की गति से हवा चलने की आशंका है। 10 अप्रैल को पूर्वी, मध्य और निकटवर्ती उत्तरी-मध्य हिस्सों में गर्जन और ओलावृष्टि होने को लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही राज्य के दक्षिणी-मध्य और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं गर्जन और 40-50 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसके अलावा उत्तर-पश्चिमी भागों में भी गर्जन और 30-40 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है।वहीं 11 अप्रैल को राज्य के उत्तर-पश्चिम भागों को छोड़कर शेष हिस्सों में गर्जन और 40-50 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही उत्तर-पश्चिम के हिस्सों में भी गर्जन और तेज हवा चलने को लेकर ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है।वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। लेकिन तापमान बढ़ने से अधिक गर्मी का एहसास हुआ।

## मेघालय के प्रधान सचिव का उज्बेकिस्तान में मौत, होटल के कमरे में मिला शव




एजेंसी

**शिलांग :** मेघायल के प्रधान सचिव सैयद एमडी ए रजी उज्बेकिस्तान में मृत पाए गए। उनका शव मध्य एशियाई देश के होटल में उनके कमरे से मिला है। संदेह जताया जा रहा है कि उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई है।अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आईआरटीएस अधिकारी रजी 2021 से राज्य में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थे। वह चार अप्रैल को निजी यात्रा पर उज्बेकिस्तान गए थे और वहां बुखारा शहर के होटल में रुके थे। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, सोमवार सुबह रजी ने कॉल का जवाब नहीं दिया। बाद में, होटल के कर्मचारियों ने उनके कमरे का दरवाजा तोड़ा, जहां वह मृत पाए गए।मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा के अनुसार, सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। रजी की पत्नी उज्बेकिस्तान के शहर बुखारा के लिए रवाना हो चुकी हैं। इससे पहले, उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर रजी की मौत पर दुख जताया। उन्होंने कहा, सरकार के प्रधान सचिव, आईआरटीएस, सैयद एमडी ए रजी के असमय निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ।मुख्यमंत्री संगमा ने आगे कहा, रजी की अद्भुत दक्षता और अटूट समर्पण उनके द्वारा संभाले गए हर विभाग में साफ नजर आता था। वे हमेशा अपने काम को जिम्मेदारी से करते थे, जिससे उनके आस-पास के लोग प्रेरित होते थे। अपने काम से परे, रजी एक गर्मजोशी से भरे और हंसमुख व्यक्ति थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना के लाभार्थियों से की बातचीत



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार सुबह मुद्रा योजना के लाभार्थियों से बातचीत की. इस दौरान लाभार्थियों ने पीएम मोदी से अपना अनुभव शेयर किया. उन्होंने मुद्रा योजना के लाभ गिनाए. पीएम मोदी ने लाभार्थियों से कहा कि वे अब अन्य दूसरे लोगों को अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित करें.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना के लाभार्थियों से बातचीत की. बातचीत के दौरान लाभार्थियों ने बताया कि किस तरह इस योजना ने उनके जीवन में बदलाव लाया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आवास पर मुद्रा योजना लाभार्थियों का स्वागत करते हुए कहा, मैं आप सभी को मेरे आवास पर आने के लिए धन्यवाद देता हूं. हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि जब घर में मेहमान आते हैं तो घर पवित्र हो जाता है, इसलिए मैं आप सभी का स्वागत करता हूं.बातचीत के दौरान यूपी के रायबरेली के एक लाभार्थी ने कहा, हम आपसे वादा करते हैं कि हम सब मिलकर भारत को विकसित भारत बनाएंगे. अब हमें सरकार से लाइसेंस लेने में कोई परेशानी नहीं होती. मैं बेकरी चलाती हूं. मेरा मासिक टर्नओवर 2.5 से 3 लाख रुपये है और हमारे पास 7 से 8 लोगों का स्टाफ है.

## सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल को लगाई फटकार, कहा

# गवर्नर के पास वीटो का अधिकार नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल को फटकार लगाई है और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी नहीं देने को संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन बताया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास कोई विवेकाधिकार नहीं है और उन्हें मंत्रिपरिषद की सलाह और सहायता से ही काम करना पड़ता है।सुप्रीम कोर्ट पीठ ने तमिलनाडु की सरकार को बड़ी राहत देते हुए कहा कि राज्यपाल किसी विधेयक को रोक नहीं सकते और न ही किसी विधेयक पर वीटो या पॉकेट वीटो कर सकते है। सुप्रीम



कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल या तो विधेयक को मंजूरी दे सकते हैं या फिर उस विधेयक को राष्ट्रपति के पास विचार करने के लिए भेज सकते हैं। राज्यपाल दूसरी बार राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजने की बात कहकर विधेयक को नहीं रोक सकते। राज्यपाल को दूसरी बार में विधेयक को मंजूरी देनी ही होती है, लेकिन बस दूसरा विधेयक पहली बार के मुकाबले अलग होना चाहिए। तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर राज्यपाल आरएन रवि पर 10 विधेयकों को रोककर रखने का आरोप लगाया था। इस याचिका पर फैसला देते हुए न्यायालय ने ये भी कहा कि राज्यपाल ने जिन 10 विधेयकों को रोककर रखा है, उन्हें उसी दिन से मंजूर माना जाएगा, जिस दिन विधानसभा इन विधेयकों के दूसरे राउंड को पारित करके राज्यपाल के पास भेजेंगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह राज्यपाल की शक्तियों को कमजोर नहीं कर रहे, लेकिन राज्यपाल की सारी कार्रवाई संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के अनुसार होनी चाहिए।

## देश भर में लागू हुआ वक्फ संशोधन अधिनियम

एजेंसी

**नई दिल्ली :** वक्फ संशोधन अधिनियम देशभर में लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी की है कि वक्फ अधिनियम को आठ अप्रैल से प्रभावी कर दिया गया है। पिछले सप्ताह संसद और राष्ट्रपति ने वक्फ संशोधन अधिनियम को मंजूरी दी थी। इसके बाद यह तय नहीं था कि नया कानून कब से लागू होगा। मंगलवार को केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि वक्फ संशोधन कानून आठ अप्रैल से प्रभावी होगा।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम को मंजूरी दी थी। इसे बजट सत्र के दौरान संसद ने पारित किया था। कानून मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया था कि राष्ट्रपति ने दोनों विधेयकों को अपनी मंजूरी दे दी है। चार अप्रैल को राज्यसभा ने विधेयक के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 मतों से इसे पारित किया था, जबकि लोकसभा ने लंबी बहस के बाद तीन अप्रैल को विधेयक को मंजूरी दे दी थी। यहां 288 सांसदों ने इसके पक्ष में और 232 ने इसके विरोध में मतदान किया था।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ran... Dhanbad
PR NO.349815 (IPRD) 25-26

# डीएमएफटी न्यास परिषद एवं प्रबंधकीय समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट कोष (डीएमएफटी) न्यास परिषद एवं प्रबंधकीय समिति की बैठक आज उपायुक्त शशि रंजन की अध्याक्षता में समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव एवं विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद एवं माननीय विधायक के प्रतिनिधिगण एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिक सेक्टर विशेषकर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण आदि आधारभूत सुविधाएं, निर्माण कार्यो में गुणवता पर विशेष ध्यान देने एवं समय पर योजनाएं पूरी हो, इसका ध्यान रखने में सामूहिक जिम्मेवारी की बातें कही। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद से पेयजलापूर्ति, प्रखंडों में पुस्तकालय का निर्माण आदि कार्य किए जा रहे हैं। जिले के तीन प्रखंड यथा चैनपुर, छतरपुर एवं हुसैनाबाद में पुस्तकालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को पुस्तकालय के निर्माण कार्य में गति लाते हुए पूर्ण करने का निदेश दिया। पुस्तकालय के बगल में जमीन की उपलब्धता के अनुसार मॉडल छात्रावास का निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही आदिम जनजाति बहुल क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति छात्रावास बनवाने की दिशा में कार्य करने, कल्याण विभाग द्वारा निर्माणाधीन छात्रावास की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**सिंचाई कार्यो में होगा बंद खदानों में संचित जल का उपयोग**

बंद पड़े खदानों में संचित जल का उपयोग सिंचाई कार्य हेतु करने के लिए योजना तैयार कराने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने कहा कि बंद पड़े खदानों में संचित जल से आसपास के क्षेत्रों में किसान के खेतों में सिंचाई हो पायेगा। सोलर पंप के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने की दिशा में कार्य किये जाने की योजना है। वहीं पर्यटन के दृष्टिकोण से इन क्षेत्रों को विकसित करने एवं संचित जल में स्थानीय लोगों के द्वारा मछली पालन करवाने की दिशा में कार्य कराने की योजना है। उपायुक्त ने इसके लिए बंद पड़े खदानों के समीप कृषि योग्य भूमि को चिन्हित करने एवं मछली पालन के लिए लाभुक समिति का गठन करने को लेकर संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त करते हुए कार्य योजना को गति देने का निदेश दिया।

**गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति होगी दुरूस्त**

गर्मी के मद्देनजर माननीय विधायकगणों ने पेयजलापूर्ति के लिए चापाकल को दुरूस्त करने की बातें कही। उपायुक्त ने योग्य चापानलों की मरम्मति तथा सोलर जलापूर्ति सिस्टम को दुरूस्त कराने एवं टैंकर से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने डीएमएफटी मद से यथा संभव टैंकर खरीदने का भी निदेश दिया।

**हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम हाउस बनाने की स्वीकृति**

हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम हाउस बनाने, पार्क का जीर्णोद्धार करने एवं हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में सोन नदी से जुड़े मछुआ परिवारों को लाभुक समिति बनवाते हुए मोटर वोट उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य योजना तैयार करने का निदेश दिया गया। बैठक में कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं अन्य बालिका विद्यालय/महाविद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को निःशुल्क नैपकिन उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई। बैठक के शुरूआत में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बैठक की कार्यवली से अवगत कराया। उन्होंने कोष की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। साथ ही पिछले बैठक के अनुपालन एवं क्रियान्वित योजनाओं से अवगत कराया।

## बहन को पीट कर किया घायल, हालत नाजुक

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के सुदना निमिया मोहल्ला में चचेरे भाई ने अपनी चचेरी बहन को पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल युवती को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस संबंध में पीड़िता शहर थाना क्षेत्र के सुदना निमिया मोहल्ला निवासी उमेश मेहता की पुत्री अधीनता कुमारी ने बताया कि बीती रात करीब 8ः00 बजे वह अपने घर में मवेशी को बांध रही थी।तभी उसका चचेरा भाई महेश कुमार मेहता वहा पहुंचा और अधीनता कुमारी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों के द्वारा अधीनता को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के बाद भी उसकी उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी के एएसआई सुशीला ट्यूब पुलिस जवान महेंद्र कुमार और विकास कुमार अस्पताल पहुंचकर महिला से घटना के बारे में जानकारी लिया।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## लोगों की समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया।जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।आज के जन शिकायत निवारण में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, सेवा पुस्तिका नहीं मिलने से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

# हिंदूवादी संगठनों ने मनाया शहादत दिवस, छोटू व विनोद को किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** हिंदूवादी संगठनो ने 19 वीं पूण्य तिथि पर छोटू साव व बिनोद यादव को नमन करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इसके अलावा दोनों के पुण्य तिथि को शाहदत दिवस के रूप में मनाया गया. यहाँ उल्लेखनीय है कि सात अप्रैल 2006 को रामनवमी जुलुस के दौरान हुई पुलिस फायरिंग में छोटू साव व बिनोद यादव की मौत हो गयी थी. तब से हिंदूवादी संगठन प्रत्येक वर्ष सात अप्रैल को शहादत दिवस के रूप में मनाते है. इसके अलावा श्रधांजलि सभा का भी आयोजन करते है. सोमवार को हिंदूवादी संगठनो ने विश्रामपुर वर मुहल्ला स्थित छोटू चौक के पास श्रधांजलि सभा का आयोजन किया. श्रधांजलि शभा में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओ के अलावा स्थानीय लोगो ने भी छोटू व बिनोद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. छोटू व बिनोद के सम्मान में लोगो ने दो मिनट का मौन भी रखा. श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता पंकज कुमार लाल ने किया. मौके पर राजकुमार मेहता, मुन्नू बक्सराय, शशि रंजन ठाकुर, स्व छोटू साह के पिता राजू साह, कुकू पासी, अमृतेश्वर दयाल, राघवेंद्र कुमार, राजू केशरी, सत्यम सोनी, संतोष ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# मोदी सरकार की नाकामी से भारतीयों का शेयर बाजार में 19 लाख करोड़ डूबा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज पटेलनगर स्थित आवास पर प्रेस बयान जारी कर कहा है कि पीएम मोदी की ह्वाईट हाउस में उपस्थिति के दरम्यान उनके चहेते मित्र अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत आदि देशों के खिलाफ 26त्न टैरिफ लगाने की घोषणा के भयावह परिणामों से बेखबर मोदी सरकार की आर्थिक मोर्चे पर भीषण विफलता की वजह से भारतीयों का शेयर बाजार में 19 लाख करोड़ रुपया डूब गया, जिसके लिए मोदी सरकार जिम्मेदार है।जारी बयान में उन्होंने कहा है कि जिस समय अमेरिकी टेरिफ रुपि आर्थिक आतंक से



निपटने के लिए मोदी सरकार को काम करना चाहिए था,उस समय मुसलमानों को सबक सिखाने के लिए पार्लियामेंट के अन्दर वक्फ संशोधन विधेयक को पास कराने के लिए सरकार जोड़-तोड़ में लगी थी। ऐसी निकम्मी, अराजक व साम्प्रदायिकता की कोख से उत्पन्न सरकार की वजह से नोटबंदी के बाद देश के शेयर निवेशकों की कमर तोड़नेवाला यह अविस्मरणीय भयावह घटना है, जिसकी उच्चस्तरीय समीक्षा होनी चाहिए। बयान के अंत में जेकेएम अध्यक्ष ने कहा है कि तब जबकि विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमत में भारी गिरावट हो रही है,तब देश में डीजल/पेट्रोल की कीमत में 2 प्रति लीटर की वृद्धि किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। भीषण महंगाई से जूझ रही जनता की रसोई में 50 महंगा गैस सिलिंडर खरीदने पर मजबूर करना निंदनीय है।हम सरकार से उक्त वृद्धि को अविलम्ब वापस लेने की मांग करते हैं।

## जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा श्री बंशीधर नगर, निकली भव्य शोभायात्रा, रामभक्ति में डूबा शहर



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी के अवसर पर श्री बंशीधर नगर एक बार फिर रामभक्ति के महासागर में पूरी तरह डूब गया। हजारों रामभक्तों की उपस्थिति में निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा ने शहर को राममय कर दिया। हर गली, हर मोड़ और हर घर से गूंज रहे थे वही दो शब्द–जय श्रीरामज जय श्रीराम। रविवार की संध्या शहर की गलियों, चौक-चौराहों और मंदिरों में बस एक ही स्वर गूंज रहा था–एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम, जय श्रीराम! लालाबागी गोसाईबाग से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई शोभायात्रा ने चचेरिया, बस स्टैंड, अहिपुरवा मोड़, हेन्हों मोड़ होते हुए हनुमान मंदिर तक की यात्रा तय किया। हजारों राम भक्तों की भागीदारी वाली इस शोभायात्रा ने अपने भव्य स्वरूप और अनुशासन से नया कीर्तिमान रच दिया। वापसी में जुलूस पुनः उसी मार्ग से गुजरते हुए बस स्टैंड पहुंचकर संपन्न हुआ।श्रीराम सेना के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा में राम दरबार, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, हनुमान सेना सहित कई भव्य झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्हें देखने के लिए शहरवासियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।रामभक्तों ने पारंपरिक वेशभूषा और शस्त्रों के साथ भाग लिया। युवाओं द्वारा लाठी प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी÷ जैसे भक्ति गीतों पर भक्तगण झूम उठे। भगवा ध्वज लहराते हुए युवाओं की टोली ने पूरे शहर को केसरिया रंग में रंग दिया। चप्पे-चप्पे पर 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ माहौल भक्तिमय बना रहा।श्रीराम सेना, हिन्दू सेना, महावीर दल, भगवा दल, बजरंग दल सहित कई संगठनों ने शोभायात्रा की अगुवाई किया। शहर के प्रमुख स्थलों पर महावीरी पताकाएं और आकर्षक सजावट देखी गई।चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ की ओर से बस स्टैंड पर शरबत, बिस्किट, ठंडा पानी की व्यवस्था की गई। अंजुमन कमेटी ने चचेरिया में पानी-पिलावन की सेवा दिया। समाजसेवी राहुल जायसवाल द्वारा थाना के सामने फ्रूटी और छाछ वितरण किया गया।

**सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद** रामनवमी के मद्देनजर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में पूरे शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह और थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक स्वयं शोभायात्रा की निगरानी करते दिखे। बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक और प्रमुख चौकों पर ब्रैकेटिंग व्यवस्था लागू रही।विधायक अनंत प्रताप देव, युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, डॉ. संतोष कुमार, श्रीराम सेना के संरक्षक अशोक जायसवाल, रजनीकांत मधुर (अध्यक्ष), ऋतुराज जायसवाल (सचिव), नित्यानंद कुमार (उपाध्यक्ष), दिनेश गुप्ता (कोषाध्यक्ष), आशीष अग्रवाल, अमित जायसवाल, नीरज जायसवाल, प्रताप जायसवाल, मनोज मंटू, आशीष सोनू, उमेश चाहत, वीरेंद्र अग्रहरी, कमलेश मेहता, सुमित कलवार, राजू मेहता, उज्ज्वल अग्रहरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाजसेवी शोभा यात्रा में उपस्थित रहे।

## पूर्व नप अध्यक्ष ने आवेदन देकर जल मीनार व चापानल बनवाने की किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकरभीषण गर्मी को देखते हुये नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 17 वार्डो में लगे सोलर जलमीनार तथा चापानलों को दुरुस्त कराने की मांग किया है।कार्यपालक पदाधिकारी को दिये आवेदन में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 17 वार्डो में तीन तीन सोलर जलमीनार लगे हैं, जिसे दुरुस्त कराने की आवश्यकता है। नगर पंचायत क्षेत्र के कई सार्वजनिक स्थलों पर चापानल लगा है जो खराब है।खराब चापानलों की मरम्मती कराकर नगर पंचायत क्षेत्र वासियो को शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाय।कई सोलर जलमीनार खराब होने की सूचना मिली है।जिससे वहां के लोगो को पेयजल के लिये काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।भारतीय स्टेट बैंक के बगल में लगा सोलर जलमीनार लगभग 6 माह से खराब पड़ा है। सभी खराब जल मीनारों को तत्काल ठीक कराकर चालू कराया जाय ताकि लोगों को पेयजल के लिये परेशानियों का सामना नही करना पड़े।

# पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के जपला स्थित कार्यालय में कार्यकर्ताओ का हुआ जुटान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के जपला स्थित आवासीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के हुसैनाबाद ग्रामीण, उद्धार और नगर मंडल की संगठनात्मक बैठक मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने की। जिसमें मंडलों से आए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि बैठक का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि आगामी नगर पंचायत समेत अन्य चुनावों की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का आह्वान किया कि जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ को सशक्त बनाने में सभी को एक जुट



होकर कार्य करने की जरूरत है। कमलेश कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत हमारे जमीनी कार्यकर्ता हैं। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना सभी की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के विकसित भारत के सपने को हर घर तक पहुंचाना है। भाजपा के युवा नेता सूर्या सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उदाहरण देते हुए कार्यकर्ताओं को कहा कि नरेंद्र मोदी जी जब संगठन में थे, तो उन्होंने वर्षों तक बिना किसी पद के देशभर का दौरा किया, जनता से जुड़े, उनकी समस्याएं सुनीं, समाधान सुझाए। उन्होंने नेतृत्व नहीं मांगा सेवा दी, और सेवा ने ही उन्हें नेतृत्व तक पहुंचाया। बिना पद की चिंता किए, बिना आगे बढ़ते जाना है। मंजिल जरूर मिलेगी।बैठक में क्षेत्रीय मुद्दों, जन समस्याओं और विकास कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव रखते हुए संगठन को और प्रभावशाली बनाने हेतु विभिन्न प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, जिला महामंत्री सोमेश सिंह, रंजीत पासवान, उदय विश्वकर्मा, संतोष सिंह, अखिलेश मेहता, योगेंद्र सिंह, अजित सिंह, कृष्ण सिंह, प्रदीप पासवान, अजय गुप्ता, ओमप्रकाश राजवंशी के अलावा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

# पोषण पखवाड़ा के तहत निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप करें गतिविधियों का आयोजन : उपायुक्त

## पलामू जिले में शुरू हुआ पोषण पखवाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले में 8 मार्च से पोषण पखवाड़ा की शुरूआत हुई। यह पखवाड़ा 22 मार्च तक चलेगा। इस दौरान जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से कई कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त शशि रंजन ने पोषण पखवाड़ा के तहत आज समाहरणालय परिसर में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पर्यवेक्षिकाओं सहित अन्य को सही पोषण की शपथ दिलाई। वहीं समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त शषि रंजन ने पोषण पखवाड़ा के तहत निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन कराने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कैलेंडर के अनुरूप जिला, प्रखंड एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में




गतिविधियों को आयोजन करना सुनिष्चित करें। बच्चे, युवा एवं महिलाओं का स्वास्थ्य अच्छा होना आवष्यक है। उन्होंने जिला समाज कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों को बेहतर समन्वय के साथ पखवाड़ा को सफल बनाने का निदेश दिया। पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इसका मुख्य थीम जीवन के पहले हजार दिवास का महत्व, लाभार्थी माड्यूल को लोकप्रिय बनाना, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन राज्य भर में राल आउट एवं बच्चों में मोटापे को नियंत्रण करने हेतु स्वस्थ जीवन शैली अपनाना है। बैठक एवं शपथ कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सहित जिले के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।


**जागरूकता रैली निकाली**

इसके पूर्व महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की बैनर तले सही पोषण, देश रोशन को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान के हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। उनके ही नेतृत्व में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पर्यवेक्षिकाओं ने स्थानीय परिषदन भवन से जागरूकता रैली निकालकर साहित्य समाज चौक, हॉस्पिटल चौक, छहमुहान, कचहरी चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचीं, जहां उपायुक्त द्वारा शपथ दिलाए जाने के बाद जागरूकता रैली समाप्त हुई। जागरूकता रैली में योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं भी शामिल थीं।

## आश्रित प्रमाण पत्र के लिये सीआईएसएफ जवान काट रहा है चक्कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा जिले में अफसरों की मनमानी चरम पर है। मनमानी का आलम यह है कि देश की सुरक्षा में तैनात जवान को आश्रित प्रमाण पत्र के लिये अंचल कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। यह मामला जिले के भवनाथपुर अंचल कार्यालय का है। यहां सीआईएसएफ के जवान को 10 दिनों से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहा है।बावजूद इसके जब प्रमाण पत्र नहीं बना तो उन्होंने एसडीओ से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भवनाथपुर अंचल अंतर्गत मकरी गांव निवासी व सीआईएसएफ का जवान छोटन कुमार यादव आश्रित प्रमाण पत्र बनवाने के लिये जरूरी कागजात के साथ अंचल कार्यालय में आवेदन दिया था। आवेदन देने के बाद वे प्रमाण पत्र के लिये लगातार दौड़ते रहे। किंतु दस दिन बीत जाने के



बाद भी अंचल कार्यालय से उसे प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है। अंचल कार्यालय से थक कर उक्त जवान ने अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर कर्मियों को अपनी समस्या को बताई तथा शीघ्र ही प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। अनुमंडल कार्यालय के द्वारा उक्त जवान को आश्रित प्रमाण पत्र बनवाने के लिये एक फॉर्मेट देकर उसे अंचल कार्यालय भेज दिया गया तथा कहा गया कि इसी फॉर्मेट में अंचल कार्यालय में जाकर आप बनवा लें। अंचल कार्यालय में जाने के बाद किसी ने उक्त जवान की बात नहीं सुनी और न ही उक्त फॉर्मेट लिया। उन्होंने अंचल कार्यालय में अपना दुखड़ा सुनाया कहा कि उनकी छुट्टी खत्म हो गई है मुझे वापस जाना है। किंतु अंचल कार्यालय के द्वारा उसकी एक नहीं सुनी गई। पुनः मंगलवार को वह अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा से मिलकर अपनी समस्या को बताया तथा आश्रित प्रमाण पत्र के लिये अनुरोध किया। एसडीओ ने उक्त जवान की शिकायत पर तत्काल एक्शन लेते हुये भवनाथपुर अंचल के सीओ के मोबाईल पर संपर्क किया। किंतु सीओ ने फोन रिसीव नहीं किया। अंत में एसडीओ ने भवनाथपुर अंचल के सीआई को मोबाईल पर कड़ी फटकार लगाई तथा तुरंत प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया। इस संबंध में छोटन कुमार यादव ने बताया कि वह माता पिता के मेडिकल से संबंधित आश्रित प्रमाण पत्र बनवाने के लिये लगातार अंचल कार्यालय एवं अनुमंडल कार्यालय का चक्कर काट रहा है। किंतु दस दिन बीत जाने के बाद भी उनका आश्रित प्रमाण पत्र नहीं बन सका है। उन्होंने बताया कि आश्रित प्रमाण पत्र बहुत जरूरी है। कंपनी की ओर से लगातार इसकी मांग की जा रही है। इसके लिये छुट्टी लेकर घर आये हैं। छुट्टी भी खत्म हो गई किन्तु प्रमाण पत्र अबतक नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को वापसी का टिकट था जिसे कैंसिल कराना पड़ा, अब उसे वापस लौटने में भी काफी परेशानी होगी। उल्लेखनीय है कि देश की सुरक्षा में तैनात जवान अपना घर बार छोड़कर ड्यूटी कर रहे हैं और सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। इसके बाद भी उक्त जवानों को एक छोटे से काम के लिये लगातार चक्कर काटना पड़ रहा है। ऐसे में उक्त जवानों को बाहर एवं अंदर दोनों मोर्चो पर लड़ना पड़ रहा है जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### अनिल कुमार मिश्रा रांची सिविल कोर्ट के नये प्रधान न्यायायुक्त किये गये नियुक्त

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने तीन जिलों के जजों की बदली कर दी। रांची, जमशेदपुर और डाल्टेनगंज में नए प्रधान जिला न्यायाधीशों की तबादला की है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी है है। अधिसूचना जारी होने के बाद इन्हें अविलंब नए पदस्थापन वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय को डाल्टेनगंज जिले का प्रधान जिला न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जमशेदपुर सिविल कोर्ट के प्रधान जिला न्यायाधीश के पद पर कार्यरत अनिल कुमार मिश्रा को रांची सिविल कोर्ट का प्रधान न्यायायुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं गिरिडीह सिविल कोर्ट के प्रधान जिला न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय को जमशेदपुर सिविल कोर्ट का प्रधान जिला न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

### पंच मंदिर में मनाया गया चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी पर्व

रांची। मंगलवार अरगोड़ा पीपर टोली तारा नगर आवासीय परिसर स्थित पंच मंदिर परिसर में इस वर्ष काफी उत्साह एवं धूमधाम से चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी पर्व मनाया गया। ज्ञात हो चैत्र माह के पहले मंगलवार को विधिवत् झंडा स्थापित कर पूजा अर्चना प्रधान पुजारी पंडित रवि शंकर पांडेय के द्वारा संपन्न किया गया था। पर्व समापन चैत्र माह की अंतिम मंगलवार को पंडित मणिकांत पाठक जी द्वारा विधिवत् पूजा अर्चना कर पहले मंगलवारी को सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित महावीरी झंडे को पंच मंदिर परिसर से संचालन समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप में हटाया ,इनमें प्रमुख तीन महावीरी झंडे को आने वाले अगले चैत्र माह की पहली मंगलवार को हर साल की भांति पुनः मंदिर परिसर में पूजा संपन्न कर स्थापित किया जाएगा। इस झंडा पूजा समापन कार्यक्रम में श्यामसुंदर सिंह , दिनेश प्रसाद ,के साथ ही अनेक गण मान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# रांची एयरपोर्ट को लगभग 45 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट अब देश के लाभदायक हवाई अड्डों की सूची में शामिल हो गया है। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में एयरपोर्ट को लगभग 45 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है, जो अब तक का सबसे बड़ा मुनाफा है। इससे पहले 2023-24 में लगभग 8 करोड़ का लाभ दर्ज किया गया था। 1941 में बने इस एयरपोर्ट से 1972 में उड़ानों का संचालन शुरू हुआ था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (ढ्ढ) के अधीन आने के बाद यह एयरपोर्ट पहली बार लगातार दो वर्षों से लाभ में है।वर्तमान में रांची एयरपोर्ट से प्रति सप्ताह लगभग 56 उड़ानें संचालित होती हैं, जिनमें बेंगलुरु के लिए 31 और कोलकाता के लिए 21 उड़ानें शामिल हैं। हाल ही में हैदराबाद के लिए भी सेवा शुरू की




गई है। यहां से एयर इंडिया एक्सप्रेस, इंडिगो, स्पाइसजेट, गो एयर जैसी प्रमुख एयरलाइंस अपनी सेवाएं दे रही हैं। हालांकि, वित्तीय लाभ के बावजूद, ग्राहक संतुष्टि के मामले में रांची एयरपोर्ट पिछड़ गया है। वर्ष 2023-24 में जहां यह छठे स्थान पर था, वहीं 2024-25 की ग्राहक संतुष्टि रिपोर्ट में यह 24वें स्थान पर आ गया है।सर्वेक्षण में यात्रियों ने पार्किंग, रेस्ट रूम की कमी, और महंगे खाद्य पदार्थों की शिकायत की। स्टाफ के व्यवहार, सफाई, ग्राउंड स्टाफ की सहायता और रेस्टोरेंट सुविधाओं को लेकर भी कई सवाल उठे हैं।रांची एयरपोर्ट देश का 27वां सबसे व्यस्त एयरपोर्ट है और अयोध्या, बरेली, प्रयागराज, तिरूपति और दरभंगा जैसे एयरपोर्ट से रैंकिंग में ऊपर है।प्रबंधन ने सुधार की दिशा में काम शुरू कर दिया है। पार्किंग व्यवस्था बेहतर करने के लिए संचालकों को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एक बड़ी पहल करते हुए, एक विधायक के पुत्र को दी जा रही निःशुल्क पार्किंग सुविधा बंद कर दी गई है।

# त्योहारों के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर उपायुक्त ने जताया आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची एक बार फिर सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकता की मिसाल बन गई। वर्ष 2025 में होली, ईद, सरहुल, छठ, चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी जैसे विविध त्योहारों को रांचीवासियों ने न केवल श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया, बल्कि एक-दूसरे के पर्वों में सहभागी बनकर भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की। उपयुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को बताया कि जिला प्रशासन की सूझबूझ, समन्वय और सजगता ने इन सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने त्योहारों के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से लेकर स्वच्छता, प्रकाश, चिकित्सा और तकनीकी निगरानी तक, हर पहलू को बारीकी से संभाला गया। शांति समितियों की सक्रियता, सोशल मीडिया की सतर्क निगरानी और संवेदनशील स्थलों पर




पुलिस बल की तैनाती ने पर्वों के उल्लास को निर्बाध बनाये रखा। इन आयोजनों से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च स्तरीय बैठकों में अधिकारियों को असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने और अफवाहों पर रोक लगाने के निर्देश दिये थे, जिसका क्रियान्वयन धरातल पर साफ दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि होली, ईद पर विभिन्न समुदायों की मौजूदगी ने भाईचारे को और मजबूत किया। आदिवासी संस्कृति का प्रतीक सरहुल पर्व अपनी शोभायात्राओं और लोक उल्लास के साथ मनाया गया। चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी के भव्य जुलूसों ने रांची की सड़कों को भक्ति और ऊर्जा से भर दिया। प्रशासन ने इस सहयोग के लिए महावीर मंडल, श्रृंगार समिति, तपोवन मंदिर समिति, डोरंडा और महानगर महावीर मंडल, केंद्रीय सरना समिति और सेंट्रल मोहर्रम कमेटी सहित सभी धार्मिक-सामाजिक संगठनों को आभार और बधाई दी। इस क्रम में पुलिस बल, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और अन्य प्रशासनिक इकाइयों के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को भी उनके कर्तव्यनिष्ठ सहयोग के लिए धन्यवाद और शुभकामनाएं दी। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने त्योहारों को सौहार्द तथा आपसी भाईचारे से मनाने के लिए सभी को धन्यवाद और आभार जताया है।

# सीएसआर मद से यातायात पुलिस को किया गया मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यातायात प्रबंधन एवं सड़क दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य से बाबा एग्रो0 फुड लिमिटेड, नगड़ी, राँची के डायरेक्टर ज्ञान प्रकाश के द्वारा सीएसआर मद के तहत (1) बेर्थ एनेलाईजर 10 (दस) अद्द, (2) स्पीड गन 10 (दस) अद्द तथा (3) बेटन लाईट- 300 (तीन सौ) अद्द पुलिस अधीक्षक, यातायात, राँची को सुपूर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची डा कैलाश कर माली ने बताया कि यातायात व्यवस्था में पुलिस को काफी मदद मिलेगी, खासकर रात्रि कज दौरान।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 11-13 अप्रैल तक रहेंगे झारखंड दौरे पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने बताया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त रामगढ़ एवं रांची के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार निर्वाचन सदन में मुख्य चुनाव आयुक्त के झारखंड भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर रहे थे।श्री के. रवि कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल को रामगढ़ में मुख्य चुनाव आयुक्त लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन 2024 में भाग लेने वाले वालेंटियर से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह वालेंटियर का निर्वाचन के दौरान हुए अनुभवों को जानेंगे। वहीं 13 अप्रैल को रांची के दशम



फॉल में बीएलओ से मुलाकात करेंगे एवं दुर्गम क्षेत्रों में उनके प्रयासों को जानेंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त बीएलओ द्वारा निर्वाचन के दौरान हाउस टू हाउस सर्वे, बीएलओ ऐप, मतदान का समय प्रबंधन इत्यादि के विषय में उनके अनुभवों को जानेंगे। श्री के. रवि कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव आयुक्त के दौरे से सम्बन्धित कार्यों को आवंटित करते हुए उसके बेहतर अनुपालन के निर्देश दिए। उन्होंने रामगढ़ एवं रांची में के कार्यक्रम स्थलों पर तैयारियों का निरीक्षण करते हुए उसे ससमय पूर्ण कर लेने को कहा।इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी श्री एवी होमकर, रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री,रांची एसएसपी श्री चंदन कुमार मौजूद थे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रामगढ़ जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारीङ्कसहङ्कउपायुक्त श्री चंदन कुमार सहित निर्वाचन के पदाधिकारी बैठक से जुड़े थे।

# शहर के दो रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट के खिलाफ निगम को हाईकोर्ट का झटका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षतावाली खंडपीठ में शहर के दो रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट के खिलाफ रांची नगर निगम की ओर से जारी नोटिस माामले में सुनवाई हुई। अदालत ने निरस्त करते हुए कहा कि आरएमसी वैसे मामले में ही कार्रवाई कर सकती है, जिस संरचना से दुर्घटना की संभावना है। इस संबंध में ग्रीका किचन एवं बार और प्राना लाउंज की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई




थी। आरएमसी ने दोनों पर अवैध निर्माण का आरोप लगाकर रूफ टॉप बार एंड रेस्टोरेंट बंद करने का आदेश दिया था।

सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया कि दोनों बार एवं रेस्टोरेंट जिस भवन में चल रहे हैं, उसका नक्शा आरएमसी से स्वीकृत है। रूफ टॉप पर केवल बार एवं रेस्टोरेंट संचालित है।जहां कुर्सी टेबल के अलावा अस्थाई संरचना बनाई गई है। इसका किचन और स्टोर स्वीकृत नक्शा के अंदर संचालित है।

दोनों रेस्टोरेंट अग्निशमन सुरक्षा के मापदंड को पूरा कर रहे हैं। विभाग से भी इन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया है। फूड सेफ्टी लाइसेंस, बार लाइसेंस आदि भी सक्षम पदाधिकारी से प्राप्त है।

आरएमसी के पास रूफ टाप बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन को लेकर कोई नियमावली नहीं है।

# गौ तस्करी, लव जिहाद और घुसपैठ चिंता के विषय हैं : मिलिंद परांडे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने झारखंड में घुसपैठ और धर्मांतरण को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि प्रदेश को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में धर्मांतरण बहुत तेजी से किया जा रहा है। मिलिंद परांडे ने मंगलवार को रांची के एक होटल में प्रेसवार्ता में घुसपैठ और धर्मान्तरण की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ जैसे जिलों में बड़े पैमाने पर घुसपैठ की




घटनाएं हुई हैं। इसी प्रकार सिमडेगा जैसे कई जिलों में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का कार्य किया गया है। गौ तस्करी, लव जिहाद, घुसपैठ चिंता के विषय हैं। इन विषयों पर जागरण और हल ढूंढने का कार्य विहिप कर रही है। परांडे ने कहा कि झारखंड के हिंदुओं और जनजातीय समुदाय के लोगों की जमीनों को लूटने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने विहिप के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों और अभियानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विहिप ने हिन्दू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति दिलाने का राष्ट्रव्यापी अभियान चला रखा है। इस क्रम में विजयवाड़ा में एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया गया था। इस वर्ष देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# रांची में व्यक्ति ने कुत्ते को मारी गोली, आरोपित गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के टाटीसिलवे इलाके में एक व्यक्ति ने कुत्ते को गोली मार दी। गोली मारने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया और गोली मारने वाले व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार टाटीसिलवे इलाके में सड़क पर रहने वाला एक कुत्ता पागल हो गया था और हाल ही के दिनों में उसने कई लोगों को काट लिया था। कुत्ते की ओर से लगातार लोगों के काटने से परेशान एक व्यक्ति ने अपने लाइसेंसी हथियार से उसे गोली मार दी, जिससे कुत्ते की मौत हो गई। जिस समय व्यक्ति ने कुत्ते को गोली मारी। इस दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया और वीडियो बनाने के बाद उसे पुलिस तक पहुंचा दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गोली मारने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि एक कुत्ते को गोली मारने की सूचना मिली है। उससे संबंधित वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध करवाया गया है। इसके आधार पर थाना प्रभारी को मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## हिन्दू महापरिवार द्वारा रामनवमी महोत्सव का भव्य आयोजन

**रांची :** हिन्दू महापरिवार ने रांची के मुख्य मार्ग फिरायालाल चौक पर पर रामनवमी के अवसर पर एक भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया है।इस अवसर पर राम जन्मोत्सव की खुशी में सामूहिक हनुमान चालीसा , धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इस पर्व का उद्देश्य हिन्दू संस्कृति, परंपरा और एकता को मजबूती से प्रकट करना था। कार्यक्रम में राजेश, सौमेन, नम्रता, स्वेता, रवि, रोहित, संदीप, पिंटू,रागिनी, रजनी, अंकित गुप्ता, सौरव, बिनय, उमा, प्रदीप, चीकू उपस्थित थे।

# खाद्य आपूर्ति और जन वितरण प्रणाली को लेकर दिया गया डीलरों को सख्त निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर समाहरणालय ब्लॉक-बी स्थित सभागार में एक अहम समीक्षा बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने की। बैठक में खाद्य आपूर्ति और जन वितरण प्रणाली से जुड़े तमाम प्रमुख पदाधिकारियों और एजेंसियों की मौजूदगी रही। बैठक में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मार्च 2025 से अप्रैल 2025 के बीच आवंटित खाद्यान्न के उठाव, परिवहन और वितरण की स्थिति की गहन



समीक्षा की गई। वहीं, चना दाल, नमक और चीनी वितरण योजनाओं में प्रगति की पड़ताल की गई। इस अवसर पर सोना-सोबरन घोती साड़ी, लुंगी वितरण योजना के तहत वितरण और भुगतान की प्रक्रिया की रिपोर्ट ली गई, और उसे समयसीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।बैठक में सबसे अधिक चिंता का विषय रहा पीपीएम एस पोर्टल पर लंबित शिकायतें। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनशिकायतों का समाधान शीघ्रता और पारदर्शिता के साथ किया जाये। सभी संबंधित पदाधिकारियों को चेतावनी दी गई कि इस मामले में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके अलावा राशन का उठाव नहीं करने वाले लाभुकों की सूची की समीक्षा करते हुये यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि कोई भी पात्र लाभुक योजना से वंचित न रहे। बैठक के अंत में मोनी कुमारी ने सभी डीलर, गोदाम प्रबंधकों, कम्प्यूटर ऑपरेटरों और परिवहन एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हों, अन्यथा कार्रवाई के लिये तैयार रहें।

# एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत को लागू करे झामुमो : प्रतुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के 14-15 अप्रैल को होने वाले 13वें अधिवेशन के अवसर पर पार्टी के संविधान में संशोधन के प्रयास पर कटाक्ष किया है।प्रतुल ने झामुमो को चुनौती देते हुए कहा कि अगर पार्टी सच में लोकतांत्रिक और प्रजातांत्रिक मूल्यों पर विश्वास करती है तो वह अपने संविधान में एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत लागू करे। प्रतुल ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा इतना हिम्मत कभी नहीं जुटा सकती।वर्तमान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। हेमंत सोरेन कभी नहीं चाहेंगे कि पार्टी पर उनकी पकड़ ढीली हो। इसलिए इस तरह के पार्टी के संविधान संशोधन की झामुमो में कोई संभावना नहीं।जबकि ऐसे बदलाव पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र के लिए अत्यंत जरूरी है।

प्रतुल ने कहा की सोरेन परिवार के आधा दर्जन से ज्यादा सदस्य सांसद, विधायक या पार्टी के विभिन्न पदों पर काबिज हैं। एक ही परिवार का पूरे तरीके से पार्टी पर कब्जा है।



प्रतुल ने कहा कि झामुमो पिछड़ों और अनुसूचित जाति समुदाय को भी हक देने की बात करती है।अब समय आ गया है कि पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष का पद इन्हीं समुदायों में से किसी एक को मिले।प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर विराजमान हेमंत सोरेन जी को बड़ा हृदय दिखाना चाहिए और एससी या ओबीसी समुदाय से किसी व्यक्ति को कार्यकारी अध्यक्ष का पद देना चाहिए।

प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, ये कोई नहीं बता सकता।लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा का अगला अध्यक्ष और अगला कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन परिवार से ही होगा। प्रजातांत्रिक मूल्यों पर चलने वाली पार्टियों और परिवारवादी पार्टियों में यही फर्क होता है।प्रतुल ने कहा कि झामुमो ने पूरे तरीके से अपने सांगठनिक चुनाव को लेकर जनता की आंखों में धूल झोंका है। कांके रोड से जो आदेश आता है, उसका अनुपालन जिला ही नहीं ब्लॉक लेवल तक की कमेटी में किया गया।झारखंड मुक्ति मोर्चा का सांगठनिक चुनाव महज आईवॉश बनकर रह गया।

# बाबूलाल मरांडी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में हेराफेरी का लगाया आरोप


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में खर्च किए गए करोड़ों रुपयों में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में भी चारा घोटाले की तरह विभिन्न कोषागार से अवैध निकासी को अंजाम दिया गया है। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा कि हेमंत सोरेन के पहले कार्यकाल के दौरान पेयजल और स्वच्छता विभाग में वर्ष 2019 से 2024 के बीच 160 करोड़ की लागत से किए गए कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि पेयजल एवं स्वच्छता



विभाग में भी चारा घोटाले की तरह विभिन्न कोषागार से अवैध निकासी को अंजाम दिया गया है। राज्य सरकार इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराए, ताकि दोषियों को सजा दिलाई जा सके। जनता के पैसों से की गई यह लूट रोकी जा सके।

## पेट्रोल, डीजल एवं गैस सिलेंडर का दाम बढ़ाये जाने का श्रमिक प्रतिनिधि ने किया विरोध



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केंद्र सरकार के द्वारा पेट्रोल,डीजल एवं गैस सिलेंडर का दाम बढ़ाए जाने का श्रमिक प्रतिनिधि सह यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव अरविंद शर्मा में कुछ और तरीके से विरोध किया है।इस संबंध में उन्होंने प्रेस बयान जारी कर कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा एलपीजी सिलेंडर पर 50 रुपये की बढ़ोतरी एवं उज्जवला गैस पर भी 50 रुपये की बढ़ोतरी इस देश के मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग के ऊपर एक बोझ है।अभी के समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत सबसे नीचे स्तर पर पहुंच चुका है फिर भी भारत सरकार आमजन को पेट्रोल डीजल महंगे भावों पर ही उपलब्ध करा रही है।अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाए जाने से शेयर बाजार में उथल-पुथल मचा है। निवेशकों के लाखों करोड़ों रुपए डूब चुके हैं। एलपीजी गैस सिलेंडर एक जरूरत का समान है, जिससे भोजन बनता है और गरीब वर्ग, मध्यम वर्ग, साधारण वर्ग उसमें राहत की उम्मीद करता है। उन्होंने भारत सरकार से मांग कि है की एलपीजी गैस सिलेंडर पर जो सब्सिडी बंद की गई है वह जरूरतमंद नागरिकों को प्रति सिलेंडर ढाई सौ रुपए की सब्सिडी देना प्रारंभ करे। उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल और गैस सिलेंडर का दाम बढ़ने से महंगाई पर इसका सीधा असर पड़ेगा और देश के लोगों को महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी।

## अर्बन क्रूजर हाइराइडर ने खासियतों में उन्नत बेहतरी के साथ गतिशीलता अनुभव को और शानदार बनाया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि उसने अर्बन क्रूजर हाइराइडर की खासियतें बेहतर (फीचर अपग्रेड) की हैं। ये खासियतें सुरक्षा, आराम और सुविधा को नये सिरे से परिभाषित करती हैं। नवीनतम बेहतरी ग्राहक-केंद्रित नवाचार के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ड्राइविंग अनुभव को शानदार बनाने के लिए इसमें मूल्यवान फीडबैक और उभरते बाजार रुझानों को शामिल किया गया है।भारत की पहली सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी के रूप में व्यापक तौर पर प्रशंसित और लोकप्रिय, अर्बन क्रूजर हाइराइडर ने पहले ही एक लाख गाड़ियों की बिक्री का रिकार्ड छू लिया है। अर्बन क्रूजर हाइराइडर की पेशकश पर बोलते हुए, श्री वरिंदर वाधवा, वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस ने कहा, ÷जैसे-जैसे एसयूवी सेगमेंट विकसित होता है, हम अपने लाइनअप को नया और बेहतर बनाते रहते हैं ताकि इसमें हम आगे रहें। आधुनिक एसयूवी खरीदारों के लिए तैयार, यह टोयोटा की शानदार गुणवत्ता, स्थिरता और ड्राइविंग आनंद को सहजता से मिश्रित करता है।इन नवीनतम अपग्रेड के साथ, हमें विश्वास है कि हाइराइडर और भी अधिक व्यापक दर्शकों को आकर्षित करेगा, जिससे भारत की सबसे अधिक बिकने वाली एसयूवी में से एक के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत होगी। बेहतर प्रदर्शन और दक्षता से कहीं अधिक, यह परिष्कृत एसयूवी हाइब्रिड प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और कनेक्टेड मोबिलिटी में नए मानक स्थापित करती है, जो आज के ग्राहकों की गतिशील आवश्यकताओं के अनुरूप भविष्य के लिए तैयार ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है।

## रामनवमी मेला में भव्य झांकी का आयोजन



**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी मेला कमिटी मवेशी हाट हिरणपुर के द्वारा उत्तर प्रदेश सोनभद्र से आए हुए कलाकारों के द्वारा भव्य झांकी का आयोजन हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी लुतफल हक, प्रखंड विकास पदाधिकारी टुडु दिलिप, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी रंजन सिंह, समाज सेवी नारायण प्रसाद, रविंद्र भगत, रंजित भगत, मोहनलाल भगत एवं समिति के अध्यक्ष पिंटू भगत ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी लुत्फल हक ने कहा कि ऐसे आयोजन से सभी लोग आपस में जुडते हैं। और समाज को एक सुत्र में बांधकर रखता है। धन्यवाद ज्ञापन मोहनलाल भगत ने किया। जहां मंच का संचालन समाज सेवी दीपक साहा ने किया। झांकी के कार्यक्रम में सर्वप्रथम झांकी के द्वारा हनुमान जी की झंकी एवं सुंदर नृत्य दिखाई गई। जिसमें दर्शन भाव विभोर हो गए। तत्पश्चात काशी के प्रसिद्ध मशाने की होली, महाकाल की झांकी, राधा कृष्ण की एक से बढ़कर एक झांकी दिखाकर कलाकारों ने समां बांधे रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कामेश्वर दास, विकास रविदास, विक्रम रविदास, उज्जवल साहा, बाबु, चंदन, आशीष, विशाल, तपन ठाकुर, लक्ष्मी देवी की भूमिका सराहनीय रही

## सीएमडी को अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल होने का दिया आमंत्रण



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंबेडकर विचार मंच के सदस्यों ने मंच के संरक्षक राजन सिंह राजा के नेतृत्व में सीसीएल सीएमडी एन.के.सिंह से मुलाकात किया. अंबेडकर चौक खलारी में चौदह अप्रैल को आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया. मंच के लोगों को कार्यक्रम की सफलता हेतू शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि दलितों एवं वंचितों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए होने वाले हर कार्य में सीसीएल यथासंभव सहयोग करेगी . इस अवसर पर मंच के संरक्षक राजन सिंह राजा के अलावा मंच के अध्यक्ष अशोक राम,सतेन्द्र खरवार, सैयद गोल्डी आदि उपस्थित थे.

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीएसआर के तहत सीसीएल सेंट्रल अस्पताल एनके एरिया के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर करकट्टा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया.इस शिविर में डॉ सत्यदीप कुमार के द्वारा स्कुली बच्चों की जांच की गयी.डॉ ने 95 बच्चों की जांच की.साथ ही बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक सलाह भी दिया.इस शिविर में नर्स सुखमनी कुजूर,फार्मासिस्ट हीरालाल मुर्मू, गोपीनाथ, पंकज कुमार,भुटकी देवी सहित स्कूल के शिक्षको का सराहनीय योगदान रहा.

# कामरेड कोकिल सिंह मुंडा का निधन पांचपरगना क्षेत्र शोक की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** मंगलवार को किसान नेता सह वरिष्ठ माकपा नेता कामरेड कोकिल सिंह मुंडा का 8 बजे निधन हो जाने से पांच परगना क्षेत्र में शोक की लहर फैल गया। झारखंड राज्य किसान सभा एवं माकपा ने कामरेड कोकिल सिंह मुंडा को सम्मान पूर्वक श्रद्धांजलि दिया गया। माकपा के 24 वीं राष्ट्रीय सम्मेलन 2 से 6 अप्रैल 2025 के पश्चात लौटते हुए ट्रेन पर कामरेड कोकिल सिंह मुंडा के निधन की सूचना मिलने पर झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने किसान नेता कामरेड कोकिल सिंह मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कोकिल सिंह मुंडा का 1975 - 77 के दौर में चल रहे किसान आन्दोलन से प्रभावित होकर किसान सभा एवं माकपा में शामिल हुए थे एवं मरणोपरांत किसान सभा एवं पार्टी के नेता के रूप में उनके योगदान एवं संघर्ष को सदैव याद रखा जाएगा। मार्क्सवादी विचारधारा के प्रबल हिमायती थे, कामरेड कोकिल सिंह मुंडा ने अपने गांव में एक दशक पूर्व जिला स्तरीय शिक्षण शिविर का सफ़ल आयोजन किए थे,देश भर में चल रहे किसान आन्दोलन के पश्चात तीनों कृषि कानून रद्द होने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा था किसान आन्दोलन ने देश की कृषि व्यवस्था,खेत व खेती को कारपोरेट के हाथों जाने से बचा दिया।जल, जंगल, जमीन के अनेकों संघर्ष में कामरेड बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले चुके थे । कामरेड कोकिल सिंह मुंडा के निधन से पांचपरगना क्षेत्र के पार्टी एवं किसान सभा की अपूरणीय क्षति हुई है। हर दिन किसान - मजदूरों एवं आदिवासियों के हितों के लिए वे छोटे छोटे समस्याओ को हल करने के लिए तत्पर रहते थे। कामरेड कोकिल सिंह मुंडा के निधन की सूचना मिलने पर राज्य कमिटी सदस्य सुरेश मुंडा, जिला सचिव दिवाकर सिंह मुंडा,लोकल कमिटी सचिव मंगल सिंह मुंडा, जिला कमिटी सदस्य अनुप दत्ता,ब्रांच सचिव थलैश सिंह मुंडा सहित भारी संख्या में ग्रामीण शव यात्रा में शामिल हुए एवं अपने पैतृक गांव कोलमा में सम्मान पूर्वक दफनाया गया। कामरेड कोकिल सिंह मुंडा अमर रहे के नारे लग रहे थे।

## महावीर मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा में लिया देशसेवा का संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** आगरटोली के महिलौंग टोली स्थित नवनिर्मित महावीर मंदिर की तीन दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा का सोमवार की रात में पूर्णाहुति आरती व भंडारा के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप व विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार शामिल हुए। इस मौके पर आयोजन समिति के द्वारा देश सेवा के लिए सामूहिक संकल्प् लिया गया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि देश की उन्नति ही हमारी उन्नति है। हमें देश के विकास व उन्नति में अपना योगदान देने की जरूरत है। ज्ञात हो कि 5 अप्रैल को प्राणप्रतिष्ठा का उदघाटन राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू ने किया था। आदित्य साहू कलश यात्रा में शामिल हुए थे। इस अवसर पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सूरज मुंडा, सचिव उपेन्द्र महतो, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुंडा, दिलीप मुंडा, जितेन्द्र मुंडा, मंगल महतो, नंदकुमार मुंडा, छोटनलाल मुंडा, करमू मुंडा, काशीनाथ महतो, महेश महतो, सहिन्द्र महतो, दूति महतो आदि उपस्थित थे।

## झामुमो का पंचायत कमेटी गठन सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी द्वारा हालमाद एवं हाकेदाक पंचायत कमेटी का गठन किया गया, जिसमें हालमाद पंचायत से अध्यक्ष सच्चिदानंद मांझी, कोषाध्यक्ष मनोरंजन महतो हाकेदाग पंचायत से.. अध्यक्ष परमेश्वर बेदिया, सचिव भृगुराम महतो, कोषाध्यक्ष रघुनाथ बेदिया को सर्वसम्मति से चुना गया पंचायत गठन कार्यक्रम में झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, उपाध्यक्ष अनिल बेदिया , संगठन सचिव अजीत कुमार महतो, प्रखंड सदस्य दिलीप महतो, किसान मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोकुल महतो, युवा मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष फलहारी महतो, पंचायत पंचायत समिति सदस्य हाकेदाग सह प्रखंड उपाध्यक्ष लखीराम बेदिया, किसान मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष फागू बेदिया, लोधा बेदिया, दिनेश बेदिया, संतोष मंडल, गंभीर बेदिया, मानिक रजवार, नारायण साव, अर्जुन बेदिया, तपन कुमार महतो, योगेश्वर बेदिया , प्रीतम बेदिया, मुख्तार आलम सुखदेव बेदिया तथा दोनों पंचायत के सक्रिय सदस्य गण उपस्थित हुए

# महामहीम राज्यपाल के साथ आईएचएम राँची के प्राचार्य का शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** महामहीम माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार के साथ होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), राँची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य ने माननीय राज्यपाल को संस्थान की अनेकों उपलब्धियां साझा करते हुए बताया की जिस उद्देश्य से पर्यटन विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा संस्थान की स्थापना की गयी उसपर संस्थान खरा उतरा है तथा बहुत हीं काम समय में आज आईएचएम रांची देशभर के सभी सरकारी होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएमस) में टॉप 3 होटल मैनेजमेंट संस्थान में अपना नाम शुमार कर एक अनोखा कीर्तिमान स्थापित किया है 7 साथ हीं बताया कि होटल एवं पर्यटन उद्योग के क्षेत्र में यह संस्थान विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ देश-विदेश में शतप्रतिशत रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रहा है। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान महामहीम ने आईएचएम रांची की सराहना करते हुए बताया की वर्तमान समय में होटल मैनेजमेंट सबसे बढ़िया रोजगारोन्मुख कोर्स है 7 इस कोर्स करने से छात्रों को आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन के क्षेत्र में देश-विदेश के प्रमुख होटलों एवं सेवा क्षेत्रों में रोजगार के साथ साथ एक बेहतर आय भी मिल रहा है 7 इस कोर्स को करने से छात्र अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकते हैं 7 इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार मडुआ लड्डू भी सप्रेम भेंट किया गया।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का क्षेत्रीय सम्मेलन आज, सारी तैयारी पूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय सम्मेलन आज बचरा ऑफिसर्स क्लब मे आयोजित की गई है। सम्मेलन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। संयोजक मंडली के साथियों ने 9 अप्रैल 2025 को होने वाले सम्मेलन को लेकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान में संगठित एवं असंगठित मजदूरों के बीच में सम्मेलन में आने का न्योता दिया गया। जनसंपर्क अभियान के तहत अशोका, पिपरवार, सीएचपी/सीपीपी राजधार साइडिंग, सैनिक, पीएलआर कंपनी सहित विभिन्न कार्यालय में मजदूर साथियों को सम्मेलन में आने का न्योता दिया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री एवं यूनियन के केंद्रीय महासचिव फागु बेसरा एंव विशिष्ट अतिथि मे जोनल सचिव जय नारायण महतो, जोनल उपाध्यक्ष राजकुमार महतो, सैनाथ गंझू, झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया सहित कई वरीय नेता भाग लेंगे एवं सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से मुख्य संयोजक इकबाल हुसैन, मोहम्मद असलम, राजू मुरमू, बाबूलाल टाना भगत, वीरू मुंडा, अनिल राम, दीपक उरांव, परमेश्वर साव, परमेश्वर गंझू, रामचन्द्र उरांव, मुकेश साव, सुनिल उरांव, जुगल सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में यूनियन के लोग शामिल थे।

## अमेज़न इंडिया 2025 के दौरान अपने आश्रय विश्राम केंद्रों के नेटवर्क को बढ़ाकर करेगी 100 तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अमेज़न इंडिया ने आज घोषणा की कि उसने 2025 के दौरान देश भर में अपने आश्रय केंद्रों के अपने नेटवर्क को बढ़ाकर 100 तक करने की योजना बनाई है। ये आश्रय केंद्र ऐसे विश्राम स्थल हैं जो ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में डिलीवरी एसोसिएट को बैठने की वातानुकूलित जगह, स्वच्छ पेयजल, इलेक्ट्रोलाइट, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा किट और जलपान की सुविधा प्रदान करते हैं। यह उद्योग में अपने किस्म की पहली पहल है जिसके ज़्यादा व्यस्त क्षेत्रों में डिलीवरी एसोसिएट (डिलीवरी कर्मियों) और लॉजिस्टिक्स भागीदारों के लिए विशिष्ट विश्राम केंद्र मुहैया कराए जाते हैं। पेट्रोल पंप और वाणिज्यिक किराये की जगहों (कमर्शियल रेंटल) पर स्थित ये केंद्र आवश्यक सुविधाओं से लैस हैं। ये आश्रय केंद्र पूरे साल भर में सप्ताह के सातों दिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक संचालित होते हैं, जो यहां आने वाले सभी डिलीवरी एसोसिएट को हर बार आने पर 30 मिनट तक निःशुल्क उपयोग की सुविधा प्रदान करते हैं। किसी भी समय 15 लोगों के साथ बैठने-आराम करने की सुविधा प्रदान करने की क्षमता वाले इन केंद्रों में सुविधाजनक पार्किंग की भी सहूलियत होती है।अमेज़न में वीपी ऑपरेशंस, भारत एवं ऑस्ट्रेलिया, अभिनव सिंह ने कहा, ÷डिलीवरी एसोसिएट का स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और आराम हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आश्रय केंद्र में स्वच्छ पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा किट और चार्जिंग पॉइंट जैसी आवश्यक सुविधाओं के साथ वातानुकूलित विश्राम क्षेत्र की भी व्यवस्था होती है। ये केंद्र डिलीवरी एसोसिएट को उनके व्यस्त शेड्यूल के दौरान आराम और सुरक्षा प्रदान करते हैं। ईकॉमर्स और लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम में सभी डिलीवरी एसोसिएट के लिए इन सुविधाओं को खोलने से पूरे लॉजिस्टिक्स समुदाय मदद मिलती है और इससे उद्योग के मानकों को ऊपर उठाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ज़ाहिर होती है। हम अब तक मिली प्रतिक्रिया से उत्साहित हैं और इस पहल के तहत पूरे भारत में 100 ऐसे केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## राय में रामनवमी एंव सरहुल मेला को सफल बनाने में प्रशासन का रहा सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के राय में इस वर्ष रामनवमी मेला एवं सरहुल मेला पूरे धूमधाम से मनाया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी,खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, खलारी थाना के एसआई रवि कुमार सोनी,राज किशोर सिंह एवं थाना के सभी सुरक्षा कर्मी का काफी सहयोग रहा है।आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी गणेश कुमार महतो ने बताया कि सरहुल पूजा एवं रामनवमी पूजा के अवसर पर राय मे 4 अप्रैल से लेकर 6 अप्रैल तक शोभायात्रा निकाली गई,साथ में रामनवमी मेला एवं सरहुल मेला का भी आयोजन किया गया था।इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित शामिल हुए।इस कार्यक्रम में खलारी थाना के सभी अधिकारी उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाने में अहम योगदान दिया।इसके लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय पाहन,सचिव दुर्गा प्रसाद महतो,कोषाध्यक्ष रुपेश कुमार महतो, मिडिया प्रभारी गणेश कुमार महतो एवं अन्य सदस्यों एवं राय पंचायत के ग्रामीणो ने खलारी थाना के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# उपायुक्त ने जलस्रोतों को दुरुस्त रखने का दिया निर्देश, योजनाओं की भी समीक्षा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें गर्मी में पेयजल आपूर्ति, मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जनमन आवास योजना, साईकिल वितरण, 15 वें वित्त आदि योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।उपायुक्त मनीष कुमार ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या से प्रभावित क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति को लेकर समीक्षा करते हुए जलमीनार, चापाकल व अन्य जलस्त्रोत की वस्तुस्थिति से अवगत हुए मरम्मती के योग्य सभी चापाकलों, जलमीनारों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त अन्य जल स्रोतों यथा तालाब, कूप को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने पंचायत सचिव को प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर लक्ष्य का 60 प्रतिशत आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत चलाये जा रहे लोग जोड़ो गड्ढा कोड़ो महाभियान अंतर्गत सभी स्वीकृत योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गड्ढा खोदने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि सभी योजनाओं में सूचना पट्ट अनिवार्य रूप से लगा रहे, इसको सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू, परियोजना पदाधिकारी मतिउर रहमान, प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक, ई पंचायत आनंद प्रकाश, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजीत टुडु, एई, जेई, पंचायत सेवक, मुखिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरकारी कार्यालयों में जवाबदेही और पारदर्शिता जरूरी : उपायुक्त अनन्य मित्तल

## दस्तावेजों के बेहतर संधारण को लेकर की समीक्षा, दिए सख्त निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने सरकारी कार्यालयों में दस्तावेजों के उचित रखरखाव और कार्यों में पारदर्शिता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को उन्होंने विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण के क्रम में पूर्व में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा बैठक की।

जिला समाहरणालय में आयोजित इस बैठक में स्थापना प्रभारी चंद्रजीत सिंह सहित विभिन्न




कार्यालयों के प्रधान लिपिक और लिपिक उपस्थित थे। उपायुक्त ने साफ शब्दों में कहा कि आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, सीएनसी रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, इंडेक्स रजिस्टर जैसे सभी दस्तावेजों का संधारण समय पर और व्यवस्थित ढंग से होना चाहिए।

**उन्होंने कहा कि**

सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए रिकॉर्ड का सुव्यवस्थित होना अनिवार्य है। साथ ही, कार्यालयों में आने वाले आम नागरिकों के साथ शालीन व्यवहार, योजनाओं की सही जानकारी और समय पर समस्याओं का समाधान देना हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने अधिकारियों को चेताया कि लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**उन्होंने कहा**

कि सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी, जब प्रशासनिक व्यवस्था संवेदनशील, उत्तरदायी और प्रभावशाली हो।

## टोयोटा हाइराइडर अब और प्रीमियम, सुरक्षा और सुविधा में बड़ा अपग्रेड

**बैंगलोर/जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी अर्बन क्रूजर हाइराइडर को कई उन्नत फीचर्स के साथ अपग्रेड किया है। अब यह एसयूवी सुरक्षा, सुविधा और ड्राइविंग



अनुभव के लिहाज से पहले से कहीं ज्यादा प्रीमियम हो गई है। सभी वेरिएंट्स में 6 एयरबैग, संरचनात्मक मजबूती, अपडेटेड स्पीडोमीटर, एलईडी लाइट्स और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे फीचर्स अब मानक होंगे। कुछ वेरिएंट्स में इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, वेंटिलेटेड सीट्स, 8-वे पावर ड्राइवर सीट, रियर डोर सनशेड और एम्बिएंट लाइटिंग जैसी प्रीमियम सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। एडब्ल्यूडी वेरिएंट को अब 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन से लैस किया गया है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस, वरिंदर वाधवा ने कहा, जैसे-जैसे एसयूवी सेगमेंट विकसित हो रहा है, हम ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप अपने उत्पादों को लगातार बेहतर बना रहे हैं। नई हाइराइडर उन्नत सुरक्षा, परिष्कृत तकनीक और बेहतर आराम के साथ आधुनिक एसयूवी खरीदारों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरती है। टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर की कीमत 11.34 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है और इसकी बुकिंग अधिकृत डीलरशिप और कंपनी की वेबसाइट पर शुरू हो चुकी है।

## खरसावां में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बतख चूजा और बकरा वितरण

**खरसावां :** झारखंड सरकार के पशुपालन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत मंगलवार को वैष्णवी इंटरप्राइज रांची के द्वारा खरसावां में शत प्रतिशत अनुदान पर 70 लाभुकों को बतख चूजा व



12 लाभुको? के बीच बकरा का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य कालीचरण बानरा, प्रखंड बिकास पदाधिकारी प्रधान माझी?, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से वितरण किया। मौके पर श्री बानरा ने कहा कि सरकार ने किसानों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुधन योजना चला रही है। इस दौरान मुख्य रूप बीडीओ प्रधान माझी,जिप कालीचरण बानरा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ शंकर सिंह,सत्री कुमार आदि उपस्थित थे।

## जापान में गूंजेगा झारखंड का पाइका नृत्य, प्रभात कुमार महतो करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व


**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड की लोक कला अब जापान में भी अपनी पहचान बनाएगी। सरायकेला - खरसावां के ईचागढ़ प्रखंड के चोगा गांव निवासी व अंतरराष्ट्रीय पाइका एवं छऊ नृत्य कलाकार



प्रभात कुमार महतो जापान के ओसाका में होने वाले वर्ल्ड एक्सपो में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत सरकार की संगीत नाटक अकादमी द्वारा चयनित 25 सदस्यीय सांस्कृतिक दल में प्रभात महतो शामिल हैं। यह दल 10 अप्रैल को नई दिल्ली से रवाना होगा और 11 अप्रैल को जापान पहुंचेगा, जहां 12 से 19 अप्रैल तक नृत्य प्रस्तुतियां होंगी। प्रभात इससे पूर्व ताइवान, भूटान और हांगकांग में भी अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। रांची एयरपोर्ट पर पद्मश्री मधु मंसूरी, अनीता उरांव और सुनील महतो ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

## मोहरदा में मॉं पीताम्बरा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 9 से 11 अप्रैल तक

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** बिरसानगर जोन नंबर 2 बी, मोहरदा स्थित नवनिर्मित मॉं पीताम्बरा मंदिर में 9 से 11 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 9 अप्रैल को सुबह 6:45 बजे मोहरदा नदी से कलश यात्रा से होगी। मंगलवार को मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ हुआ। धार्मिक अनुष्ठान गुरुदेव



स्वामी हृदयानंद जी महाराज व उनकी मंडली की देखरेख में होगा। 9 अप्रैल को मूर्ति का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक तथा गणेश पूजन होगा। 10 अप्रैल को श्री गणेश प्राण प्रतिष्ठा, वास्तु पूजन व मॉं पीताम्बरा प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। अंतिम दिन 11 अप्रैल को सुबह आरती, दोपहर में प्रसाद वितरण, शाम को भजन संध्या व रात 7:30 बजे गुरुदेव का प्रवचन होगा। आयोजन मॉं पीताम्बरा शक्ति पीठ (तोयात्मा सेवा सदन) द्वारा किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय एकता मंच द्वारा मानगो में सेवा शिविर का आयोजन

**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय एकता मंच के द्वारा मानगो खुदीराम बोस चौक पर सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्री राम भक्त व श्रद्धालुओं को गुड़, चना, शीतल पेय जल दे कर उनका अभिवादन किया गया एवं मानगो के सभी अखाड़ा सदस्यों को मंचासीन व



अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मंच के संरक्षक जटाशंकर पांडे, सयोजक अजीत सिंह, अध्यक्ष बिकाश जायसवाल एवं के पी रवि, उमेश सिंह, जितेन्द्र यादव, सपन कुमार, रवि कुमार, जे पी सिंह, अनिता देवी, शिखा राय, पिंटू कुमार, श्यामल चंद्र सिंह, अशोक सिन्हा, अशोक गौड़ समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंशु सरकार को कश्मीर में मिला भारतीय एकता सम्मान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर ।** योग के क्षेत्र में देश-विदेश में कई पुरस्कार जीत चुके लौहनगरी जमशेदपुर के योगगुरु अंशु सरकार को कश्मीर में 'भारतीय एकता सम्मान-2025' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें योग के प्रति समर्पण और समाज को निरोग रखने के लिए लगातार प्रयासरत रहने हेतु दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन 6 अप्रैल, 2025 को श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (SKICC) में हुआ। यह आयोजन नेचुरो अल्टरनेटिव मेडिकल रिसर्च साइंस फेडरेशन द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर किया गया। इसमें वर्ल्ड बुक ऑफ स्टार




रिकॉर्ड्स और जेनिथ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का सहयोग रहा। अंशु सरकार को ट्रॉफी, मेडल, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. दरख्शां अंद्राबी (चेयरपर्सन, जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड) थीं। अन्य विशिष्ट अतिथियों में महामंडलेश्वर स्वामी परमात्मानंदजी महाराज (श्री पंचायती महानिर्माणी अखाड़ा, कोलकाता), डॉ. लोकनाथ नाथ, डॉ. राजीव पाल (तीनों संस्थाओं के संस्थापक निदेशक) और संतश्री भद्राचार्य (ब्रांड एम्बेसडर, वर्ल्ड बुक ऑफ स्टार रिकॉर्ड्स, सूरत) उपस्थित थे।

## झारखंड की शान बनी टाटा स्टील, लगातार आठवीं बार मिला 'स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन 2025' का खिताब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर/मुंबई :** झारखंड की धरती पर स्थापित टाटा स्टील ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर परचम लहराया है। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन ने टाटा स्टील को 'स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन 2025' के रूप में सम्मानित किया है। यह लगातार आठवां वर्ष है जब कंपनी को यह प्रतिष्ठित खिताब मिला है। यह सम्मान सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) में आयोजित वर्ल्डस्टील की बोर्ड बैठक में प्रदान किया गया, जहां विश्व की चुनिंदा स्टील कंपनियों को सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मान्यता दी गई। टाटा स्टील के सीईओ एवं




एमडी टी. वी. नरेंद्रन ने कहा, हम कटिंग- एज तकनीकों और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के साथ हरित स्टील निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। कंपनी ने हाल ही में कार्बन कैप्चर की शुरुआत की है, बायोचार का उपयोग शुरू किया है, और हाइड्रोजन ट्रांसपोर्टेशन के लिए स्टील पाइप बनाने वाली भारत की पहली स्टील कंपनी बनी है। जमशेदपुर में स्थापित टाटा स्टील की यह उपलब्धि पूरे झारखंड के लिए गौरव का विषय है।

## ईचागढ़ में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, अवैध बालू परिवहन पर उठे सवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार को झाबुआ गांव के पास एक बालू लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान आसिन स्वांसी (19 वर्ष) के रूप में हुई है, जो खुंटी जिले के आड़की थाना क्षेत्र के मारांगपीड़ी गांव का निवासी था। घटना के बाद ग्रामीणों ने घायल चालक को मिलन चौक स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर भेजा गया, लेकिन



रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। ईचागढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों की तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग के कारण इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं। बावजूद इसके प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## गम्हरिया के नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए विधायक दशरथ गागराई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** गम्हरिया प्रखंड के जयकान गांव के अखिल विश्व गायत्री परिवार को ओर से गांव के गायत्री प्रज्ञा पीठ में तीन दिवसीय नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। सोमवार को पूर्णाहुति के साथ गायत्री यज्ञ का समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न संस्कारों का आयोजन किया गया। साथ ही संगीत,भजन,प्रवचन,योग प्रदर्शन एवं दीप महायज्ञ का आयोजन किया। गायत्री महायज्ञ के समापन के दौरान खरसावां विधायक दशरथ गागराई भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस



तरह के शामिल होने से मन को सुकून मिलती है. इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना की. झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, प्यारेलाल प्रधान, सोखेन हेंब्रम, शंकर मुखी, मंगल माझी, जगदीश महतो, राजेश गोप, बबलू प्रधान समेत आयोजन समिति के सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित थे.

## पोटका विधायक ने पर्यटन मंत्री को सौंपा मांग पत्र, मुक्तेश्वरधाम व रांकिनी मंदिर में सुविधाओं की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पोटका विधानसभा क्षेत्र के धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर पोटका विधायक संजीव सरदार ने झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात कर एक महत्वपूर्ण मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में उन्होंने बाबा मुक्तेश्वरधाम, हरिणा के तालाब और रांकिनी मंदिर, जादूगोड़ा में सुविधाओं के विस्तार की मांग की गई है। विधायक सरदार ने मांग पत्र के माध्यम से कहा कि हरिणा स्थित तालाब के चारों ओर स्ट्रीट लाइट, तालाब के मध्य फव्वारा और घाट पर HDPE फ्लोटिंग डेक की स्थापना की जाए। साथ ही, रांकिनी मंदिर, जादूगोड़ा में स्ट्रीट लाइट अधिष्ठान की मांग की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिल



सके। विधायक श्री सरदार ने कहा कि बाबा मुक्तेश्वरधाम झारखंड, बंगाल और उड़ीसा के श्रद्धालुओं के लिए एक प्राचीन और पवित्र धार्मिक स्थल है। रांकिनी मंदिर, जादूगोड़ा और आस पास के इलाको में हर साल दिसंबर-जनवरी में बड़ी संख्या में लोग पिकनिक और धार्मिक आयोजनों के लिए पहुंचते हैं। रात तक कार्यक्रम चलते हैं, लेकिन पर्याप्त रोशनी न होने से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**स्थानीय जनता ने विधायक सरदार के प्रयासों की सराहना की**

स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने विधायक संजीव सरदार के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि सरकार इस प्रस्ताव को मंजूरी देती है, तो धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि वह अपने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं, जल्द ही पोटका राज्य के पर्यटक स्थलों की सूची में नंबर वन बनेगा।

## ध्यानाकर्षण रैली में राज्यकर्मियों से प्रखंड मुख्यालय आने की अपील

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारोटेफ/एनएमओपीएस पटमदा प्रखंड इकाई के बैनर तले 3 मुख्य मांगो सहित 11 सूत्री मांग पत्र पटमदा प्रखंड कार्यकारिणी प्रखंड अध्यक्ष प्रबोध कुमार महतो के नेतृत्व में बुधवार को राज्य सरकार के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी पटमदा को सौंपी । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के



लिए अध्यक्ष प्रबोध कुमार महतो ने शिक्षक संवर्ग सहित सभी संवर्ग के राज्य कर्मियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रखंड मुख्यालय आने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी (MACP) का लाभ दिलाना, राज्यकर्मियों की सेवानिवृति की उम्र 62 वर्ष किया जाना एवं शिशु शिक्षण भत्ता देना शामिल है।

## समीर अंसारी गिरफ्तार : चांडिल में स्कॉर्पियो लूट का पुलिस ने दो घंटे में किया खुलासा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र में स्कॉर्पियो लूट की घटना का पुलिस ने मात्र दो घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूटी गई सफेद स्कॉर्पियो को तमाड़ थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। इस मामले में रांची के ओरमांझी करमाटोली निवासी समीर अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में पता चला कि समीर और उसके साथी ने स्कॉर्पियो को पुरुलिया (पश्चिम बंगाल) से किराए पर लिया था। रास्ते में चालक को बहला-फुसलाकर



बिरिगोड़ा (NH-33) के पास मारपीट कर वाहन लूट लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से दो फर्जी नंबर प्लेट और एक मोबाइल भी जब्त किया है। फरार साथी की तलाश जारी है।

## आनंत मोहन की टीम ने संभाली कमान, सामाजिक सेवा के साथ नई शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर ।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा के नव-निर्वाचित अध्यक्ष आनंत मोहनका ने मंगलवार की शाम को सचिव कौशिक चौधरी और कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल के साथ बिष्टुपुर स्थित चेम्बर भवन में आयोजित एक समारोह में पदभार ग्रहण किया। मौके पर नव-निर्वाचित अध्यक्ष आनंत मोहनका ने कहा कि वे मंच को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सामाजिक कार्यों में मंच की सक्रिय भागीदारी को जारी रखने की बात कही और युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने पर बल दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पडिया, चेंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता और अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, मंच के पूर्व राष्ट्रीय सचिव नंदकिशोर अग्रवाल, मंडल-3 के उपाध्यक्ष मोहित



मूनका और प्रांतीय सचिव दीपक गोयनका की उपस्थिति रही। इस अवसर पर चेम्बर सचिव मानव केडिया, राजीव अग्रवाल सहित मंच के कई सदस्य एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समारोह में मंच के भावी कार्यक्रमों को लेकर उत्साह का वातावरण देखा गया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# न्यूनतम किराए का बड़ा टिकट

**न्यूनतम** किराया बढ़ोतरी के आयाम और पैगाम के बीच भविष्य की परिवहन अनुशंसा समझी जा सकती है। हिमाचल के यातायात साधनों की सीमित परिपाटी ने यात्री और यात्रा का विवरण बदला है। सडक़ परिवहन पर निर्भरता का आलम यह है कि हर गांव में ट्रैफिक जाम का अलार्म बज रहा है। बहरहाल सुक्खू सरकार ने अपने थैले से न्यूनतम बस किराए की पर्ची निकाल दी यानी अब बस पर बैठ कर उतरने से पहले कम से कम दस रुपए का टिकट तो लगेगा ही। इसे हम आलोचना की दृष्टि से देखें तो विपक्ष के पास खुला मैदान है, लेकिन परिवहन की मांग और इसके प्रबंधन के लिहाज से यह एक आवश्यक कदम था। इससे न केवल निजी बस आपरेटरों की मांग पूरी हो रही है, बल्कि स्थानीय ट्रांसपोर्ट के मायने भी बदल रहे हैं, लेकिन इस फैसले को न्यायोचित ठहराने के लिए बसों के रूट और समय सारिणी के अनुशासन भी निर्धारित करने होंगे। परिवहन अब एक मांग नहीं जीवनशैली की आवश्यकता और यात्रियों के व्यवहार की पुष्टि है। हिमाचल में सार्वजनिक परिवहन की जरूरतें गांव से शहर, शहर से शहर, शहरों के भीतर, अंतरराज्यीय डेस्टिनेशन, धार्मिक दर्शन, पर्यटन व आर्थिकी के विभिन्न पहलुओं से जुड़ती हैं। चामुंडा से वृंदावन बस सेवा की शुरुआत का आयाम अलग है, जबकि चामुंडा से धर्मशाला, पालमपुर, नगरोटा बगवां व कांगड़ा बस सेवा का अभिप्राय अलग है। इन दोनों सेवाओं को अलग-अलग परिप्रेक्ष्य में समझना होगा। शहरी विकास या नए नगर निगमों के प्रस्ताव को क्या हमने सार्वजनिक परिवहन की बदलती जरूरतों में समझा। क्या नगर निगमों से जुड़े गांवों को ऐसी परिवहन सुविधाओं से जोड़ा ताकि सडक़ों पर वाहनों का दबाव घटे। यात्रा सुविधाजनक, समय के अनुरूप और गतिशीलता के साथ चलाने के लिए परिवहन विभाग को अलग-अलग भौगोलिक, सामाजिक, व्यावसायिक, धार्मिक व पर्यटन मानचित्र बनाने पड़ेंगे। यह महज न्यूनतम बस किराए को पांच से दस रुपए करने की अनुशंसा नहीं, बल्कि यह भी देखना होगा कि ऐसी किराया वृद्धि से एचआरटीसी कैसे आत्मनिर्भर हो पाती है। न्यूनतम किराया वृद्धि के फलक पर अगर कई कारण मौजूद हैं, तो कई निवारण भी पैदा करने पड़ेंगे। कम से कम इससे स्थानीय बस सेवा का नेटवर्क ही स्थापित हो जाए, ताकि जनता के अलावा पर्यटकों को हमेशा टैक्सियों के मुंह मांगे दाम न चुकाने पड़ें। न्यूनतम किराया वृद्धि से पूरा परिवहन क्षेत्र संबोधित नहीं होता, खासतौर पर जहां तक इससे जुड़ी सेवाओं का ताल्लुक है। टैक्सियों की दरें तय न होने के कारण यह परिवहन में माफिया की तरह आपरेट हो रहा है। पर्यटक सीजन का नकारात्मक पहलू टैक्सियों की मनमानी दरें हैं, जबकि महानगरों में भी ओला, उबर तथा ऐसी ही ऑनलाइन परिवहन सेवाओं की उपयोगिता ने निजी वाहनों के उपयोग को घटा दिया है। चंडीगढ़ में अगर किसी को पीजीआई जाना हो या नोएडा-गुडग़ांव से दिल्ली एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशन जाना हो, तो टैक्सियों के पैमाने किराया वहन करने में समर्थ हैं, जबकि शिमला, मकलोडगंज या मनाली से हवाई अड्डों तक पहुंचना अधिकतम दरों के भी रिकार्ड तोड़ देता है। ऐसे में हर तरह के किराए में एक न्यूनतम सीमा तय हो। रज्जु मार्गों पर भी किराए की सीमा तय होनी चाहिए। मसलन धर्मशाला से मकलोडगंज अगर स्काई-वे सफर से तय करना हो तो एकतरफा 450 रुपए लगते हैं, यह हिमाचल की परिवहन जरूरतों का विकल्प कैसे हो सकता। निजी बसों के लिए न्यूनतम बस किराए की बढ़ोतरी से व्यवसाय को संबल मिलेगा, तो देखना यह होगा कि एचआरटीसी इससे कितना संभल पाती है। जाहिर तौर पर परिवहन निगम की आय के बड़े स्रोत अंतरराज्यीय बस सेवाएं रही हैं, लेकिन प्राइवेट बस आपरेटरों ने वोल्वो जैसी बसें उतार कर अपनी पैठ बना ली है। ऐसे में निगम प्रबंधन को अपनी विश्वसनीयता को लाभकारी बनाने के लिए अंतरराज्यीय बस सेवाओं की उपयोगिता को यात्री संतुष्टि से जोड़ते हुए, इन्हें मांग के अनुरूप बनाना होगा।


सडक़ परिवहन पर निर्भरता का आलम यह है कि हर गांव में ट्रैफिक जाम का अलार्म बज रहा है। बहरहाल सुक्खू सरकार ने अपने थैले से न्यूनतम बस किराए की पर्ची निकाल दी यानी अब बस पर बैठ कर उतरने से पहले कम से कम दस रुपए का टिकट तो लगेगा ही। इसे हम आलोचना की दृष्टि से देखें तो विपक्ष के पास खुला मैदान है, लेकिन परिवहन की मांग और इसके प्रबंधन के लिहाज से यह एक आवश्यक कदम था। इससे न केवल निजी बस आपरेटरों की मांग पूरी हो रही है, बल्कि स्थानीय ट्रांसपोर्ट के मायने भी बदल रहे हैं, लेकिन इस फैसले को न्यायोचित ठहराने के लिए बसों के रूट और समय सारिणी के अनुशासन भी निर्धारित करने होंगे। परिवहन अब एक मांग नहीं जीवनशैली की आवश्यकता और यात्रियों के व्यवहार की पुष्टि है। हिमाचल में सार्वजनिक परिवहन की जरूरतें गांव से शहर, शहर से शहर, शहरों के भीतर, अंतरराज्यीय डेस्टिनेशन, धार्मिक दर्शन, पर्यटन व आर्थिकी के विभिन्न पहलुओं से जुड़ती हैं। चामुंडा से वृंदावन बस सेवा की शुरुआत का आयाम अलग है, जबकि चामुंडा से धर्मशाला, पालमपुर, नगरोटा बगवां व कांगड़ा बस सेवा का अभिप्राय अलग है।


## टैरिफ के प्रभाव से अन्य देशों की तुलना में भारत कम प्रभावित होगा

# नई टैरिफ जंग में भारत कैसे उभरेगा?

डा. जयंती लाल भंडारी


ट्रंप के नए टैरिफ ऐलान से दुनिया भर के बाजारों और शेयर बाजारों में हाहाकार मच गया है। यद्यपि भारत में सरकार ने संसद में ट्रंप की नई टैरिफ नीति के मद्देनजर घरेलू उद्योगों के संरक्षण की बात कही है, लेकिन अब देश के उद्योग जगत के द्वारा टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा व अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) पर ध्यान दिया जाना होगा। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 फीसदी रही, जो करीब 77 .5 अरब डॉलर थी, निर्यात की ऐसी ऊंचाई अमेरिका को भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाती है। अतएव ट्रंप के टैरिफ से भारत के कई प्रमुख निर्यात क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं।


**दो** अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी विनिर्माण को बढ़ावा देना और व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए मित्र और विरोधी दोनों तरह के देशों पर नए पारस्परिक टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाए हैं। भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। ट्रंप के नए टैरिफ ऐलान से दुनिया भर के बाजारों और शेयर बाजारों में हाहाकार मच गया है। यद्यपि भारत में सरकार ने संसद में ट्रंप की नई टैरिफ नीति के मद्देनजर घरेलू उद्योगों के संरक्षण की बात कही है, लेकिन अब देश के उद्योग जगत के द्वारा टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा व अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) पर ध्यान दिया जाना होगा। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 फीसदी रही, जो करीब 77.5 अरब डॉलर थी, निर्यात की ऐसी ऊंचाई अमेरिका को भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाती है। अतएव ट्रंप के टैरिफ से भारत के कई प्रमुख निर्यात क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं। इनमें टेक्सटाइल और परिधान, ऑटोमोबाइल पाट्र्स, रत्न और आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उत्पाद शामिल हैं। लेकिन टैरिफ के प्रभाव से अन्य देशों की तुलना में भारत कम प्रभावित होगा। एसबीआई रिसर्च के अनुसार भारत के कुल निर्यात पर प्रभाव 3.3.5 प्रतिशत तक सीमित रह सकता है। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि ट्रंप के टैरिफ जंग में भारत के लिए घरेलू मांग, घरेलू आर्थिक घटक नए व्यापार समझौते और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन व रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों का निर्यात कारगर हथियार दिखाई दे रहे हैं। निःसंदेह देश में बढ़ते मध्यम वर्ग के कारण खपत भारत में दिखाई दे रही है। देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में प्रकाशित दि राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढक़र वर्ष 2021 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और वर्ष 2047 तक यह संख्या बढक़र 102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपए की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है। निश्चित




रूप से भारत के मध्यम वर्ग की मुठ्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपने दिखाई दे रहे हैं, उनके कारण जहां दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। निश्चित रूप से भारत डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ मार से बचने और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए नए वैश्विक व्यापार समीकरणों के साथ आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 से 29 मार्च तक नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। अब जहां नॉर्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की बातचीत शुरू की जानी चाहिए, वहीं अब भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाना होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जिस तरह पांच साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के हथियार बन गए थे, उसी प्रकार इस समय अमेरिका के टैरिफ की मार के साथ-साथ शुल्क व गैर शुल्क बाधाओं को कम करने से होने वाली किसी भी प्रकार की हानि को कम करने के मद्देनजर देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद एक मजबूत हथियार दिखाई दे रहे हैं। चूंकि इस वर्ष 2025 में वैश्विक स्तर पर खाद्यान्न उत्पादन में कमी के आकलन प्रस्तुत हुए हैं, ऐसे में ट्रंप के टैरिफ से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में होने वाली 3 से 3.5 फीसदी हानि की बहुत कुछ भरपाई खाद्यान्न और कृषि प्रसंस्करण के निर्यात से भी की जा सकेगी। निश्चित रूप से देश में बढ़ता खाद्यान्न उत्पादन और मजबूत होती ग्रामीण आर्थिकी देश की आर्थिक शक्ति बन गई है। निःसंदेह ऐसे मजबूत आर्थिक आधार के बावजूद हमें ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के साथ वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार नीति में अनिश्चितता, अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिंसों के दाम और वित्तीय बाजार में अस्थिरता तथा विदेश में व्याप्त आर्थिक निराशावाद के प्रति भी सतर्क रहना होगा। हमें इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि खाद्य कीमतों में तेज गिरावट और कम मुख्य मुद्रास्फीति के कारण नीतिगत दरों में कटौती की गुंजाइश बनती है, किन्तु घटती महंगाई और बढ़ते खाद्य उत्पादन को देखकर सरकार को कृषि क्षेत्र में लंबे समय से पसरी हुई चुनौतियों से नजर हटाने से बचना होगा। निश्चित रूप से ट्रंप के टैरिफ से इस समय देश की आर्थिकी को होने वाले किसी भी नुकसान की भरपाई के साथ भव निःसंदेह भारत के विनिर्माण क्षेत्र को संरक्षण के लिए टैरिफ पर निर्भर रहने के बजाय प्रतिस्पर्धा और कारोबार बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। भारत ने ऐतिहासिक रूप से घरेलू निवेशकों के संरक्षण के लिए ऊंचे शुल्क बनाए रखे हैं। 1991 में उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ाने के लिए उदारीकरण के लाभ मिले हैं। चूंकि टैरिफ प्रतिस्पर्धा से जुड़े हैं, अगर हम टैरिफ की आड़ में रहेंगे तो प्रतिस्पर्धी नहीं बन पाएंगे। हम उम्मीद करें कि भारत 2 अप्रैल को अमेरिका के द्वारा भारत पर लगाए गए 26 फीसदी टैरिफ की चुनौती का मुकाबला करने में सफल होगा। भारत की बढ़ती घरेलू मांग, नए व्यापार समझौते, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, बढ़ता खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और बढ़ता कृषि व खाद्य प्रसंस्करण निर्यात और घरेलू आर्थिक घटक भारत के लिए मजबूत और असरकारक आर्थिक हथियार के रूप में उपयोगिता देते हुए दिखाई देंगे। साथ ही उद्योग-कारोबार के द्वारा वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाए जाने पर भारत टैरिफ की चुनौतियों के बीच वैश्विक कारोबार बढ़ाने के मौकों को भी मुठ्ठी में लेते हुए दिखाई देगा।

दृष्टि कोण

# देवभूमि की धरा पर चरमपंथ की आहट

**राष्ट्र** के लिए बलिदान का जज्बा रखने वाला सैन्य पृष्ठभूमि का गढ़ वीरभूमि हिमाचल किसी तारूफ का मोहताज नहीं है। राज्य के सैन्य धरातल पर आतंकवाद को मुहतोड़ जवाब देकर बलिदान हुए मेजर 'संदीप सांखला', कैप्टन 'सुधीर वालिया' 'अशोक चक्र' व लखवीर सिंह 'शौर्य चक्र' तथा सूबेदार प्रेमचंद 'कीर्ति चक्र' जैसे शूरवीरों की दास्तान-ए-सुजात का अक्स नजर आता है। लेकिन पिछले कुछ अर्से से कुछ अलगाववादी ताकतें देश-दुनिया के सबसे शांतमयी राज्यों में शुमार हिमाचल प्रदेश के शांत वातावरण को दुष्प्रभावित करने में लगी हैं। पड़ोसी राज्यों के लोग आस्था की आड़ में स्थानीय दुकानदारों से बदसलूकी कर रहे हैं। अकीदतमंदों के भेस में अलगाववादी नारे लगाकर कानून को ठेंगा दिखाया जा रहा है। इतिहास साक्षी रहा है कि मजहब की बुनियाद पर हिंदोस्तान के बंटवारे से लेकर मुल्क में आगजनी, हिंसा, कट्टरपंथ व अलगाववाद जैसी हिमाकत की तखलीक के पीछे सियासत व मजहबी जमातों ने एक मखसूस किरदार अदा किया है। सियासी हुक्मरानों की तल्ख बयानबाजी तथा मजहबी रहनुमाओं की आग उगलती तकरीरें बुझी राख को भी भडक़ाने की पूरी सलाहियत रखती हैं। मौजूदा वक्त का तनाजुर भी कुछ ऐसा ही है। हिंसा में बेगुनाह इनसानियत का कत्ल हो, आगजनी की लपटों में मजहब जले, तहजीब राख हो, लोगों के आशियाने खाक हों या मासूम यतीम हो जाएं, मगर सियासत की निगाहें सियासी जमीन तराशती हैं। मजहबी जमातें सियासत को अपनी ताकत का एहसास कराती हैं। दूसरी विडंबना यह है कि आतंक के मरकज हमसाया मुल्क पाकिस्तान से सटे सरहदी राज्यों की सीमाएं हिमाचल से लगती हैं। आईएसआई सहित विदेशी खूफिया एजेंसियां भारत में चरमपंथ को बढ़ावा देने में लगी रहती हैं। हिमाचल की सरजमीं पर चरमपंथी तत्वों द्वारा अंजाम दी जाने वाली मुनज्जम वारदातों ने सन 1980 के दशक की दहशतगर्दी की याद ताजा कर दी है। जब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का संताप पड़ोसी सूबे पंजाब के साथ भारतीय सेना को भी झेलना पड़ा था। सिखों के मुकद्दस अकाल तख्त परिसर में मजबूत मोर्चाबंदी कर चुके अलगाववादियों से निपटने के लिए जून 1984 में सेना को आपरेशन 'ब्लू स्टार' के तहत सैन्य कार्रवाई करनी पड़ी थी। परिसर में की गई मजबूत किलेबंदी को ध्वस्त करने में सेना की '10 गाड्र्स' बटालियन के हिमाचली शूरवीर कैप्टन 'जसबीर सिंह रैना' ने अहम भूमिका निभाई थी। खतरनाक मिशन में बुरी तरह जख्मी होकर अपने दोनों पांव गवांने के बावजूद जसबीर सिंह मोर्चे पर डटे रहे। सैन्य मिशन में उत्कृष्ट सैन्य नेतृत्व के लिए जसबीर सिंह रैना को भारत सरकार ने शांतिकाल के सर्वोच्च पदक 'अशोक चक्र' से सरफराज किया था। आपरेशन ब्लू स्टार की कार्रवाई में सेना के 83 जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था, जिनमें 'प्रथम पैरा स्पेशल फोर्स' के सत्रह कमांडो भी बलिदान हुए थे। नायक प्रकाश चंद, जगदीश चंद व दर्शन सिंह तीनों बलिदानी कमांडो का संबंध भी हिमाचल से था। प्रथम पैरा के मेजर प्रकाश चंद कटोच 'शौर्य चक्र' ने मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सन् 1971 की जंग में पूर्वी पाक के महाज पर 'मुक्तिवाहिनी' को प्रशिक्षण देकर पाक सेना को शिकस्त-ए-फाश देने में सिख जरनैल शाबेग सिंह ने अहम किरदार अदा किया था। पाकिस्तान को तकसीम करके नए मुल्क बांग्लादेश के निर्माण में बेहतरीन सैन्य नेतृत्व के लिए भारत के राष्ट्रपति ने शाबेग सिंह को 'परम विशिष्ट सेवा मेडल' से नवाजा था। लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध में गढ़वाल राइफल्स व सन् 1965 की जंग में गोरखा राइफल्स का नेतृत्व करने वाले शाबेग सिंह सेवानिवृत्ति के बाद मजहबी कट्टरपंथ का शिकार होकर अलगाववादियों से जा मिले। अफसोस कश्मीर युद्ध में 'प्रथम पैरा' का हिस्सा रहे अजीम जरनैल आपरेशन ब्लू स्टार की सैन्य कार्रवाई में अपनी ही सेना का शिकार बन गए थे। भावार्थ यह है कि आतंकवाद ने कई घरों के चश्मो-चिराग बुझा दिए हैं। दहशतगर्दी जैसी खौफनाक स्थिति से निपटने में सियासी निजाम व राज्यों की सुरक्षा एजेंसियां नाकाम रही हैं। आतंकवाद जैसी सूरत-ए-हाल से निपटने का विकल्प केवल सेना बनी है। युद्धों व आतंक विरोधी अभियानों में शहीद हुए देश के सैनिकों की वीर वधुओं की बड़ी संख्या तस्दीक करती है कि सियासत के गलत फैसलों का खामियाजा सैन्य परिवार भुगत रहे हैं। जम्मू कश्मीर में पाक परस्त आतंक से 'राष्ट्रीय राइफल्स' के जवान निपट रहे हैं।

कुछ अलग


# स्क्रैच अच्छे हैं...

**कुछ** स्क्रैच ऐसे होते हैं जिन्हें बुरी नजर से नहीं देख सकते। लोगबाग अपने वाहनों में जबरिया स्क्रैच लगा लेते हैं ताकि नजर न लगे, लेकिन जिसे लगनी है, उसे चुन कर लग जाती है। कुछ लोग तो अपने शरीर और विचारों पर आए स्क्रैच की भी परवाह नहीं करते, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो सडक़ से सदन तक इन्हें खोजते रहते हैं। हर चुनाव के प्रचार में स्क्ैरच काम आते हैं, लेकिन दिल्ली चुनाव परिणाम के बाद सबसे अधिक घायल स्क्रैच ही दिखाई दिए। बावजूद इसके राजनीति में हमेशा कुछ स्क्रैच अच्छे होते हैं। जीती हुई पार्टियों के सामने विपक्ष के स्क्रैच अच्छे व वफादार होते हैं। दरअसल सफल नेता होना स्क्रैच फ्री होना है। हम नागरिक वर्षों से सियासी स्क्रैच देख रहे हैं, लेकिन वे नहीं देखते जिन्हें जनता देख रही है। यह देखने-देखने में अंतर है। किसी ने गंगा को हरिद्वार में देखा, किसी ने प्रयागराज में और किसी ने दोनों ही जगह सरकार के रुतबे में अपने विश्वास को देखा। वैसे स्क्रैच फ्री दृष्टि के लिए विश्वास परम उपाय है। एक बार विश्वास करो कि हम भारतीय पूरे विश्व की सबसे अव्वल नस्ल हैं, हम सारे संसार को गंदगी से भरा पाएंगे। हमारे विश्वास की कई आंखें हैं और इसीलिए बदल-बदल कर देखते हैं। आंखों की परख डाक्टर भी क्या करेंगे, जिस तरह शायरों ने की या आज के नेता करते हैं। वे हमारी आंखों के सामने ऐसा निरीक्षण कर देते हैं कि हमें सिर्फ सामने विश्वास ही विश्वास नजर आता है। हमें विश्वास था, इसलिए आंखों ने हमेशा दिल्ली पर विश्वास किया। खुद पर विश्वास करना दिल्ली चुनाव सिखा गया। यही विश्वास कांग्रेस को केजरीवाल की हार में दिखा तो सारे जन इकट्ठे हो गए। वहां खुशी इस बात की थी कि आम आदमी पार्टी की गाड़ी पर सबसे अधिक स्क्ैरच थे। उनके स्क्रैच इन्हें अच्छे लगे, वरना विधानसभा के सदन में तो यह पार्टी न पहले देख पाई और न ही अब देखने की हैसियत रखती है। हैसियत तो सबसे कमजोर मध्यम वर्ग की है। सारे देश के स्क्रैच इसी वर्ग को दर्द देते हैं। मिडल क्लास की पढ़ाई, डिग्री और रोजगार पर चस्पां स्क्रैच दिखते नहीं, सालते हैं। इसलिए जिन्होंने आईटी पढ़ा, अब उन्हें कम्प्यूटर के स्क्रैच दर्द देते हैं। दूसरी ओर सरकारी कर्मचारी तो एनपीएस से लेकर यूपीएस तक के स्क्रैच खोज लाए। सरकारी कर्मचारी इसीलिए अपनी कुर्सी पर न ज्यादा वजन डालता और न ही बैठता ताकि कहीं सेवा में कोई स्क्रैच न उभर आए। अब तो सरकारी डाक्टर भी मरीजों को निजी अस्पतालों में भेज कर सरकार के अस्पतालों को स्क्रैच फ्री बनाने लगे हैं। हमें भारत को स्क्रैच फ्री बनाना है, इसलिए अब इतिहास से खोज रहे हैं। महात्मा गांधी के चरखे, अंबेडकर के दफ्तर और नेहरू के कद में वे स्क्ैरच खोज लाए हैं। इससे इतिहास के कई नायक अब गायब होने लगे और अब इसका सामाजिक अर्थ यह कि लोग अब अपने पूर्वजों का नाम भी छुपाने लगे हैं, ताकि कहीं कोई उनमें से जाति और धर्म के स्क्रैच न खोज पाए। उस दिन राहुल घबरा गए। किसी ने कहा, 'आपकी भारत यात्रा से सडक़ों पर स्क्रैच उभर आए हैं।' जवाब था, 'नहीं भाई, वहां तो पहले से गड्ढे थे। ये गड्ढों के स्क्रैच कहां दिखाई देते। यह तो गलत इल्जाम है। मैं तो अपनी पार्टी के स्क्रैच भी नहीं देख पाया, तो मेरे कदमों के नीचे खोजने की जरूरत नहीं।' उस दिन पहली बार राहुल सोचने को मजबूर हुए, 'आखिर कितने स्क्रैच इकट्ठे करने पड़ते हैं राजनीति में सफल होने के लिए।' उस दिन से राहुल अपनी ही जमीन पर चलते हुए स्क्रैच से डरने लगे, लेकिन विरोधी गठबंधन ने मिलजुल कर अलग चुनाव चिन्ह 'स्क्ैरच' ले लिया।

देश दुनीया से

# जंगलों पर छाया इंसानों का आतंक: एक अनदेखा संकट

**हाल** ही में एक अखबार की प्रमुख हेडलाइन पढ़ी—"शहर में बंदरों और कुत्तों का आतंक"। यह वाक्य महज एक खबर नहीं, बल्कि हमारे सोचने के तरीके का प्रतिबिंब था। हमने जानवरों के शहर में आने को "आतंक" करार दिया, लेकिन कभी यह सवाल नहीं पूछा कि वो शहर में आए ही क्यों? जब कोई बंदर किसी कॉलोनी की छत पर उछलता है, या कोई कुत्ता कूड़े के ढेर में भोजन तलाशता है, तो वह कोई स्वाभाविक प्रक्रिया नहीं होती। यह उस संकट का संकेत होता है जिसे हम—मनुष्य—ने स्वयं गढ़ा है। जंगल, जो कभी इन जीवों का घर थे, अब रियल एस्टेट की परियोजनाओं, खनन कार्यों, सड़कों और डैमों की बलि चढ़ चुके हैं। आज अगर कोई सच में आतंक फैला रहा है, तो वह है इंसानी लालच और विकास का अंधा मॉडल। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में है जहाँ जैव विविधता की अद्भुत संपदा है। लेकिन यही भारत आज अपने ही जंगलों को खा रहा है। 2021 की Forest Survey of India रिपोर्ट बताती है कि भारत ने पिछले चार वर्षों में 1,100 वर्ग किलोमीटर से अधिक वनक्षेत्र खो दिया है। हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा जैसे राज्यों में यह गिरावट विशेष रूप से चिंताजनक रही है। वन कटान केवल पेड़ों का नुकसान नहीं है। यह पूरी एक पारिस्थितिकी व्यवस्था का ध्वंस है। जब हम पेड़ काटते हैं, हम न सिर्फ ऑक्सीजन के स्रोत मिटाते हैं, बल्कि हजारों पशु-पक्षियों के घर उजाड़ देते हैं। यही कारण है कि आज हमें गाँवों और शहरों के आसपास बाघ, हाथी, भालू और यहाँ तक कि तेंदुए भी दिखने लगे हैं। बंदरों का शहरों में आना आज एक आम दृश्य बन गया है। दिल्ली, वाराणसी, जयपुर, और देहरादून जैसे शहरों में बंदरों की आबादी तेजी से बढ़ी है। कारण स्पष्ट हैं—कम होती हरियाली, अधिक होता कूड़ा, और बिगड़ता पारिस्थितिक संतुलन। इसी तरह, आवारा कुत्तों की संख्या भी शहरों में नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। World Health Organization के अनुसार भारत में लगभग 3.5 करोड़ आवारा कुत्ते हैं, और हर साल हजारों लोग कुत्तों के काटने के शिकार होते हैं। मगर यह समस्या केवल स्वास्थ्य या सुरक्षा की नहीं है; यह समस्या हमारे कुप्रबंधन और लापरवाह विकास की है। हमने कूड़ा फेंकने के तरीकों को सुधारा नहीं, सार्वजनिक पशु-नियंत्रण कार्यक्रमों को प्राथमिकता नहीं दी, और अब जब जानवर हमारी बस्तियों में दिखते हैं, तो उन्हें "संकट" कह कर खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश करते हैं। जब कोई अखबार लिखता है कि "बंदरों का आतंक", तो वह केवल सूचना नहीं दे रहा होता, बल्कि एक धारणा गढ़ रहा होता है। यह धारणा कि जानवर आक्रमणकारी हैं, और हम पीड़ित। मीडिया की यही भाषा यह छिपा लेती है कि असल में हम ही उनके घरों में घुसे थे, उनकी ज़मीन छीनी, और अब जब वो अपनी जगह पाने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें दोषी ठहराते हैं। यह भाषा केवल संवेदनहीन नहीं, बल्कि खतरनाक भी है, क्योंकि इससे संरक्षण के प्रति समाज की समझ और सहानुभूति दोनों कमजोर पड़ती हैं।




एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल औसतन 100 से अधिक लोग हाथियों के हमलों में मारे जाते हैं, और दर्जनों बाघ-मानव संघर्ष की घटनाएँ सामने आती हैं। मगर इन घटनाओं के पीछे की सच्चाई यह है कि वन्यजीवों का घर सिकुड़ता जा रहा है। जंगलों में भोजन और पानी की कमी उन्हें मानव बस्तियों की ओर खींचती है। कभी-कभी वे रास्ता भटक जाते हैं, तो कभी उन्हें मजबूरी में खेतों और घरों में घुसना पड़ता है। यह संघर्ष उनके लिए भी घातक है—हर साल सैकड़ों जानवर इंसानी जवाबी हिंसा में मारे जाते हैं। भारत में Wildlife Protection Act 1972 और Forest Conservation Act 1980 जैसे सशक्त कानून हैं, लेकिन उनके लागू करने में अनेक समस्याएँ हैं। वन विभाग अक्सर संसाधनों और जनबल की कमी से जूझता है। इसके अलावा, जब विकास परियोजनाओं और वन्यजीव संरक्षण में टकराव होता है, तो अक्सर विकास को तरजीह दी जाती है, भले ही उसके दीर्घकालिक परिणाम विनाशकारी हों। इस संकट से उबरने के लिए केवल नीतियाँ नहीं, बल्कि सोच का परिवर्तन ज़रूरी है। कुछ संभावित उपाय इस प्रकार हैं: शहरी नियोजन में हरित क्षेत्र सुनिश्चित किया जाए — पार्क, बाग़-बगिचे, और वृक्षारोपण को केवल सजावटी पहलू नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी के हिस्से के रूप में देखा जाए। वन्यजीव गलियारे (wildlife corridors) विकसित किए जाएँ — जिससे जानवरों को सुरक्षित आवागमन का रास्ता मिले। कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाए — ताकि जानवर शहरी कूड़े पर निर्भर न हों। मीडिया और शिक्षा में संवेदनशीलता लाई जाए — जानवरों को 'आतंकवादी' बताने के बजाय उनके संघर्ष को समझने और सहानुभूति की भाषा अपनाई जाए। स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाए — उन्हें संरक्षण के साझेदार बनाना होगा, विरोधी नहीं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि यह धरती केवल हमारी नहीं है। जंगलों, नदियों, पहाड़ों, और समंदरों के साथ-साथ हर जीव-जंतु का इस पर उतना ही अधिकार है जितना हमारा। जब हम शहरों का विस्तार करते हैं, जब हम मॉल और एक्सप्रेसवे बनाते हैं, तब हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि किसी न किसी की ज़मीन छीनी जा रही है—कभी किसी हिरन की, कभी किसी हाथी की। हम अगर प्रकृति से लड़ते रहेंगे, तो अंततः हार हमारी ही होगी—क्योंकि प्रकृति को हराया नहीं जा सकता, बस अस्थायी रूप से दबाया जा सकता है। "बंदरों का आतंक" एक समाचार की हेडलाइन हो सकती है, लेकिन असल हेडलाइन यह होनी चाहिए थी—"जंगलों पर इंसानों का आतंक"। इस सच्चाई को स्वीकार करना कठिन है, लेकिन जरूरी है। अगर हम वास्तव में एक संतुलित, सुरक्षित और संवेदनशील समाज की ओर बढ़ना चाहते हैं, तो हमें प्रकृति से नहीं, अपने अहंकार से संघर्ष करना होगा।

आप का नजरीया

# राम पर इतना तनाव क्यों?

**हम** आश्चर्य में हैं और अपनी ही चेतना से सवाल कर रहे हैं। हम राम नवमी सहज और सौहार्द के साथ क्यों नहीं मना सकते? राम नवमी की शोभा-यात्रा और अन्य आयोजनों के लिए उच्च न्यायालय से अनुमति लेने की नौबत क्यों आती है? पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार राम नवमी पर रोड़े क्यों बिछाती रही हैं? ममता भी हिंदू हैं। राम उनके भी हैं। राम पूरे ब्रह्मांड में प्रत्येक प्राणी के हैं। राम अवतरित पुरुष हैं। ममता बनर्जी मां काली और दुर्गा की तो पूजा करती रही हैं। फिर 'जय श्रीराम' का उद्घोष उन्हें गाली-सा क्यों लगता है और वह अपना संयम खोने लगती हैं? साल-दर-साल राम नवमी के आयोजनों पर सरकारी प्रतिबंध क्यों लगाए जाते रहे हैं? संविधान ने 'धार्मिक स्वतंत्रता' का मौलिक अधिकार हिंदुओं, राम-भक्तों, को भी प्रदान किया है। क्या राम की शोभा-यात्रा आयोजित करना और आस्थाओं के साथ त्योहार मनाना भी गुनाह या पाप है? ममता बनर्जी बंगाल की मुख्यमंत्री हैं, लिहाजा प्रत्येक नागरिक की जन-प्रतिनिधि हैं, संवैधानिक अभिभावक हैं। सरकार के नाते यह उनका दायित्व है कि औसत नागरिक उल्लास और उमंग के साथ अपने पर्व मना सके, लेकिन बंगाल ही नहीं, बिहार, उप्र, महाराष्ट्र और झारखंड सरीखे राज्यों में भी, राम नवमी के दिन, राम के नाम पर ही, एक खौफनाक तनाव पसरा रहा। वहां सुरक्षा की पहरेदारियां बिठाई गईं। उप्र के तो 42 जिलों और पश्चिम बंगाल के 10 संवेदनशील जिलों में 'हाई अलर्ट' घोषित करना पड़ा। उप्र में संभल क्षेत्र 'सांप्रदायिकता का कुरुक्षेत्र' क्यों बन गया है? बंगाल के हावड़ा इलाके और उप्र के कई शहरों में सुरक्षा बलों, पुलिस को 'फ्लैग मार्च' निकालने पड़े, चप्पे-चप्पे पर पहरे और घेराबंदियां बिठा दी गईं। ड्रोन चलाए गए, सीसीटीवी से भी निगरानी करनी पड़ी। यह 'राम नवमी' त्योहार का दिन था अथवा किसी आतंकी हमले की आशंका थी? ये सुरक्षा-घेरे सहज नहीं लगे। आखिर इतने व्यापक तनाव के कारण क्या थे? क्या देश में धार्मिक सहिष्णुता समाप्त हो चुकी है? होली बनाम अलविदा जुमा, नवरात्रि बनाम ईद की नमाज सरीखे सांप्रदायिक टकराव के हालात क्यों बन रहे हैं? क्या सरकारें ही नाकाम हैं? या सरकारें ही दंगेनुमा स्थितियां पैदा करवा रही हैं? आखिर देश में यह कब तक चलता रहेगा? बंगाल में ममता सरकार बीते सालों में भी राम नवमी, दुर्गा पूजा, हनुमान जयंती सरीखे हिंदुओं के त्योहारों पर वर्जनाएं थोपती रही हैं। अंततः अदालत की शरण में जाना पड़ता है। ममता बनर्जी ने यह आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार दंगे भडक़ा रही है। इनसान को इनसान से लड़वा रही है। इसकी प्रतिक्रिया में बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने भाजपा एवं हिंदू कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि सभी अपनी गाड़ी या बाइक पर भगवा झंडा लगा कर पूरा दिन शहर में घूमते रहें। दुकानों पर भी अपनी पहचान का झंडा लगाया जाए। ऐसे बयान उत्तेजक साबित हो सकते हैं। दावा किया गया कि हजारों शोभा-यात्राएं निकाली जाएंगी और करीब 5000 जगहों पर श्रीराम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रशासन और अदालत के निर्देश हैं कि शोभा-यात्रा में कोई भी हथियार लेकर शामिल नहीं होगा। क्या राम नवमी हथियार लेकर मनाई जाती रही है? दरअसल ममता और भाजपा दोनों ही वोट बैंक को ध्रुवीकृत करने और अंततः चुनाव जीतने का खेल कर रहे हैं। अनुमान है कि शोभा-यात्राओं में करीब 1.5 करोड़ हिंदुओं ने शिरकत की। ये आयोजन प्रतीकात्मक भी हो सकते थे।

## उपायुक्त के द्वारा प्रतापपुर स्थित प्रखंड सभागार परिसर में जनता दरबार का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** उपायुक्त रमेश घोलप के द्वारा प्रतापपुर स्थित प्रखंड सभागार परिसर में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों व शिकायत पत्रों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को भेजा गया। प्रखंड के बभने पंचायत निवासी मनोज पासवान ने 15 वि वित तथा अबुआ आवास के संबंध में आवेदन पत्र समर्पित किया। जिसमें उपयुक्त द्वारा जांच की आदेश दिया गया। साथ ही प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए हुए आमजनों ने आवेदन पत्र समर्पित किया, उपयुक्त से एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामलों का निष्पादन करने का भरोसा दिया। सभी आवेदकों को उपायुक्त श्री घोलप द्वारा बताया गया कि सभी अयोग्य कार्ड धारकों को राशन कार्ड सरेंडर करने हेतु कहा गया है, तथा नियमानुसार उचित कार्यवाही की जा रही है। उपायुक्त घोलप ने सभी आवेदकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यथा- कार्य के विरुद्ध राशि का भुगतान, जमीन पर अवैध कब्जा, पीएम आवास, आपदा राहत राशि, भूमि विवाद, जमीन संबंधी अन्य मामले, मुआवजा, पीडीएस दुकानदार द्वारा राशन वितरण में अनियमितता, अतिक्रमण धोखाधड़ी, घरेलू हिंसा, रोजगार सृजन एवं आवास निर्माण आदि से संबंधित मामले भी आएं जिन्हें त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को भेजा गया। साथ ही मौके पर संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## स्वास्थ्य विभाग ने टंडवा में संचालित रानी अस्पताल और भारत अल्ट्रासाउंड को किया सील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में निर्धारित मानकों को दरकिनार कर संचालित हो रहे स्वास्थ्य केंद्रों पर जिला प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। आरसीएच ललित रंजन पाठक के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रानी अस्पताल व भारत अल्ट्रासाउंड में धावा बोला जहां भनक लगते हीं संचालक मौके से फरार हो गया। वहीं आवश्यक दस्तावेजों को खंगालने के बाद जांच टीम को कई अहम दस्तावेज भी हांथ लगे हैं, जिसके आधार पर तत्काल सील करते हुवे प्राथमिकी दर्ज करने की विभागीय तैयारी चल रही है। इसके पश्चात जांच टीम आम्रपाली परियोजना के होन्हे में संचालित स्वास्थ्य सेंटर में पहुंचकर विस्तृत जायजा लिया। बताया गया कि स्वास्थ्य केंद्र संचालन से पूर्व नियमानुसार मानकों का अनुपालन हेतु पंजीकरण कराना अत्यावश्यक है। जिसका अनुपालन अबतक नहीं किया गया है। जांच टीम को निबंधन के लिये प्रक्रियाधीन होने की जानकारी दिये जाने पर आरसीएच डॉ ललित रंजन पाठक ने असंतोष व्यक्त करते हुवे संचालकों को 15 दिनों का समय दिया। श्री पाठक ने कहा आम्रपाली प्रबंधन 15 दोनों ने निबंध नहीं करती है तो कार्रवाई करते हुए सील कर दिया जाएगा। वहीं पूछे जाने पर श्री पाठक ने बताया कि क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत देश भर में सभी नैदानिक प्रतिष्ठानों को पंजीकृत और विनियमित कराना आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग को गुमराह करने की लगातार मिल रही शिकायतों पर उपायुक्त के आदेश व सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार के निर्देश पर जांच की जा रही है। उन्होंने सख्त लहजे में हिदायत देते हुवे कहा कि समय सीमा बीतने के पश्चात स्वास्थ्य केंद्र को सील करते हुवे संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

## मैसूर में भावों को पीटा, भावो का हाथ टूटा, न्याय के लिए थाना में दिया आवेदन भावो



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत मंझगांवा पंचायत के सिंदुआरी खुर्द गांव में महुआ चुनने को लेकर भावो और भैसुर में जमकर मार पीट हुई। जिसमें घायल उर्मिला देवी अपने भैसुर ब्रह्मदेव कुशवाहा, पत्नी मालती देवी, अश्विन कुमार व अंजू कुमारी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंची। घायल महिला इन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज को लेकर थाने में आवेदन देने के बाद इलाज कराने सदर अस्पताल चतरा गई।उसने आवेदन में भैंसुर पर इज्जत से खिलवाड़ करने तथा बेरहमी से मार पीट करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि सुबह पांच से छः बजे के बीच भैंसुर तथा घर के सदस्य बुरी तरह से मार पीट करने लगे।साथ ही धमकी दिया था। कि महुआ के दिन आने दो तुम्हारी इज्जत को नर्क बना देंगे। मंगलवार को महुआ चुनने का कार्य हुआ तो मैं महुआ चुनने गई।तो वहां भैंसुर समेत अन्य ने विवाद कर डंडे से मारने लगा। जिसमें मेरा दोनों हाथ,कमर समेत जगहों में चोट लगी है। घटना के समय में अकेले थी। जब मैं जोर से चिल्लाने लगी तो बेटा तथा बेटी वहां पहुंचे।वे लोग गाली गलौज करते हुए उन्हें भी मार पीट करने लगी। जिससे लेकर थाना में आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई है।

## बीडीओ ने किया प्रखंड कर्मी एवं मुखिया के साथ समीक्षा बैठक दिये कई निर्देश



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने ऑफिस में मंगलवार को प्रखंड कर्मियों एवं पंचायत के मुखिया साथ समीक्षा बैठक किया। जहां कई निर्देश दिए। बतलाया गया कि प्रखंड के पंचायत में पेंडिंग आवास कुप आम बागवानी जैसे योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करावें।ताकि लाभुक को किसी भी प्रकार से परेशानी ना करना पड़े। बैठक में उपस्थित पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा बीपीओ रामकुमार सिंह पंचायत मुखिया जगदीश यादव निर्मला देवी कनिय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार रोजगार सेवक निर्मल कुमार पार्वती कुमारी शालिनी भारती प्रदीप कुमार सत्येंद्र कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर अभय कुमार सिंह सतीश कुमार शेखर कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

### इधर रामनवमी पर्व का इंतजाम तो उधर अपने दुश्मनी का लिया गया इंतकाम

## बानासांडी गांव में मुखवा देवी की हत्या, परिजनों का रोरो कर है बुरा हाल

### ग्रामीण हतप्रभ, आखिर क्यों की गई हत्या, गिरफ्तारी की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के बानासांडी गांव में बीते रामनवमी की रात्रि की मृतिका मुखवा देवी पति सुगन पासवान की हत्या पीट पीट कर कर दी गई है। वहीं हत्या कर लिपदा मुख्य सड़क तालाब के किनारे शव को फेंक दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते हीं रात्रि को सिमरिया पुलिस और प्रशासन ने घटना स्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाबत मृतिका मुखवा देवी के पति सुगन पासवान ने बताया कि मेरा घर स्थानीय सिमरिया थाना क्षेत्र के डाडी गांव में है। मेरा ससुराल बानासाड़ी में है। मैं अपने पत्नी और बच्चों के साथ अपने ससुराल बानासांडी में बीस वर्षों से रह रहा था। बीते शाम सात बजे रामनवमी पर्व देखने के लिए सिमरिया चौक पर आया हुआ था। देर रात्रि जब अपने घर पहुंचा तो पत्नी घर में नहीं थी घर खुला हुआ था। जबकि मेरे और मेरी पत्नी के अलावे घर में कोई नहीं था चुकी बच्ची की शादी हो चुकी है। इधर उधर खोज बिन करने लगे किंतु कोई पता नहीं चला ।अंत में देर रात्रि ग्रामीणों और राहगीरों ने देखा कि एक शव लिपदा मुख्य सड़क के किनारे तलाब के किनारे एक महिला की शव पड़ा हुआ है। यह खबर आग तरह फैल गई । इसी बीच ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन को जानकारी दी गई। पुलिस प्रशासन ने शव को कब्जा कर पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं सुबह होने पर जब घर में जांच पड़ताल किया गया तो घर में पत्नी का खून दिवाल में लगा हुआ है। वहीं पत्नी का चूड़ी टूट कर बिखरा हुआ है। मामले को लेकर मृतिका की पति सुगन पासवान थाना में लिखित आवेदन देकर कहा है कि गांव के हीं एक व्यक्ति के साथ पूर्व से जमीनी लड़ाई झगड़ा चला आ रहा है। जो इस तरह का हत्या का अंजाम वही व्यक्ति दिया है। हालांकि आवेदन में एक व्यक्ति का नाम लिखित रूप से देकर नामजद बनाया है। हत्या को लेकर परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीण इस तरह हत्या से हतप्रभ है।

## स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, रानी अस्पताल व भारत अल्ट्रासाऊंड को किया सील




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र में निर्धारित मानकों को दरकिनार कर संचालित कर रहे स्वास्थ्य केंद्रों पर मंगलवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। आर सी एच ललित रंजन पाठक के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रानी अस्पताल व भारत अल्ट्रासाउंड में धावा बोला। जहां भनक लगते ही संचालक मौके से फरार हो गया, वहीं आवश्यक दस्तावेजों को खंगालने के बाद जांच टीम को कई अहम दस्तावेज भी हाथ लगे हैं। जिसके आधार पर तत्काल अस्पताल को सील करते हुए प्राथमिक दर्ज करने की विभागीय तैयारी चल रही है। इसके बाद जांच टीम आम्रपाली परियोजना के होनहे में संचालित स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर विस्तृत जायजा लिया। बताया गया कि स्वास्थ्य केंद्र संचालन से पूर्व नियमानुसार मानकों का अनुपालन हेतु पंजीकरण कराना आवश्यक है, जिसका अनुपालन अब तक नहीं किया गया है। जांच टीम को निबंधन के लिए प्रक्रियाधीन होने की जानकारी दिए जाने पर आर सी एच डॉक्टर ललित रंजन पाठक ने असंतोष व्यक्त करते हुए संचालकों को 15 दोनों का समय दिया है। वही पूछे जाने पर श्री पाठक ने बताया कि क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत देशभर में सभी नैदानिक प्रतिष्ठानों को पंजीकृत और विनियमित कराना आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग को गुमराह करने की लगातार मिल रही शिकायतों पर उपायुक्त के आदेश व सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार के निर्देश पर जांच की जा रही है। उन्होंने सख्त लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि समय सीमा बीतने के पश्चात स्वास्थ्य केंद्रों को सील करते हुए संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल, रेफर



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज थाना क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है।हंटरगंज क्षेत्र के गया- डोभी मुख्य पथ पर हंटरगंज देवी मंडप के पास सोमवार की देर शाम एक बाइक की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार खुटीकेवाल खुर्द के नागेश्वर प्रसाद के 28 वर्षीय पुत्र रवि कुमार रामनवमी विजयादशमी जुलूस को देखने को लेकर सड़क किनारे कुर्सि लगाकर बैठा था इस दौरान डोभी की ओर से जा रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने अनियंत्रित होकर उक्त व्यक्ति को धक्का मार दिया । हादसे में युवक बुरी तरह से घायल हो गया जिसे ग्रामीणों ने आनन - फानन में 108 एम्बुलेंस से हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वही दूसरी घटना थाना क्षेत्र के केदली गांव के पास अनियंत्रित दो बाइक की सीधी टक्कर हुई जिससे दोनो बाइक चालक घायल हो गए। गोदोंबार निवासी सनोज यादव हंटरगंज से कौलेश्वरी जा रहे थे उसी दौरान कौलेश्वरी तरफ से सोमवार रात 10 बजे आ रही तेज रफ्तार बाइक ने सीधे टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक चालक युवक घायल हो गए। दूसरी आनन-फानन में ग्रामीणों ने हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया दूसरा युवक गोदाबार गांव का प्रेम भारती का 25 वर्षीय पुत्र सुकून भारती है। नहीं थम रहा तेज रफ्तार की कहर। तेज रफ्तार बाइक को स्टंट कर युवा अपनी शान समझते है युवा जानलेवा सटंट कर रहे हैं यदि प्रशासन इन युवाओं पर कभी कभी करवाई करती है बावजूद युवा बाज नहीं आ रहे हैं। यही नहीं, कुछ पैसे देकर या किसी नेता की सिफारिश लगवा कर छुट जाते हैं और उनके हौसले बढ़ जाते हैं। इसके बाद वो फिर अपनी खतरनाक रफ्तार से कभी खुद की तो कभी दूसरों को नुकसान पहुंचाते हैं। जागरुकता अभियान जरूरी है। युवा आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

## बाबासाहेब का जयंती समारोह आयोजित करने को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह अम्बेडकर भवन के प्रांगण में अम्बेडकर विचार मंच के मुख्य संरक्षक कॉमरेड बिरजू राम की अध्यक्षता में आगामी 14 अप्रैल को होने वाले बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह आयोजित करने की तैयारी को लेकर अम्बेडकर मंच से जुड़े बड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। इस दौरान बाबासाहेब की जयंती पूर्व की भांति धूम धाम से मनाने पर विचार किया गया। बैठक में अम्बेडकर मंच के संरक्षक रविन्द्र राम ने कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर का विचार देश ही नहीं दुनिया का ब्रांड बन चुका है उनके दिए हुए भारत का संविधान सभी समुदाय एवं सभी वर्ग के लोगों को हर तरह का फायदा दिलाता रहा है। मौके पर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि हमारे जैसा अदना आदमी भी आज एक जिला परिषद प्रतिनिधि है और यह संविधान का ही देन है बाबा साहब का संविधान गरीब गुरबों दबे कुचलों की शान और पहचान है। बैठक से आह्वान हुआ कि 14 अप्रैल को 11 बजे तक सभी लोग पुराना ब्लॉक प्रांगण मे पहुंचेंगे और जहां से बाबा साहब का जयंती समारोह का शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो बरवाडीह नगर का भ्रमण कर पुनः पुराना ब्लॉक प्रांगण मे वापस होगा और बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजलि होगा।

## केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्र व छात्राओं को मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण पर रांची के सांइस सिटि ले जाया गया। विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे भ्रमण से छात्र व छात्राओं को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि शैक्षिक भ्रमण छात्रों के शैक्षिक अनुभव को बढ़ाने का एक तरीका है। यह आमतौर पर स्कूल कार्यक्रम या पाठ्यक्रम का हिस्सा होता है. ऐसे आयोजनों से छात्रों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत कौशल विकसित करने का मौका मिलता है। छात्रों को नई-नई चीज़ों को जानने और समझने का मौका मिलता है. छात्रों को कक्षा में पढ़े गए विषयों को समझने में मदद मिलती है। उन्होने बताया कि इससे पहले भी विद्यालय के छात्र व छात्राओं का बेतला समेंत अन्य स्थानों मे शैक्षणिक भ्रमण के लिए भेजा जा चुका है। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के शिक्षक अगस्त राज व नेत्रपाल सिंह समेंत अन्य कई शिक्षक शामिल थे। छात्र भी साइंस सिटजि कर काफी प्रसन्न नजर आये। उन्होने साइंस सिटि में खगौलीय संरचना के अलावा विज्ञान की अन्य कई जानकारियां हासिल की। छात्रों ने अपने अनुभव सुनाते हुए इसे एक उपयोगी भ्रमण बताया।


## बीएस कॉलेज में पोषण पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में पोषण विषयक जागरूकता को लेकर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन ने भाग लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में पोषण केवल भोजन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह संपूर्ण जीवनशैली का आधार बन चुका है। युवाओं में पोषण की सही जानकारी अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे स्वयं स्वस्थ जीवन जी सकें और समाज को भी जागरूक बना सकें।प्रोफेसर नरेश कुमार पांडे ने संतुलित आहार की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सही खानपान से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। सीमा मैडम ने महिलाओं एवं किशोरियों में पोषण की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। हरि सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण संबंधी समस्याओं पर प्रकाश डाला, जबकि कृष्ण मोहनलाल राणा ने आयरन, कैल्शियम और प्रोटीन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व को रेखांकित किया। नवल किशोर प्रसाद ने बच्चों में कुपोषण की स्थिति और समाधान पर बल दिया। अनुपम कुमार मिश्रा ने कहा कि पोषण केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास से भी जुड़ा हुआ है।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पोषण के महत्व से अवगत कराना और उनके माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना था। महाविद्यालय परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## महुआडांड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन, 33 यूनिट रक्त संग्रहित




**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत जेवियर्स महाविद्यालय में 8 अप्रैल 2025 को एक दिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर यूथ रेड क्रॉस, एनएसएस, कार्मेल हॉस्पिटल, सदर अस्पताल महुआडांड़ और जिला स्वास्थ्य समिति लातेहार के सहयोग से संपन्न हुआ।शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश ने किया। उन्होंने कहा, वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है।शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य विशेषज्ञ डॉक्टरों और लैब टेक्नीशियनों की टीम द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्रोफेसर व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें कुल 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस आयोजन ने न सिर्फ मानवीय सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया, बल्कि युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई।

## रा.अ.ज आ.विद्यालय में शिक्षकों की घोर कमी, 112 छात्र शिक्षा से वंचित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय महुआडांड़ में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। विद्यालय में कुल 112 छात्र नामांकित हैं, जो हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने आए हैं, लेकिन यहां एक भी नियमित शिक्षक पदस्थापित नहीं है। बच्चों की शिक्षा सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गई है। विद्यालय का संचालन मात्र किरानी लक्ष्मण उरांव और नाइट गार्ड अशोक बड़ाइक के भरोसे हो रहा है। प्राचार्य गिरजा राम भी स्कूल में उपस्थित नहीं पाए गए। स्कूल की दुर्दशा के बारे में जब उन्हें फोन किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। विद्यालय में कक्षा 7 से 10 तक की पढ़ाई होती है। ऐसे में विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी तरह से बाधित हो रही है। छात्रों ने बताया कि शिक्षक न होने की वजह से वे पढ़ नहीं पा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अधर में लटक गया है। **घंटी टीचर भी अनुबंध समाप्ति के बाद अनिश्चितता में :** विद्यालय में तीन शिक्षिकाएं घंटी टीचर के तौर पर कार्यरत थीं, लेकिन उनका अनुबंध 31 मार्च को समाप्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि दिसंबर के बाद से वेतन भी नहीं मिला है और अब यह स्पष्ट नहीं है कि आगे उन्हें कार्य पर रखा जाएगा या नहीं। वे स्कूल आती हैं, पर उपस्थिति दर्ज नहीं करतीं। **रसोईया फरार, भोजन व्यवस्था भी लटकी :** सरकार की ओर से नियुक्त रसोइया विवेकानंद बृजिया विद्यालय में महीनों नहीं आता। बताया गया कि वह महीने में केवल एक दिन आकर हाजिरी बना लेता है और फिर लापता हो जाता है। उसके स्थान पर अनौपचारिक रूप से बुधराम नगेसिया को रखा गया था, जो अब स्वयं भी अनुपस्थित है।वर्तमान में भोजन व्यवस्था का जिम्मा निर्माण संस्था द्वारा नियुक्त लिबनुस कुजुर और निलेश नगेसिया उठा रहे हैं, जिससे बच्चों को भोजन मिल रहा है, लेकिन यह भी अनौपचारिक ढांचे पर आधारित है। **छात्रों में गहरा रोष, भविष्य को लेकर चिंता :** छात्रों राज सिंह, विवेक सिंह समेत कई अन्य ने बताया कि शिक्षक नहीं रहने से पढ़ाई बिल्कुल नहीं हो पा रही है। ऐसा लग रहा है जैसे सिर्फ उपस्थिति ली जा रही है, वास्तविक शिक्षा नहीं हो रही। उन्होंने चिंता जताई कि यदि यही स्थिति रही, तो वे अपने माता-पिता के सपनों को पूरा नहीं कर पाएंगे। **प्रशासन ने लिया संज्ञान :** अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वरीय अधिकारियों से बात की है और स्कूल में व्याप्त अव्यवस्थाओं की जानकारी दी है। अब यह देखना अहम होगा कि वरीय अधिकारी क्या कदम उठाते हैं और छात्रों के भविष्य को संवारने की दिशा में कोई ठोस पहल होती है या नहीं।

## भगवान राम के पद चिन्ह पर चलने की जरूरत : विधायक प्रकाश राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ में महावीर मंदिर पूजा समिति के नेतृत्व में रामनवमी के उपलक्षय में दसवीं को विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा भव्य शोभायात्रा सह झांकी निकाली गई। शोभा यात्रा निर्धारित मार्ग से निकलकर पुराना बस स्टैंड पहुंचा जहां समिति द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था पुरस्कार वितरण समारोह में राम भक्तों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कहा आज हमे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर समाज मे व्याप्त बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए।हम लोग भगवान राम के जन्म उत्सव के अवसर पर इस त्यौहार को मनाते हैं ।वही महावीर मंडल समिति अध्यक्ष रोशन साहू ने कहा कि उनके पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद साहू 15 वर्षो तक रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष रहे और बालूमाथ में इस त्यौहार को भव्य बनाया मेरा भी प्रयास रहेगा कि मैं उनके पद चिन्ह पर चलकर हिंदू एकता का परिचय रामनवमी और भव्य तरीके से मना पाऊं। वहीं इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विधायक प्रकाश राम एवं महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष रौशन साहू, बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी, लातेहार जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, लातेहार एसडीओ अनिल मिंज, लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया ।आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न अखाड़ा कमेटी द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत की गई ।जिसमें महावीर मंडल मुरपा मोड की ओर से कृष्ण और सुदामा की दोस्ती का वर्णन किया गया ।वही बड़का बालूमाथ रामनवमी पूजा समिति द्वारा उज्जैन से आए अघोरी कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया इसके अलावा भगवान शिव एवं नंदी महाराज की भव्य प्रतिमा भी बनाई गई थी । वही चट्टी टोला पूजा समिति के द्वारा उज्जैन के कलाकार द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया गया वहीं हरिजन मोहल्ला राम वनवास एवं महावीर मंडल बजार टांड द्वारा समुंदर मंथन चेताग एवं टमटमटोला कमेटी द्वारा भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। जिसमें से महावीर मंडल मुरपा मोड को प्रथम विजेता वही चट्टी टोला को द्वितीय बड़का बालूमाथ को तृतीय एवं टमटम टोला, चेताग और हरिजन मोहल्ला को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों को पगड़ी पहनाकर तलवार एवं मोमेंटो भेंट कर किया गया।

## खिलाड़ी अपने बेहतर प्रदर्शन से राज्य स्तर तक पहुंच बनाएं : सुरेंद्र कुमार

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन अवसर पर श्री कुमार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत की।अपने संबोधन में सुरेंद्र कुमार ने कहा कि खेलों में भी रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। खिलाड़ी यदि खेल भावना के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करें, तो वे राज्य स्तर तक अपनी जगह बना सकते हैं। संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों को अब पहले की अपेक्षा अधिक मैच खेलने का अवसर मिल रहा है, जिससे उन्हें अनुभव प्राप्त होगा और वे अपने प्रदर्शन में निरंतर सुधार कर सकेंगे।इस अवसर पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, वरीय उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, मैच रेफरी एस.बी. चौबे सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# विष्णुगढ़ में रामनवमी पर भक्तों का उमड़ा जनसैलाब, मनमोहक झांकियो ने लोगो का मन मोहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड में रामनवमी त्यौहार पूरे हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में सात अखाड़ों ने भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। बासंती रामनवमी बजरंगदल की जीवंत झाँकी बनी आकर्षण का मुख्य केंद्र, बासंती रामनवमी बजरंग दल की ओर से नवमी के दिन बाली-सुग्रीव युद्ध, सीने में बसते है राम, दूसरे दिन शिव तांडव माँ काली का रौद्र रूप, भस्मासुर वध, इसके अलावे अखाड़ा बजरंग दल में वीर हनुमान रौद्र रूप में दिखे, संकट मोचन मंदिर हॉस्पिटल चौक में वीर हनुमान विशालकाय रूप में दिखे। सातमाइल



रमुआ की झाँकी रामनवमी पूजा समिति रमुआ ने बजरंबली की विशाल काया और अतिबलवान स्वरूप को दर्शाया गया। महावीर दल करोंज मोड़ ने बजरंबली को भगवान शिव की आराधना करते हुए दिखाया गया, वहीं तेली मुहल्ला शिवशक्ति अखाड़ा आदर्श संघ ने भगवान भोलेनाथ की भव्य झाँकी प्रस्तुत की गई। अम्बेदकर चौक बजरंग दल ने वीर बजरंगी की भव्य झाँकी पेश की जो काफी आकर्षक थी। नवमी की रात को विष्णुगढ़ महासमिति के अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा ने सभी झाँकियों को हरी झंडी दिखाकर झाँकी का शुभारंभ किया। बताते चले कि झाँकी के दौरान जहां पुरुष पारंपरिक हथियारों के साथ अनोखे करतब दिखाए वहीं इस दौरान मातृशक्ति ने भी तलवार लाठियों से बेहतरीन कला कौशल का परिचय देते हुए अदभुत प्रदर्शन किया। सभी अखाड़ों में भगवान राम से जुड़े भजन एवं जयकारों से पूरा प्रखण्ड गुंजायमान हो गया।उत्साह और उमंग संग भक्ति से ओतप्रोत रामनवमी के दौरान विष्णुगढ़ पुलिस-प्रशासन भी काफी मुस्तैद दिखी, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात थे। समाजसेवियो के द्वारा झाँकियो की आराम करने व खाने की व्यवस्था की गई थी। वहीं पुलिस-प्रशासन ने पेय जल की व्यवस्था कर रखी थी। विष्णुगढ़ चिकित्सा प्रभारी ने झाँकी के दौरान करतब दिखाते वक्त चोट एवं दुर्घटना को लेकर काफी मुस्तैद दिखे, इसके लिए प्राथमिक उपचार को लेकर स्वास्थ्य विभाग से डाक्टरो की टीम भी बनाई गई थी।

# रामनवमी उत्सव शांतिपूर्ण सम्पन्न सभी का शुक्रिया : विपिन कुमार सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** मंगला जुलूसों, महाष्टमी को शस्त्र पूजन और सबसे मुख्य विष्णुगढ में सात अखाड़ों से निकलने वाली झांकियो का सफल संचालन अपने आप मे एक चुनौती पूर्ण कार्य है।विष्णुगढ़ में महासमिति का चुनाव भी इसी मद्देनजर किया गया ताकि विष्णुगढ़ में करीब 36 घंटे तक झांकियो का सही तरीके से सम्पन्न किया जा सके। इस वर्ष की रामनवमी के महासमिति के अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा ने इस चुनौती पूर्ण कार्य का सफलतापूर्वक निर्वहन किया जिसके लिए वे बधाई के पात्र है।इस संबंध में अपनी बातों को रखते हुए विष्णुगढ़ महासमिति अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा ने सभी सातों अखाड़ों के अध्यक्षो एवं उनके पदाधिकारियों को रामनवमी उत्सव को भाईचारगी एवं आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बधाई दी। साथ हीं कहा कि महासमिति के



पदाधिकारियों, विष्णुगढ़ पुलिस-प्रशासन,मीडिया बंधु, विष्णुगढ के बुद्धिजीवी वर्ग के गणमान्य लोग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो का भी रामनवमी के इस भव्य एवं सफल आयोजन में सहयोग रहा जिसके सभी को दिल से बधाई। महासमिति के सफल संचालन में संरक्षक विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, डॉ. ओमकार नाथ शर्मा, पूर्व महासमिति अध्यक्ष गोविंद शर्मा, सोबरन भगत, विनोद सिंह,वरुण कुमार, लखन प्रसाद,महासमिति उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार बर्णवाल(दीपू भाई), रामजतन स्वर्णकार, अजय साव, रवि पांडेय, अनुराग बर्मन सचिव बंटी श्रीवास्तव, गौतम भारती,गणेश कुमार शशि कुमार लाहकार,विनोद सिंह, राजकुमार कसेरा,अशोक साव, दीपू अकेला, जीवन सोनी, सुनील अकेला, राजू श्रीवास्तव, नीतीश कुमार बरनवाल समेत अन्य सभी का सहयोग रहा।

# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के दो विद्यार्थियों का अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयन, स्कूल में खुशी की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के देवचंदा मोड स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल खेल जगत में बरही के लिए एक और गौरवपूर्ण क्षण आया है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन राज्यस्तरीय अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों के नाम हैं,, अमन अली– पिता अनवर अली व सौरभ कुमार पिता– राजकुमार यादव। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अमन और सौरभ दोनों शुरू से ही क्रिकेट के प्रति गंभीर और समर्पित रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह चयन सिर्फ स्कूल ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। प्राचार्य ने





कहा कि हमारे विद्यार्थी न केवल शिक्षा में बल्कि खेलकूद में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं। यह हमारे स्कूल की समर्पित कोचिंग और बच्चों की मेहनत का नतीजा है। हमें उम्मीद है कि ये दोनों खिलाड़ी राज्य स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करेंगे और स्कूल तथा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। अमन अली और सौरभ कुमार ने अपने चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि वे कड़ी मेहनत और लगन से खेल को आगे ले जाएंगे। उन्होंने अपने कोच, परिवार और स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने हर कदम पर उन्हें समर्थन और प्रोत्साहन दिया। इन दोनों खिलाड़ियों के चयन से श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में खुशी माहौल है। स्कूल प्रशासन और विद्यार्थियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बरही में रामनवमी शांतिपूर्ण तरीके से हुआ संपन्नन

## एसडीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजनों, व सामाजिक कार्यकर्ताओं की रही अहम भूमिका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशासन ने शांति समिति सदस्यों और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया है। बता दें कि श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू और पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार स्वयं सदल बल के साथ अखाड़ा जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए लगे हुए थे। बरही चौक पर ही प्रशासन और महासमिति का वॉच टावर लगाया गया था। बरही पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बहाल के लिए भारी संख्या में महिला पुरुष पुलिस बल को







लगाया था। जगह जगह मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई गई थी। संदिग्ध स्थानों में पुलिस बल की सुरक्षा दी गई थी। ड्रोन कैमरे से जुलूस की निगरानी की जा रही थी। कहीं कहीं हल्की-फुल्की झड़प देखने को मिला, जिसे महासमिति और प्रशासन के सहयोग से सुलझा लिया गया। 32 घंटे झाकियां का दीदार सड़कों पर रहा। नवमी रात करीब 9 बजे से झाकियां सड़कों पर आना शुरू हो गया था, जो पूरे रात बरही के तीनों मार्गो का भ्रमण करते हुए दसवीं को सुबह सभी झाकियां तिलैया रोड पहुंचे, जहां पेट्रोल पंप के पास विश्राम किया। उसके बाद दसवीं का शाम छः अखाड़े की झांकियां सड़कों पर उतरी, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंचे। झांकियां तिलैया रोड से निकली देर रात तक धनबाद रोड का भ्रमण करते हुए रात्रि करीब 2ः00 बजे तक सभी झांकियां अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे। इस दौरान बरही चौक पर अनुमंडलीय अस्पताल के द्वारा मेडिकल टीम मौजूद रही। श्रद्धालुओं के लिए जनप्रतिनिधियों के द्वारा जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की गई थी। जगह जगह ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस बल लगाए गए थे।

## हाथों में लेकर निशान चल रे, हम तो बाबा के धाम चल रे

**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर एकादशी के अवसर पर पूरी तरह बाबा श्याम की भक्ति में डूबा नजर आया। शहर में भव्य और ऐतिहासिक निशान पदयात्रा का आयोजन श्याम महिला मंडल के तत्वावधान में किया गया। श्रद्धा और विश्वास से सजी इस यात्रा की शुरुआत झंडा चौक स्थित दुर्गा मंडप परिसर से पूजा-अर्चना के साथ हुई। पूजा पंडित जीवकांत झा द्वारा कराई गई जबकि यजमान के रूप में सोनिया छाबड़ा उपस्थित रहीं।निशान पदयात्रा झंडा चौक से होते हुए ओवरब्रिज, वीर कुंवर सिंह चौक, पानी टंकी रोड होते हुए श्याम मंदिर पहुंची। श्याम मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने अपने-अपने निशान बाबा श्याम को समर्पित किए। यात्रा के दौरान एक सुसज्जित वाहन में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया था, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

## पुलिस के उपर हमला करने एवं अवैध पत्थर का उत्खन्न करने मामले में एक गिरफ्तार

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के ढाब थाना अंतर्गत गोरियाडीह जंगल में पुलिस के उपर हमला करने एवं अवैध पत्थर का उत्खन्न करने मामले में एक गिरफ्तार आरोपी को गिरफ्तार किया है. इस बाबत कोडरमा एसपी ने बताया कि गोरियाडीह जंगल में विगत 29 मार्च की रात्रि में ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरियाडीह जंगल में विक्की मेहता एवं प्रवीण मेहता के द्वारा कुछ ग्रामीणों के साथ गोरियाडीह जंगल में अवैध रूप से ग्रीन पत्थर का उत्खन्न कर मालवाहक गाडियों में लोड कर तस्करी करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के सत्यापन एवं उत्खन्न करने वाले की गिरफ्तारी हेतु ढाब थाना प्रभारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम- गोरियाडीह जंगल में पहुंचकर अवैध उत्खन्न स्थल पर कार्रवाई की गई, जहां स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से ग्रीन पत्थर का उत्खन्न किया जा रहा था। पुलिस टीम को देख कर वहां मौजूद तस्करों एवं ग्रामीणों ने हरवे हथियार, लाठी-डंडा, लोहे की रॉड, और पत्थरों से पुलिस पर हमला किया, जिससे कुछ पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आई एवं सरकारी वाहन को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर वाहन को पास के गढे में धक्का देकर गिरा दिया। इस हमले के दौरान तस्करों ने मौके का फायदा उठाकर अवैध रूप से उत्खन्न किये गए ग्रीन पत्थरों को वाहन में लोड कर फरार हो गए। इस संबंध में ढाब थाना कांड संख्या- 02/25 दिनांक 30.03.2025 दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की गई।जिसके बाद गुप्त सूचना मिली की इस कांड में सलप्ति अभियुक्त सुरेश साव जो कोडरमा से ढाब की ओर जा रहा। उक्त प्राप्त सूचना के आलोक में ढाब थाना प्रभारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्ति अभिययुक्त को ढाब थाना अंतर्गत बंगाखलार मोड, ग्राम- कबराबुट से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि यह ग्रामीणों को रोजगार के प्रलोभन देकर चोरी-छिपे उत्खन्न करता था और अपने साथियों के साथ मिलकर डीटीडीसी कूरियर एवं ट्रांसपोर्ट के माध्यम से राजस्थान राज्य के जयपुर शहर के व्यापारियों को भेजा जाता था।मौके पर से आरोपी के पास से पुलिस ने एक ओप्पो कम्पनी का मोबाईल,एक लावा कम्पनी का मोबाईल,एक सीमेन्ट की बोरी में अवैध ग्रीन पत्थर भरा हुआ ( वजन करीब 50 केजी )बरामद किया गया. छापामारी दल में पु0अ0नि0 रवि प्रकाश पंडित, प्रभारी ढाब थाना, स0अ0नि0 किशोर कुमार घोष, ढाब थाना व सशस्त्र बल, ढाब थाना की भूमिका रही।

## बाइक से गिरकर एक व्यक्ति घायल

कोडरमा **(प्रभात मंत्र संवाददाता)** । कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित इंदरवा बैंक के समीप सड़क दुर्घटना मे एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान अब्दुल खान उम्र 48 पिता स्व. योनिस खान ग्राम बगरिडीह, थाना डोमचांच निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति तिलैया से अपने घर जा रहा था इसी दौरान इंदरवा बैंक के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाईकिल सवार गिर गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया। जहाँ इलाज चल रहा है।

# करमाली समाज के द्वारा गोंदलपूरा में सरहुल पर्व मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव गोंदलपूरा में प्राकृतिक पर्व सरहुल पूजा करमाली समाज के द्वारा मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता मकुन करमाली सचिव मंगरू करमाली कोषाध्यक्ष गणित करमाली व मंच संचालन प्रकाश करमाली के द्वारा किया गया। सरहुल पूजा के मुख्यातिथि बड़कागांव प्रखंड के विधायक रौशन लाल चौधरी ने विधिवत तरीके से सरना स्थल में पूजा कर व मंच का फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक रौशन लाल चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से हमारे पूर्वज जल, जंगल और जमीन को बचाते आ रहे हे और प्राकृतिक की पूजा करते आ रहे है उसी प्रकार हम सभी को मिलकर बचाना है। जिस तरह आपलोगों ने कंपनी के खिलाफ धरना दिए हैं वह पूरे भारत में प्रसिद्ध है। वही विशिष्ट अतिथि प्रमुख फुलवा देवी व जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी प्राकृतिक के पूजक है। हमे अपने धर्म को बचाए रखने के लिए







लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है।

वही पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव ने कहा कि सरना ही सनातन है इसलिए हमलोगों को अपने पूर्वजों के द्वारा किए जा रहे पूजा करने में किसी भी तरह का शर्माने की आवश्यकता नहीं है। हमें जल, जंगल और जमीन को बचाए रखने पूरा प्रयास करना चाहिए। मंच संचालन कर रहे प्रकाश करमाली ने कहा कि जिस प्रकार अभी मनुष्य के द्वारा अपने निजी कार्यो को लिए जंगलों की कटाई की जा रही है वह आने वाले दिनों में मनुष्य के लिए और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। हम लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पाएगा जिस प्रकार से अभी हमें शुद्ध जल पीने के लिए खरीदना पड़ता है उसी प्रकार आने वाले समय में हम ऑक्सीजन खरीदना पड़ेगा। मौके पर मुख्यरूप पाहन विजय करमाली, मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि फुलवा देवी, जिला परिषद सुनीता देवी, मुखिया वासुदेव यादव, भूतपूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, भूतपूर्व बादम के मुखिया दीपक दास, देवनाथ महतो, गिरजा भुइया, फालेंद्र गंझू, विमल करमाली, राहुल करमाली, विक्की करमाली, कृष्ण करमाली, रमेश तुरी, कृष्ण राणा, दीपक यादव, दीपक दास, उमेश यादव, विक्रम महतो, परमेश्वर महतो, अरुण महतो, यशोदा देवी, रेशमा देवी, विकास महतो, राहुल तुरी, ज्योति कुमारी, भूमिका कुमारी, कलावती देवी, कौशल्या देवी, शांति टूटी, सुनीता केरकेट्टा, जीवंती संगा, पूनम सुरीन मोनिका होरो, राहुल करमाली, उपेंद्र करमाली माकुनकर माली, सनी करमाली, विकास करमाली, पूनम देवी, आरती देवी, निशा देवी, पार्वती देवी, अंजली देवी, शीतल देवी व सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का बड़कागांव में भव्य स्वागत





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो और आजसू पार्टी के मांडू विधायक तिवारी महतो का बड़कागांव में माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह जिला प्रभारी कोलेश्वर गंझु ने किया। उरीमारी, विश्रामपुर, तलसवार तथा महटीकरा गांव में स्वागत किया गया। इस दौरान स्वागत के पश्चात सुदेश महतो केरेडारी के लिए रवाना हो गए। मौके पर उपस्थित लोगों में केंद्रीय सचिव अनिकेत नायक, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान, गौतम वर्मा, नागेश्वर तुरी, सुरेश महतो, वीरेंद्र महतो तपेश्वर कुमार तापस, उपेंद्र महतो, कामेश्वर महतो, गीरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र राम, मैनेजर गंझु, एतवा गंझु के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बड़कागांव में 13 अखाड़ा के द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** रामनवमी पूजा झांकी और जुलूस के साथ प्रखंड में मंगलवार देर रात को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। प्रखंड मुख्यालय में महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी के नेतृत्व में झांकी व जुलूस निकाली गई। इसमें प्रखंड मुख्यालय के मां बासंती दुर्गा पूजा समिति समेत 13 अखाड़े द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी निकाली गई। सभी अखाड़े के लोग पुरस्कार जीतने के लिए बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास किया। अखाड़े द्वारा अधिकतर जीवंत झांकी निकाली इसमें समाज को एक से बढ़कर एक संदेश देने का प्रयास किया गया। सबसे पहली झांकी सोमवार 9ः00 बजे रात को बड़कागांव कुशवाहा मोहल्ला के द्वारा सूर्य मंदिर से निकाली गई। तत्पश्चात सभी झांकी धीरे-धीरे 12ः00 रात तक निकले। बड़का गांव दैनिक बाजार, बड़कागांव मुख्य चौक,







थाना रोड, ठाकुर मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, राणा मोहल्ला, कुशवाहा मोहल्ला, गुरु चट्टी, सूर्य मंदिर हरदराबादी, नटराज नगर , अंबेडकर मोहल्ला आदि जुलूस मार्ग से झांकी व जुलूस निकाली गई। बड़कागांव दैनिक बाजार में पुरस्कार वितरण मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने राम भक्तों से मिले और रामनवमी की शुभकामनाएं दी। मंच स्थल प्रांगण में सभी झांकी एक-एक कर आए और जुलूस में सभी स्पर्धा का प्रदर्शन किए। जिसका मूल्यांकन कर्ता प्रवीण कुमार, विनोद सिंहा एवं चुरामन महतो हरली के द्वारा मूल्यांकन किया गया। पुरस्कार वितरण आज बुधवार देर शाम को होगी। वही भूख प्यास को देखते हुए रामनवमी महा समिति के द्वारा आम ग्रामीणों के लिए पीएम श्री बड़कागांव विद्यालय में भोजन की व्यवस्था की गई थी जिसमें लगभग 15 हजार लोगों ने भोजन ग्रहण किया। वहीं मंगलवार सुबह बड़कागांव पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने अपने समर्थकों के साथ बड़कागांव पहुंची, काली मंदिर में मत्था टेका तथा जुलूस एवं झांकी का अवलोकन किया। जुलूस में बाप बेटी ने भी एक साथ खूब लाठी खेली जो चर्चाओं में रहा। प्रखंड में रामनवमी जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर एसडीपीओ पवन कुमार, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक दिन-रात लग रहे। एसडीपीओ पवन कुमार ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया और ग्रामीणों को धन्यवाद दिया। कहा की शांतिपूर्वक रामनवमी संपन्न कराने में प्रखंड के सभी अखाड़े के पदाधिकारी, सदस्य तथा ग्रामीण का सराहनीय योगदान रहा है । मंच पर मुख्य रूप से रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी, सचिव बैजनाथ महतो, कोषाध्यक्ष दिनेश सिन्हा, बासंती दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी ,आजसू नेता संदीप कुशवाहा ,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, कांग्रेस के जुझारू नेता संजय तिवारी, पंसस रितेश ठाकुर, सरोज सोनी, घनश्याम जायसवाल, मेवा लाल नाग के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## आजसू केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो का पतरातु में जोरदार स्वागत



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची से केरेडारी जाने के क्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री झारखंड सरकार सुदेश कुमार महतो मांडू विधायक तिवारी महतो केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के संयोजक विजय कुमार साहू का पतरातु शहीद भगत सिंह चौक पर आजसू कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने में पार्टी के केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार पाठक,प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह,जिला सहसचिव अजय रवि,मनोज राम,राज किशोर प्रसाद,राकेश विश्वकर्मा,पतरातू पंचायत पंचायत समिति सदस्य ज्योति गुप्ता,बिजेंदर मुंडा,गुड्डू सोनी,अंकित सिंह,संजय प्रजापति,गणपत साव,रोनित साव,कपिल कुमार,गजाधर सिंह,सोनू कुमार,राजेश ठाकुर, संजय प्रजापति,संजय ठाकुर,कपिल मुंडा,कृष्णा मुंडा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे

## नए सत्र में छोटे बच्चों का स्वागत



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को श्री कृष्ण विद्या मंदिर के प्रांगण में बाल वाटिका के छोटे-छोटे बच्चों का नए सत्र में स्वागत किया गया। बच्चों के हस्तचिन्ह लिये गए, तिलक लगाया गया, पुष्पों की वर्षा की गई, गुब्बारे वितरित किए गए तथा उनको मीठी-मीठी चॉकलेट देकर उनका मुंह मीठा किया गया। इस कार्य में अहम भूमिका रिंकी कुमारी एवम श्वेता प्रसाद की रही, उन्होंने बच्चों के स्वागत में अपनी भागीदारी दी। इस खास मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एम कृष्णा चन्द्रा तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता), सचिव विमल किशोर जाजू, प्रशासक एसपी सिन्हा ने बच्चों को आशीर्वाद देकर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। बच्चे बहुत खुश नजर आ रहे थे। बच्चों के आगमन से विद्यालय में एक नई खुशियां बिखर रही थी। नए सत्र की शुरुआत हमारे लिए एक नई उम्मीद और संभावनाओं का संकेत है।

## महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए स्मार्टफोन का उप विकास आयुक्त ने किया वितरण



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कार्यों के बेहतर संचालन हेतु महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार द्वारा महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए स्मार्टफोन रामगढ़ जिला को उपलब्ध कराया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने अपने कार्यालय कक्ष में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया।इस दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए कल 1042 स्मार्टफोन बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को उपलब्ध कराया गया वहीं 21 महिला पर्यवेक्षिकाओं को स्मार्टफोन उपलब्ध कराया गया इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती इंदु प्रभा खलखो, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित थी।

## जैन मंदिर में विश्व णमोकार महामंत्र दिवस का आयोजन आज



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिगंबर जैन समाज रामगढ़ में श्री सकल दिगंबर जैन समाज रामगढ़ तथा जैन समाज की सेवा भावी संस्था जीतो के संयुक्त तत्वाधान में विश्व महामंत्र णमोकार महामंत्र दिवस का आयोजन दिनांक 9.4.2025 को प्रातः 8ः01 से प्रातः 9ः36 तक विश्व शांति एवं जगत कल्याण हेतु एक घंटा 35 मिनट का अखंड णमोकार मंत्र के जाप का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जैन समाज के सचिव श्री योगेश सेठी ने बताया उपरोक्त कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त विश्व जैन समुदाय एवं गुरुजनों के निर्देश पर विश्व स्तरीय णमोकार महामंत्र का एक साथ आयोजन किया जाएगा वर्तमान समय में विश्व में चल रहे गृह युद्धों एवं रूस यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के मद्देनजर आज विश्व में शांति एवं सदभावना की व्यापक आवश्यकता है जैन समाज भगवान महावीर के दिए गए संदेशों का अनुसरण करते हुए विश्व शांति के लिए सतत प्रयत्नशील रहता है उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु श्री योगेश सेठी तथा जीतो की रामगढ़ संचालिका खुशबू चूड़ीवाल ने यह अपील की उपरोक्त कार्यक्रम किसी समाज विशेष का न होकर संपूर्ण विश्व एवं जगत कल्याण का कार्यक्रम है अतः उन्होंने उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रामगढ़ के सभी वर्गों तथा समुदाय के लोगों से अपील की की इस अवसर पर सभी दैनिक कार्यों को विराम लगाते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना संपूर्ण योगदान दें कार्यक्रम को सफल बनाने में रामगढ़ के जीतो के सदस्यों के अलावा सकल दिगंबर जैन समाज के लोग अपना अपना संपूर्ण योगदान देने के लिए प्रयासरत है

# पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर उप विकास आयुक्त ने किया रवाना




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** 8 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत मंगलवार को उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मौके पर उप विकास आयुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो से पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत किए जा रहे कार्यों एवं जागरूकता रथ के रोस्टर के संबंध में जानकारी ली। जागरूकता रथ के द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर ग्रामीण व अन्य को पोषण पखवाड़ा 2025 के उद्देश्यों जैसे बच्चों के जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 दिवस पर ध्यान, पोषण ट्रैक्टर में लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, समर कार्यक्रम से समुदाय स्तर पर कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समाधान के लिए स्वस्थ जीवन शैली आदि के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीणों को खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, फल, अंडा आदि शामिल करने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, महिला पर्यवेक्षिकाओ, जिला बाल संरक्षण कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं सहित अन्य उपस्थित थे।

# सयाल सद्भावना समिति ने जीएम अजय सिंह को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय स्थित मंगलवार को सयाल के सद्भावना समिति के द्वारा जीएम अजय सिंह को उत्पादन लक्ष्य पुरा करने पर पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं सद्भावना समिति के संरक्षक विरेंद्र पासवान ने कहा कि जीएम अजय सिंह के नेतृत्व में सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र एक नई उंचाई को छू रहा है। दिन पर दिन सभी परियोजनाओं में कोयला संप्रेषण व ओबीआर निकालने में एक नया ही बुलंदी को पार कर रहा है। इसके लिए सभी कामगार साथी, सीसीएल के पदाधिकारी को मैं बधाई देता हूं। वहीं महाप्रबंधक अजय सिंह को सम्मानित करने वालो में ओमप्रकाश सिंह,अर्जुन सिंह,संजय शर्मा,रामविलास यादव,समिति के अध्यक्ष सतेन्द्र यादव,सचिव अनूप कुमार उर्फ पिन्टू सिंह,सशि पासवान,छोटन सिंह,संटू सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# केरेडारी जाने के क्रम में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का सौदा बस्ती व उरीमारी में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया





प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा/उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के केरेडारी स्थित मंगलवार कि शाम दिवंगत भुपल साहू के परिजनों से मिलने जाते आजसू सुप्रीमो सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के बाइ रोड जाने के क्रम में पतरातु व उरीमारी सहित सौदा बस्ती में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं सौंदा बस्ती में आजसू पार्टी के मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के द्वारा आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं सौदा बस्ती में आजसू पार्टी के पदाधिकारियों ने प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में स्वागत किया । स्वागत करने वालों में जिला संगठन सचिव विक्रांत साहू,केंद्रीय सदस्य इमरोज खान, प्रखंड उपाध्यक्ष नंदकिशोर ठाकुर,युवा आजसू प्रखंड उपाध्यक्ष विश्वनाथ भुइयां उर्फ अजय,गौतम कुमार,आकाश कुमार,अनुज कुमार,दीपक कुमार,राजा कुमार,रॉकी, चंदन एवं उरीमारी पहाड़ी शिव मंदिर के समीप केन्द्रीय सचिव कुलेश्वर गंझू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिसमें भाजपा नेता सुनील उरांव, चितरंजन दांगी,मदन करमाली,सन्नी सोरेन,दशरथ प्रजापति,पुकेश्वर गंझू,सोमर उरांव, कामाख्या सोरेन,एतवा गंझू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मारवाड़ी महिला समिति ने किया दो पनशालाओं का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले की अग्रणी सेवा भावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति ने बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के सिद्धांत को प्रतिपादित करते हुए तथा भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए स्थानीय ओम क्लीनिक एवं श्याम धाम मंदिर परिसर के सामने दो पनशाला का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ समिति की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती अरुणा जैन के द्वारा कराया गया। इसके साथ ही समिति के अध्यक्षा श्रीमती निशा जैन ने बताया कि इन पनशालाओं के माध्यम से न सिर्फ राहगीरों की प्यास बुझाने का प्रयास किया जाएगा, बल्कि मानव शरीर को पौष्टिकता प्रदान करने हेतु प्रतिदिन गुड एवं चना का वितरण भी किया जाएगा। जिससे गर्मी में जल की शीतलता के साथ-साथ पौष्टिक आहार से राहगीरों को पौष्टिकता भी मिल सके। अध्यक्षा श्रीमती जैन ने बताया समिति में इस तरह के कार्यक्रम हमेशा समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर किए जाते हैं तथा मारवाड़ी महिला समिति अपने सतत प्रयासों से इस तरह की सेवा भावी कार्यक्रमों का सफल आयोजन करती रहेंगी। समिति अपने ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जन एवं लोक कल्याण के नए नए सोपान स्थापित करते रहेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सचिव रिद्धि जैन, पुष्पा अग्रवाल एवं अनीता बंसल आदि शामिल थी।

## बैंक ऑफ इंडिया सयाल के द्वारा जरजरा के स्कूली बच्चों के बीच स्कुली किट का किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के पोटंगा पंचायत में राजकीय मध्य विद्यालय जरजरा स्थित मंगलवार को बैंक ऑफ इंडिया सयाल शाखा द्वारा स्कूली बच्चों के बीच स्कूली किट का वितरण किया गया। वहीं यह वितरण बैंक मैनेजर नीता गाडी के नेतृत्व में स्कूल के वर्ग तीन और वर्ग चार के कुल पच्चीस छात्र-छात्राओं को पेंसिल, कॉपी,औजार बॉक्स,कटर,मेटीना सहित कई जरूरी सामान बांटा गया। वहीं बैंक ऑफ इंडिया सयाल शाखा मैनेजर नीता गाडी ने कहा कि ये सभी सामग्री बच्चों की पढ़ाई में काम आएगी। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि बैंक ऑफ इंडिया आज लाखों असहाय लोगों कि मदद करता है। बच्चों को बचत खाता खोलने में बैंक हमेशा मदद करता है।बचत कि आदत सभी को डालनी चाहिए। जिससे जमा कि गई राशि से भविष्य में गरीबी से बचा जा सकता है। आज बैंक ऑफ इंडिया कि शाखा हर क्षेत्र में खुली हुई है। ताकी आमलोगों को भी बेहतर सुविधा मिलती रहे। वहीं इस मौके पर बैंक के अमित कुमार, विकास करमाली, सुमन कुमारी, मनजिंदर उरांव, राकेश कुमार राम, रामकुमार गंझू एवं विधालय के प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार, अशोक कुमार सिंह ,सोहमनी टुडु, इंदु कुमारी, अनिमा टोप्पो आदि लोग मौजूद थे।

*उरीमारी आरसीएमएसयू इंटक के पदाधिकारियों ने बरकासयाल महाप्रबंधक को किया सम्मानित*

## कोयला संप्रेषण में जीएम अजय सिंह के नेतृत्व में बरका सयाल एक नया किर्तिमान रचेगा : राजू यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय स्थित मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में आरसीएमयू पदाधिकारी एवं विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सभी पदाधिकारियो ने महाप्रबंधक अजय सिंह को वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन व ओबीआर निकालने में सफलता हासिल करने पर अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। वहीं आरसीएमएसयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र वित्तीय वर्ष में कोयला व ओबीआर निकालने में सफलता हासिल किया है। जिसमें समस्त कोलकर्मचारियों व पदाधिकारी एवं विस्थापितों का अहम किरदार है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने यह भी कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र जीएम अजय सिंह के नेतृत्व में एक और नया कीर्तिमान रचेगा। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, विस्थापित नेता महादेव बेसरा,लालू महतो,सुखदेव सोरेन,चंदू जायसवाल,सतीश कुमार,सिगु हेंब्रम,दीपक यादव ,रेवा यादव,पप्पू यादव , इंद्रजीत दुबे आदि लोग शामिल थे।

## भारत विकास परिषद के नए सत्र के अध्यक्ष बने अनमोल सिंह सचिव मनमोहन सिंह लांबा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा की बैठक शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में संपन्न हुई। बैठक में नए सत्र के पदाधिकारीयों के रूप में अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह सचिव सरदार मनमोहन सिंह लांबा उपाध्यक्ष आनंद सरफ, प्रदीप कुमार शर्मा, सह सचिव निलेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता, और पीआरओ के रूप में पूर्व अध्यक्ष अमित साहू चुने गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह ने कहां की भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए कटिबद्ध हूं। और जो मान सम्मान भारत विकास परिषद के सदस्यों ने दिया है इसका आजीवन ऋणी रहूंगा। वहीं सचिव के रूप में सरदार मनमोहन सिंह लांबा ने कहा कि भारत विकास परिषद के चतुर्थ सामूहिक विवाह समारोह को अमलीजामा पहनाने के लिए संकल्पित हूं। और जल्द से जल्द चतुर्थ सामूहिक विवाह की तिथि का घोषणा किया जाएगा। लगातार चौथी बार कोषाध्यक्ष बनने पर राम प्रवेश गुप्ता ने कहा कि संगठन ने जो हम पर विश्वास किया है उस विश्वास को आगे ले जाने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष गोविंद मेवाड़, उमेश राजगढ़िया, हरीश चौधरी, पूर्व सचिव डॉ आलोक रतन चौधरी, नानूराम गोयल, सचिन अग्रवाल, अखिलेश सिंह, अजय अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जांच शिविर का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दिनाक 8.04.2025 को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम डॉ0 तुलिका रानी, के द्वारा संयुक्त अध्यक्षता में छावनी बालिका मध्य विद्यालय रामगढ़ में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सिविल सर्जन, डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद, रामगढ़ के द्वारा बताया कि फ्लोरोसिस एक लाईलाज बीमारी है व बचाव ही एक मात्र उपाय है। समय रहते इस बीमारी के बारे में पता लगने से बीमारी कंकाल तक नही पहुँचती है। यह बीमारी बहुत ही कम उम्र से दाँतो में भूरे धब्बे, पेट दर्द, कब्ज, जोडो में दर्द जैसी समसयाँए उत्पन्न करती है। इसलिए इसे रोकना बहुत आवश्यक है अन्यथा यह शरीर में विकृति उत्पन्न कर देती है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि सदर अस्पताल, रामगढ़ में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी एवं पेशाब में फ्लोरोसिस बीमारी की जाँच करवा सकता है। डॉ0 तुलिका रानी सह नोडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं व साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही साथ उन्होंने ये भी बताया कि सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खटटे फल जैसें संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी, जिससे की शरीर में फ्लोराइड इक्टठ्य नही होता है वहीं उन्होंने इससे संबंधित अन्य जानकारी दी।शिविर के दौरान कुल मिलाकर 98 बच्चे की जाँच डॉक्टर पल्लवी कौशल जिला कंसलटेंट एवं सीएचओ जुही ज्योति, के द्वारा की गयी। कुल 22 बच्चों में जाँच उपरान्त लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन जीतेन्द्र कुमार के द्वारा जाँच उपरान्त 12 बच्चों में इस बीमारी कि पुष्टि हुई। शिविर को सफल बनाने में क्षेत्र की सी0एच0ओ0, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# सेंट्रल कमांड के जीओसी-इन-सी का पंजाब रेजीमेंटल सेंटर का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** ले. जनरल अनिंदया सेनगुप्ता, पी वी एस एम , यु वाइ एस एम ,ए वी एस एम , वाई एस एम जीओसी-इन-सी, सेंट्रल कमांड ने 08 अप्रैल 2025 को रामगढ़ छावनी स्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर का दौरा किया। उनके आगमन पर मेजर जनरल विकास भारद्वाज, वीएसएम जीओसी झारखंड एंड बिहार सब एरिया एवं पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर साजेश बाबू पी. जी. ने उनका भव्य स्वागत किया, अपने दौरे के दौरान उन्होंने चल रही प्रशिक्षण गतिविधियों एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की।सेना कमांडर को प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कल्याणकारी उपायों तथा आधारभूत संरचना विकास के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने प्रात कर रहे अग्निवीरों से बातचीत की और सैन्य प्रशिक्षण और अनुशासन के उच्च मानकों को बनाए रखने में सेंटर के प्रयासों को सराहना की। उन्होंने अनुदेशात्मक कर्मचारियों और सहायक कर्मियों के समर्पण और व्यावसायिकता की सराहना की।सैनिकों को संबोधित करते हुए सेना कमांडर ने शारीरिक दक्षता, मानसिक लचीलापन और भारतीय सेना के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने पंजाब रेजीमेंट जो भारतीय सेना की सबसे प्राचीन एवं सुसज्जित रेजीमेंटों में से एक है, पंजाब रेजीमेंट की शानदार विरासत को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।यह दौरा सेना की अभियानिक तैयारी को सुदृढ़ करने हेतु कठोर प्रशिक्षण और सैनिकों के कल्याण पर निरंतर ध्यान केन्द्रित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जयराम महतो को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सरकार अभिलंब प्लस सुरक्षा मुहैया कराये : रवि कुमार महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार महतो ने कहा है कि डुमरी विधायक सह जेएलकेएम केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो को खतरा आम झारखंडियों से नहीं बल्कि राजनीतिक घरानों से है। बीते दिनों विभिन्न राजनीतिक घरानों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि टाइगर महतो को अविलंब ' प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाए।रवि कुमार महतो ने कहा कि जिस प्रकार से पूरे झारखंड में टाइगर जयराम महतो की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, उससे पक्ष और विपक्ष दोनों खेमों में बेचैनी और घबराहट है। उनके अनुसार, टाइगर महतो बीते 25 वर्षों से झारखंडियों के शोषण, वंचना और पीड़ा के खिलाफ आवाज बने हुए हैं और लोगों को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यही बात स्थापित राजनीतिक परिवारों को असहज कर रही है।उन्होंने कहा कि टाइगर महतो न केवल अपने विधानसभा क्षेत्र बल्कि अन्य विधानसभाओं की समस्याओं को भी गंभीरता से उठाते हैं। झारखंड आज विस्थापन की पीड़ा झेल रहा है और पुराने राजनेताओं ने कंपनियों से साठगांठ कर केवल व्यापार किया, जबकि स्थानीय लोगों को उनका अधिकार नहीं मिला। जिनकी जमीनों पर अरबों-खरबों की कंपनियां चल रही हैं, वे आज भी दाने-दाने को मोहताज हैं।महतो ने औद्योगीकरण पर भी बात की और कहा कि झारखंड के बिना देश में औद्योगिक विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। यह राज्य देश को 40% खनिज उपलब्ध कराता है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था संचालित होती है।

## भारतीय वायुसेना में अग्निवीर अंतर्गत संगीतकार हेतु रोजगार के अवसर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय वायु सेना द्वारा अग्निवीरवायु (संगीतकार) भर्ती रैली (नई दिल्ली और बेंगलुरु में) योग्य अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है, जिनका जन्म 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2008 (दोनों तिथियों सहित) के बीच हुआ हो। केवल पंजीकृत उम्मीदवार जिन्हें अस्थायी प्रवेश पत्र जारी किया गया है, उन्हें भर्ती रैली में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। तिथि, समय और स्थान अस्थायी प्रवेश पत्र में उल्लिखित होंगे। ऑनलाइन पंजीकरण 21 अप्रैल 2025 से 11 मई 2025 तक आधिकारिक वेबसाइट agnipath-vayu.cdac.in पर कर सकते हैं।




## अंगारपथरा में भक्ति जागरण का आयोजन

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विजयदशमी के शुभ अवसर पर वन्दे मातरम् क्लब की और से अंगारपथरा दुर्गा मंदिर में भक्ति जागरण हुआ। समाजिक कार्यकर्ता भावेश मिश्रा ने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। गायक पंकज शर्मा ने जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना घर में पधारो गजानंद जी से शुभारंभ किया। उसके पश्चात एक से बढ़ कर एक भोजपुरी एवं हिन्दी भजनों पर उपस्थित श्रद्धालुओं को झुमने पर मजबुर कर दिया। सफल बनाने में राजा बाबू, शुभम यादव, कृत कौशिक पाण्डेय, धैर्या कैशिक, डा सुनिल, बिट्टू सिन्हा, शशि प्रकाश पाण्डेय आदि का योगदान रहा।

## बंद छह घरों से हुई लाखों रुपए की चोरी, चोरों ने दी पुलिस को खुली चुनौती

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हत्या, लुट और चोरी यह कोयलांचल धनबाद के लिए एक आम बाते हो गई है। महज 24 घंटा पहले ही धनबाद निरसा के कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के समीप में कुंदन रवानी नामक युवक की हत्या हुई थी। इसकी गुत्थी सुलझी ही नहीं की चोरों द्वारा एक बार फिर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। ताजा मामला निरसा,मुगमा बाईपास स्थित कालीमाता कालोनी के बीते रात चोरों ने बंद छह घरों में लाखों रुपए की चोरी की घटना की अंजाम दे डाली है। जिसके कारण आस पास के लोग काफी भयभीत है। यह खबर वाकई में चिंताजनक है। मुगमा बाईपास में इस तरह की चोरी की घटनाओं से स्थानीय निवासियों में काफी भय का माहौल है। बीते दिसंबर माह में भी इसी तरह का एक साथ पांच घरों में चोरों द्वारा लगभग 15 लाख की चोरी हुई थी। उस चोरी का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। फिर यह दूसरी घटना, निरसा पुलिस ने चोरी हुए घरों का निरीक्षण तो किया है लेकिन स्थानीय निवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस को भी इस मामले की गंभीरता से जांच करनी चाहिए और चोरी के मामले का उद्भेदन करना चाहिए। अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ना चाहिए ताकी लोगों का पुलिस पर भरोसा कायम रह सके।

## चौकीदार बहाली की दूसरी लिस्ट को लेकर धरना प्रदर्शन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चौकीदार बहाली की दूसरी लिस्ट जारी किए जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थी अब सड़क पर उतर आए हैं। लिस्ट जारी करने में विलंब करने का आरोप लगा अभ्यर्थीयों ने रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन किया। टुण्डी प्रखण्ड से आने वाले अभ्यर्थी चिन्तामणी मंडल का कहना है कि 330 पदों पर चौकीदार बहाली परिक्रिया पूरी हुए दो माह से ऊपर हो चुके हैं। बावजूद अभी तक धनबाद का सेकेण्ड लिस्ट जारी नहीं किया गया। इससे अभ्यर्थीयों में काफ़ी मायूसी है। सभी बेरोजगार हैं। सेकेण्ड लिस्ट जारी नहीं होने के कारण 98 से ज्यादा का पद खाली है। दूसरे जिलों में तो थर्ड लिस्ट तक जारी कर दिया गया है। लिस्ट जारी नहीं होने के कारण नौकरी की आश लगाए बैठे युवा घर पर बेरोजगार बैठे हैं। इस मांग को कई बार एडीएम लॉ एंड ऑर्डर और उपायुक्त के पास भी उठाया जा चूका है पर अभ्यर्थीयों को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 08.04.2025 को मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन का 'दस्तक' अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली की 'दस्तक योजना' के तहत पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में यादव कॉलोनी/दीघा, पटना में रहने वाली गरीब महिलाओं एवं लड़कियों के बीच सैनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं। ज्ञातव्य हो कि केन्द्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली द्वारा कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए पर्यावरण के अनुकूल कम मूल्य के सैनेटरी पैड के वितरण हेतु लाभ-हानि रहित मूल्य पर सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''दस्तक योजना'' बनायी गयी है, जो काफी लोकप्रिय है।

### पूर्व मध्य रेल
### ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है : ई निविदा सं.: ईएल/01/खुली/2025–26, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद मंडल के विभिन्न सेवा भवनों पर रूफ टॉप सोलर प्लांट का प्रावधान। (कार्य समापन अवधि : नौ माह)। कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹7,78,46,813.10, बिड सिक्युरिटी : ₹5,39,200/–, बिड मूल्यांकन प्रणाली – एक पैकेट प्रणाली, ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि : दिनांक 28.04.2025 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि : दिनांक 28.04.2025 को 11.30 बजे के बाद। 5. वेबसाईट का विवरण: वेबसाइट ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/(विद्युत)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/0045/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25–26/28

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़।
### (सूचना)

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 11/2024-25 दिनांक 21.03.2025 जिसका PR No. 349642 Drinking Water and Sanitation(24-25):D है जो विभिन्न स्थानों में HYDT एवं सोलर अधारित जलापूर्ति योजना का निर्माण से संबंधित है को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ।

PR 349926 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

# तंत्र को मजबूत कर मादक पदार्थ बेचने वालों की पुलिस को दे सूचना : एडीएम

➪ **जानकारी के बाद भी अफीम की खेती की सूचना नहीं देना है गुनाह : ग्रामीण एसपी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में नेशनल नार्कोटिक्स कोर्डिनेशन (एनकोर्ड) की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एडीएम ने सभी विभागों को सूचना तंत्र मजबूत कर पान गुमटी के आसपास गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले की सूचना पुलिस को देने, कोटपा 2003 अभियान में पुलिस फोर्स को लेकर अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर लोगों को नशा से दूर रहने के लिए जागरूक करने का भी निर्देश दिया।बैठक के दौरान ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि जिले में कहीं भी अफीम की खेती होने की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को जानकारी दे। जानकारी होने के बाद भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा सूचना नहीं देना गुनाह है। एनकोर्ड में इसमें 6 महीने की सजा का प्रावधान है। बैठक में एडीएम ने नशे की गिरफ्त से बच्चों, किशोरों व युवाओं को दूर रखने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने नशीली वस्तुओं की बिक्री पर नियंत्रण लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया।बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सहायक आयुक्त उत्पाद राम लीला रवानी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता ने किया एनीटाइम फिटनेस सेंटर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एनीटाइम फिटनेस सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सीएमडी समीरण दत्ता एवं रामावतार ग्रुप के प्रबंध निदेशक एवं समाजसेवी भाजपा नेता अमरेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सीएमडी समीरण दत्ता ने एनीटाइम फिटेस्ट सेंटर को धनबाद में केंद्र खोलने के लिए बधाई दी और बताया कि एनीटाइम फिटनेस सेंटर सभी के स्वास्थ्य को फिट रहने में सही दिशा निर्देशित करेंगे। अमरेश सिंह ने बताया की एनीटाइम फिटनेस सेंटर के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों आधुनिक उपकरण और एक प्रेरक वातावरण युक्त स्थान वाले इस धनबाद में खुलने से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाले लोग लाभान्वित होंगे। एनीटाइम फिटनेस सेंटर के 40 कंट्रीज और 7 कॉन्टिनेंट में 5500 जिम संचालित है। इस समारोह में कंपनी के विक्रांत श्रीवास्तव, जनता मजदूर संघ के सिद्धार्थ गौतम आरआरई के निदेशक सुशील सिंह, राम अवतार ग्रुप के अरविंद सिंह आदित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# धनबाद मंडल में चलाया गया मेगा टिकट चेकिंग अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 07.04.25 से दिनांक 08.04.25 की प्रातः 08¬00 बजे तक धनबाद मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, बरकाकाना, डाल्टनगंज स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गयी। इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप कुल 1128 यात्रियों को पकड़ा गया। इस जांच अभियान में बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों से 05 लाख 98 हज़ार 570 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व उन्हें कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से प्रबंधन विकास कार्यक्रम का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** विकेन्द्रीकृत शासन और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स), धनबाद ने भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के साथ मिलकर एक सप्ताह लंबे प्रबंधन विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम टैक्समिन आईटूएच भवन की स्मार्ट क्लासरूम में आयोजित किया गया, जिसमें देश भर के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों ने भाग लिया पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, ओडिशा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों से आए प्रतिभागियों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. प्रेम व्रत, चेयरमैन, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, आईआईटी (आईएसएम) द्वारा किया गया, जिन्होंने इफेक्टिव लीडरशिप पर उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने गहन विद्वता के साथ ट्रांसफॉर्मेशनल और ट्रांजेक्शनल लीडरशिप के सार को समझाया और विश्वास तथा विश्वसनीयता को उत्कृष्टता के अनुरूप संगठनात्मक

# भारत विकास परिषद हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित करेगी भव्य कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**धनबाद :** भारत विकास परिषद, धनबाद मुख्य शाखा ने 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम मंदिर, जोड़ा फाटक रोड, धनबाद में एक भव्य आयोजन, संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ के कार्यक्रमों के संदर्भ में गोल बिल्डिंग के समीप एक रेस्तरां में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष किशन गोयल ने बताया की इस कार्यक्रम के लिए धनबाद के प्रमुख सभी अखाड़ों, सभी प्रमुख सामाजिक संस्थाओं और चैंबर को निमंत्रित किया गया है और अभूतपूर्व हनुमान जन्मोत्सव मनाने का विचार है।संजय जैन ने बताया गया कि हनुमान जी के आशीष की आवश्यकता हम सब सनातनियों को है क्योंकि वह आज भी विद्यमान है। जिस प्रकार हनुमान जी ने श्रीराम की सभी कठिनाइयों का निवारण किया, आज भी जब सनातन धर्म एक नए उत्साह के साथ विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है तो यह महत्वपूर्ण कार्य हनुमान जी की कृपा से ही संभव होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमुख रूप से किशन गोयल अध्यक्ष, सुदीप चक्रवर्ती सचिव, पवित्र तुलस्यान कोषाध्यक्ष, योगेंद्र तुलस्यान ट्रस्टी, संजय जैन ट्रस्टी, रमेश रिटोलिया वरिष्ठ सदस्य, पंकज सिंह कार्यकारी अध्यक्ष सोमनाथ पूथी पूर्व अध्यक्ष उपस्थित थे।

## सीआईएसएफ ने किया 25 टन अवैध कोयला जब्त

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भूलन बरारी कोलियरी के टेन सीम पूल के समीप भाटडीह जंगल में मंगलवार को सीआईएसएफ के समादेष्टा भी ए चौधरी के नेतृत्व में जवानों ने छापामारी कर लगभग 25 टन अवैध कोयला जब्त किया है। बताते है कि क्षेत्र के कोयला चोर कोलियरी क्षेत्रों से कोयले की चोरी कर बोरे में भर कर जंगल में छिपा कर तस्करी को जमा करके रखा था। जिसकी सूचना मिलने के बाद सीआईएसएफ जवानों के टीम ने छापामारी कर कोयले को जब्त कर कोलियरी प्रबंधन को सौंप दिया है। सीआईएसएफ द्वारा की गई छापेमारी के बाद कोयला चोरों में हड़कंप मच गया है। छापेमारी में निरीक्षक विजय कुमार शर्मा एवं मोहित कुमार थे।



*चैंबर आफ कॉमर्स पुराना बाजार ने एमएस इंडिया रनर अप अंकिता बनर्जी को किया सम्मानित*

# पुराना बाज़ार की बेटी अंकिता पर हमे गर्व है : सोहराब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स पुराना बाजार चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के अध्यक्ष सोहराब खान,विजय सैनी,नवनीत रिटोलिया,जय प्रकाश केजिवाल,संजय पांडेय,दिनेश प्रसाद,इमरान अली,सरदार नारायण सिंह,सलाउद्दीन महाजन,गोपाल प्रसाद रियासत हुसैन,सुरेंद्र साव समेत अन्य सदस्यों नेनई दिल्ली में 29 मार्च को आयोजित इंडिया के सबसे बड़े कंपीटीशन मिस एंड मिस्ट्रेस इंडिया कॉन्टेस्ट 2025 के नेशनल लेवल में भीजी एमएस इंडिया रनरअप का खिताब जीत कर धनबाद समेत झारखंड का नाम राष्टीय स्तर पर रोशन करने वाली अंकिता बनर्जी को डुमरियाटांड़ स्थित आवास में पुष्पगुच्छ देकर एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही अंकिता को इस राष्टीय ख्याति प्राप्त क्राउन जितने कि प्रेरणा देने वाले अंकिता के पिता प्रीतम बनर्जी और गीताली बनर्जी को माला पहनाकर सम्मानित किया। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा पुराना बाजार की अंकिता ने सफलता का यह मुकाम हासिल कर हम पुराना बाजार वासियों समेत धनबाद और पूरे झारखंड का देश में नाम रोशन किया है यह हम सब के लिए बहुत गर्व की बात है।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –01/2025–26**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–15-04-2025 से दिनांक–16-04-2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 17.04.2025 (अपराह्न **3.00** बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 17.04.2025 (अपराह्न **3.30** बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा। (समाहरणालय परिसर) (ख) जिला योजना पदाधिकारी का कार्यालय कोडरमा (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्दवारा प्रखण्ड में जलक्रीडा हेतु कय किये गये जलक्रीड़ा उपस्करों/उपकरणों के संधारण हेतु BOAT SHED निर्माण। | 1573800.00 | 31500.00 | 5000.00 | 3 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR 349953 (Rural Work Department) 25-26 (D)

### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
### (जिला ग्रामीण विकास शाखा)

समाहरणालय ब्लॉक-B छत्तरमाण्डू जिला रामगढ़ (झारखण्ड) 825101

दूरभाष :- 06553–231359 E-mail:- ddc-ramgarh@jharkhandmail.gov.in

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना :- (पुनर्निविदा)**

ग्रामीण विकास विभाग, झाररखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक–(N)273(अनु0) रांची दिनांक–03.03.2025, पत्रांक–265, दिनांक–03.03.2025 एवं पत्रांक–77, दिनांक–22.01.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना (BHGY) के क्रियान्वयन हेतु पौधे में प्रयुक्त होने वाले सामग्री यथा (खाद, फफुन्दनाशक, कीटनाशक, एंटी बैक्टीरियल (जीवाणु रोधक), रसायनिक खाद, प्लास्टिक आदि) आदि का रामगढ़ जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्ड में आपूर्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 1414/जि0ग्रा0 दिनांक 24.03.2025 के द्वारा निविदा का प्रकाशन किया गया था जिसका PR No.- 349202 Rural Development (2024-25)#D है। निम्न सामग्री के दर निर्धारण हेतु इच्छुक पंजीकृत निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ताओं जिसका GST No. झारखण्ड का हो से अल्पकालीन निविदा (पुनर्निविदा) आमंत्रित की जाती है। निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ताओं शिलबन्द लिफाफे में निविदा दिनांक–23.04.2025 को अपराह्न 12:30 बजे तक जिला ग्रामीण विकास शाखा, रामगढ़ के कार्यालय में निबंधित डाक/स्वयं हाथो–हाथ जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा उसी दिन दिनांक– 23.04.2025 को अपराह्न 01:30 बजे उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, रामगढ़ के कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते है :–

| Sl. | सामग्री का नाम | Name of Material |
|---|---|---|
| 1 | खाद | 1.Vermi-Compost (In kg) or equivalent 2. गोबर खाद या FYM, City Compost 3. Karanj/Neem oil cake (In kg) 4. Bone meal/SSP (In kg) 5. Dolomite (In kg) |
| 2 | फफुन्दनाशक | 1.Trichoderma Viridi 1.5%W.W. (2X10^6 -10^8CFU/gm) 2.Chlorothalonil 75%WP, 3.Copper Oxychloride(Blue Copper or equivalent) (in KG) |
| 3 | कीटनाशक | 1. Fipronil 0.3 GR 2. Azadirechtin 3000PPM 3. Lamda-Cyhalothrin 5% EC 4. Bifenthrin 2.5% EC ; BiflexTC or equivalent |
| 4 | Antibiotic | 1. Plant Antibiotic (Kasugamycin 5% या सममुल्य in ml.) |
| 5 | रसायनिक खाद | 1. सूक्ष्म–पोषक तत्व (Totocare / Agromin या Equivalent 2. Urea in KG 3. NPK 10:26:26 (सुफला या सममुल्य) 4. SSP 5. MoP (पोटाश) |
| 6 | प्लास्टिक | 1. जलकुण्ड हेतु 250 माइक्रोन का UV Resistant Polythene (in kg) |

नियम एवं शर्ते की विस्तृत विवरणी www.ramgarh.nic.in के वेबसाईड पर देखी जा सकती है

ह०/– उप विकास आयुक्त,
–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, रामगढ़

PR 349908 District (25-26)_D

13 वां महाधिवेशन को ले झामुमो जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने की जिला स्तरीय बैठक

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्ग दर्शन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में संगठन का हो रहा विस्तार : मोजम्मिल अहमद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला कमिटी की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद जी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी 14-15 अप्रैल को रांची में होने वाले महाधिवेशन की तैयारियों पर चर्चा की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि झामुमो का 14-15 अप्रैल को रांची में होने वाले 13वां महाधिवेशन खास होगा। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सर्वधानिक पहलुओं पर चर्चा भी होगी। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में झामुमो बड़ी राजनीतिक ताकत बन गई है। हमें जनता का लगातार प्यार और भरोसा मिल रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति आदिवासी-मूलवासियों का विश्वास बढ़ा है। केन्द्रीय अध्यक्ष आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्ग दर्शन और




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हमारा संगठन का विस्तार हो रहा है। ऐसे में एक-एक कार्यकर्ता की जवाबदेही भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि पार्टी के पदाधिकारी व नेता जनता के प्रति ज्यादा से ज्यादा उत्तरदायी बनें। जिला कमिटी के पदाधिकारी के साथ-साथ प्रखंड से लेकर पंचायत तक के साथी सांगठनिक काम में अपनी भूमिका को और तेज करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव अनिल उरांव, केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी, बिनोद यादव, जिप अध्यक्ष राधा तिर्की, महिला अध्यक्ष सरिता टाना भगत,जिला उपाध्यक्ष तिवारी भगत,जिला सह सचिव मुकेश साहू, नगर अध्यक्ष आकाश कुमार, भंडरा प्रखण्ड अध्यक्ष परवेज अंसारी,कुडू प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर उराँव, कैरो प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजाद, सेन्हा प्रखण्ड अध्यक्ष राजकिशोर राम, पेशरार प्रखण्ड अध्यक्ष अरविंद उराँव, किस्को प्रखण्ड अध्यक्ष विनेश कुमार गुप्ता, अजय उराँव, अख्तर अंसारी, बालमुकुंद लोहरा, मन्सूर अंसारी, इस्तियाक अंसारी, नन्दू उराँव, मारवाड़ी उराँव, मोबारक अंसारी, अफरोज अंसारी, गुलशन आरा, सरस्वती कश्यप, शुष्मा उराँव, कियुवन्ति देवी, रेयाज अंसारी, अहद खान, मोनू, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।

## महामहिम राज्यपाल से मिला गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा का प्रतिनिधि मंडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मंगलवार 2025 को गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा का एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड के महामहिम राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार जी से मुलाकात कर अंग वस्त्र पुष्प एवं आश्रम में निर्मित आयुर्वेदिक दवा भेंट किया एवं आश्रम के गतिविधियों की जानकारी दी, तथा 26 मई 2025 को आर्य वीर दल के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महामहिम को आने का निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल के सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए महामहिम ने आर्य समाज की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। मुलाकात करने वालों में गुरुकुल के आचार्य शरच्चंद्र आर्य, ओम प्रकाश सिंह, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, भूषण प्रसाद, गुप्तेश्वर गुप्ता शामिल थे।

## शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा सत्र 2024-25 के प्रेरक कक्षाचार्य हुये सम्मानित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभा में प्रबंधकारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, मंजू देवी की उपस्थिति रही। वंदना सभा में प्रधानाचार्य ने सत्र 2024- 25 के सफल कक्षाचार्य को सम्मानित करने की घोषणा की तथा प्रबंधकारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद के द्वारा कक्षा षष्ठ के विकास भारती, कक्षा अष्टम के तीनों खंडों के कक्षाचार्य श्वेता संदेश, जया मिश्रा, प्रोन्नति यादव, नवम के नीलिमा सिंह को शॉल देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान कक्षाचार्य की गतिविधियों, कक्षा व्यवस्था एवं अपने कार्य के प्रति निष्ठावान और कर्तव्य को देखते हुए प्रधानाचार्य और प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा निरीक्षण करने के उपरांत दिया जाता है।

## मेला ड्यूटी कर लौटने के क्रम में दो आई आर बी जवान घायल




**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क दुर्घटना में दो आई आर बी जवान जख्मी बस चालक की लापरवाही के कारण हुआ दर्घटना पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हुई कारवाई। सेन्हा मेन चौक पर अनियंत्रित बाबा बस ने ट्रक को टक्कर मारते हुए पुलिस जवानों को अपने चपेट में ले लिया जिससे दो आई आर बी पुलिस जवानों को चोट लगी है। वहीं दोनों पुलिस जवानों को हल्की चोटें आई है। जानकारी के अनुसार बता दें कि सोमवार को सेन्हा में दशमी को रामनवमी मेला आयोजित हुआ था। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था के लिये काफी संख्या में जिला बल एवं आई आर बी पुलिस जवान को मेला ड्यूटी में लगाया गया था। कार्यक्रम का समापन के बाद सभी जवान ड्यूटी से वापस लौट रहे थे। उसी दौरान घाघरा की ओर से लोहरदगा जा रही बाबा बस संख्या जे एच 01 भी 0984 तेज रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित होकर ट्रक को टक्कर मारते हुए पुलिस जवानों का बाइक को भी टक्कर मार दिया जिसे दो आई आर बी पुलिस जवानों को हल्की चोट लग गई। तथा घटना के बाद बस रास्ते में ब्रेक डाउन हो गई जिसे पुलिस कर्मियों ने ही धक्का मारकर सड़क से हटाया। वहीं बस की कई कागजात फेल है। फिलहाल मामले को लेकर सेन्हा थाना पुलिस पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के निर्देश पर बस को जप्त कर थाने लेकर गई है। और अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

## नाई समाज द्वारा आयोजित किया गया सामाजिक मिलन समारोह, आदिवासी दर्जा देने का किया मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा के मुंद्रिका भवन में जिला नाई समाज का सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में लोहरदगा और लातेहार जिला के प्रतिनिधि मंडल शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथियों ने कहा की झारखंड सरकार नाई समाज के उत्थान के प्रति उदासीन रवैया अपनाये हुए हैं। इन्होंने कहा की बिहार राज्य के समय में जो इन्हें दर्जा मिला था उसे झारखंड की सरकार ने छीन लिया। जिसकी वजह से इनके परिवार के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया। झारखंड सरकार से इन्होंने आदिवासी समाज का दर्जा देने की मांग की। ताकि इनके बच्चों का भविष्य सुधर सके। सम्मेलन में नाई समाज ने शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील भी समाज के लोगों से की।



सभी आगंतुक समाज के सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन रवि और देवेन्द्र के द्वारा किया गया। इस मौके पर सुरेश ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय नाई सभा, अजय ठाकुर,जिलाध्यक्ष, वीरेन्द्र ठाकुर उपाध्यक्ष, अशोक कुमार ठाकुर, सचिव, रंजीत ठाकुर, उप सचिव, नीतेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष, अनिल ठाकुर, मार्गदर्शक, प्रवीण कुमार प्रसाद, प्रदीप ठाकुर, शंभू कुमार शर्मा, उत्तम ठाकुर, आशीष ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर, विनोद ठाकुर, दशरथ ठाकुर, मोनू कुमार, मुकेश ठाकुर, उमेश ठाकुर, लखन ठाकुर, अशोक ठाकुर, किशोर ठाकुर, हेमंत ठाकुर, संजय ठाकुर, अवध ठाकुर, बद्री ठाकुर, पवन ठाकुर, पंकज ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर सहित समाज के सैंकड़ों लोग सम्मेलन में शामिल हुए।

# आजसू पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता कलीम खान ने दिया आजसू पार्टी से इस्तीफा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले में कुड़ु प्रखंड के आजसू पार्टी अध्यक्ष काफी जुझारू, समर्पित और पुराने कार्यकर्ता कलीम खान ने आजसू पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं प्रखंड अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।उन्होंने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को लिखे पत्र में कहा है कि झारखंड आंदोलनकारी और लोहरदगा के लोकप्रिय पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के विचार एवं कार्य शैली से प्रभावित होकर मैं 21 वर्षो से पूर्ण समर्पण के साथ आजसू पार्टी में कार्य करता रहा था।परंतु कमल किशोर भगत के निधन के बाद आजसू पार्टी की कार्यशैली में आश्चर्यजनक बदलाव आ गया है। पहले आजसू पार्टी जाति-धर्म से ऊपर उठकर



समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर काम करती थी। किंतु अब यह अपने मूल उद्देश्य से भटक कर जात-पात की राजनीति में संलिप्त हो गई है और अन्य पार्टियों की तरह जातिवाद और परिवारवाद इस पार्टी में चरम पर है। वक्फ बिल को समर्थन कर इसने भी अपना असली चेहरा बता दिया है कि यह भविष्य में किस ओर जाने वाली है।कलीम खान ने कहा कि विगत 2024 में झारखंड विधानसभा चुनाव में भी लोहरदगा विधानसभा में मुस्लिम वर्ग को टारगेट करते हुए एक रणनीति के तहत एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत को हराने का काम किया गया जो मेरे जैसे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता को अत्यंत दुख पहुंचाने वाला साबित हुआ। ऐसे में इस पार्टी के साथ बने रहना अब किसी भी तरह से उचित प्रतीत नहीं होता। इसलिए मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं प्रखंड अध्यक्ष पद से इस्तीफा सौंप रहा हूं।

## जंगल में लगा आग, वन कर्मी और ग्रामीणों द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरु जंगल में सोमवार देर शाम आग लगने से जंगल धू-धू कर जल रहा था। जिसे जंगली जीवजन्तु और पेड़ पौधे के लिए संकट काल मंडरा रहा था। जिसकी सूचना वन विभाग को मिलते ही जंगल पहुंच वन कर्मियों एवं वन समिति द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मामला सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु जंगल में सोमवार रात्रि का है। विदित हो कि जंगल में विभिन्न प्रकार के जीवजन्तु का वसेरा है और उस जंगल में आग लगने से सभी जीवजन्तु और पेड़ पौधे के लिए संकट मंडरा रहा है। परंतु जंगल में शरारती तत्वों द्वारा आग तो लगा दिया जाता है। लेकिन आग लगने पर उन सभी जीवजन्तु और पेड़ पौध को बचाने के लिये कोई सामने नहीं आता है। जिसे जंगल में आग लगने के कारण वन संपदा जीवजन्तु सहित कई छोटे व बड़े पेड़ जल कर बर्बाद हो जाता है। जिससे मनुष्य और जीवजन्तु के जीवन में भी समस्या उतपन्न होती है। जंगल मे आग लगने की सूचना पर वन कर्मी और वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बिरसा उरांव ग्रामीण रामावतार कुजूर, मंगलदेव तिग्गा, डिब्बा अंसारी, विवेक उरांव, जयमंगल उरांव एवं अन्य लोगो के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तथा वैसे जंगल मे आग लगाने वाले असमाजिक प्रवृति के लोगो को चिन्हित किया जा रहा है। जिसपर वन अधिनियम के तहत विभागीय कारवाई किया जायेगा।

## डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह ने ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की और इसकी सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रखरखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। प्रत्येक कमरों में लगाये गए रूम की वस्तु स्थिति का सीसीटीवी के माध्यम से अवलोकन किया। तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण अमृत मिंज सहित निर्वाचन शाखा के कर्मी गण उपस्थित थे।

# जिले मे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र ससमय निर्गत करने को लेकर उपायुक्त सिमडेगा ने की समीक्षात्मक बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिले में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र ससमय निर्गत करने से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में उपायुक्त महोदय ने जिले के सभी जन्म-मृत्यु निबंधन इकाई में समय पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु कोई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं का निबंधन अब सभी को करना अनिवार्य है। सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति का सड़क दुर्घटना हो जाती है। और उसमें उसकी मृत्यु हो जाती है तो जिस पंचायत क्षेत्र में उसकी मृत्यु होती। उसे पंचायत क्षेत्र के पंचायत सचिव, प्रज्ञा केंद्र बीएलई द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किया



जाएगा। तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उनके इलाज हेतु एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने के क्रम में उसकी रास्ते में ही मृत्यु हो जाती है तो इस स्थिति में भी इस क्षेत्र में सड़क दुर्घटना हुई रहेगी, यह उनका जहां निवास स्थान होगा उसी पंचायत से प्रमाण निर्गत कर सकते हैं। उपायुक्त महोदय ने जिले में निर्गत जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की कार्यों की जानकारी पंचायत सचिव एवं सांख्यिकी पदाधिकारी ली। सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि पंचायत सचिव द्वारा पंचायत में ही निर्गत किया जाता है। फर्जी जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत को देखते हुए उपायुक्त महोदय ने सभी पंचायत सचिव को अपना लॉगिन आईडी अपने पास ही रखने की बात कहीं। और उसकी प्रॉपर मॉनिटरिंग करते हुए समय पर मामले का निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। किसी भी बीएलई के पास जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत से संबंधित लॉगिन आईडी पासवर्ड ना हो इसे सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी पंचायत सभी स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, ब्लॉक परिसर सहित अन्य स्थानों पर दीवाल लेखन कराने की बात कहीं। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत से संबंधित लंबित सभी मामले का समय पर निष्पादन करें। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, सांख्यिकी पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी पंचायत सचिव व अन्य उपस्थित थे।

## दु:खित परिवार से मिले विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनाँक 8 अप्रैल दिन मंगलवार को किस्को 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी के छोटे भाई इस्माइल अंसारी का आज दोपहर में आकस्मिक निधन हो गया जिसकी सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल किस्को स्थित उनके आवास पहुंच शोक संवेदना व्यक्त किया एवं परिवार जनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और कहा इस दु:ख की घड़ी में हम दु:खित परिवार के साथ हैं। मौके पर युवा जिलाध्यक्ष विशाल डूंग डूंग, ऐनुल अंसारी, यूनुस अंसारी, रौनक इकबाल, उल्फत अंसारी, एकरामुल अंसारी, अख्तर अंसारी, सिराज अंसारी, इस्राफिल अंसारी, आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, वर्क कंप्लीशन, जीएसटी रॉयल्टी एंड डीएमएफटी, बिरसा हरित ग्राम योजना, आंगनबाड़ी निर्माण केंद्र, वीर शहीद फोटो हो खेल विकास, सोशल ऑडिट, आधार बेस पेमेंट सिस्टम, नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम, एरिया ऑफिसर एप, जिओ मनरेगा, पशुधन विकास योजना के तहत गाय शेड निर्माण, मिट्टी मोरम रोड, लेबर बजट वर्क प्लान 2025-26, वार्षिक एक्शन प्लान -2025-26, 7- रजिस्टर, योजना बोर्ड को



अधिष्ठापन आदि की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मानव दिवस सृजन के दौरान उपायुक्त महोदय ने लंबित सभी डाटा का एंट्री 2 दिन के अंदर करने का निर्देश दिया। इसके अलावे सभी योजनाओं से संबंधित लंबित डाटा को भी पोर्टल पर एंट्री शत-प्रतिशत करने की बात कहीं। उपायुक्त ने अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में समय से ई-मास्टर रोल निकालने करने का निर्देश दिया। जीएसटी रॉयल्टी और डीएमएफटी में शत प्रतिशत भेणडर रॉयल्टी राशि जामा कराने की बात कहीं। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत लंबित खुदाई कार्यो को प्रारंभ करने की बात कही। खुदाई कार्य पूर्ण हो गया है उसे पत्थर की पटाई करते हुए योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिए। आंगनबाड़ी निर्माण कार्य की समीक्षा कर मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कुल 35 आंगनबाड़ी केंद्रों को स्कूल में ऑगेंइग करने करें। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत गाय से आच्छादित लाभुक को यथाशीघ्र गाय शेड की स्वीकृति देने की बात कहीं। योजना बोर्ड अधिष्ठापन की समीक्षा कर सभी प्रखंडों में क्रियान्वित सभी योजनाओं बोर्ड का अधिष्ठापन शत् प्रतिशत सुनिश्चित करेंगे। सभी क्रियान्वित योजना में योजना बोर्ड लगा रहे। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण 2.0 की सर्वे कार्य की समीक्षा किया। जिसमें बताया गया कि सभी प्रखंड सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया है। उन्होंने पुन: प्रत्येक पंचायत में छूटे हुए हाउस होल्ड की सर्वे कर रिपोर्ट करेंगे। जिले में कोई भी बेघर एवं ज़रूरतमंद व्यक्ति आवास योजना से वंचित न रहे, इसे सुनिश्चित करें। पंचायत वार पुन: इसकी जांच कर लेंगे। साथ ही उन्होंने अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (2023-24) की समीक्षा की। उपायुक्त ने 150 दिन से ऊपर लंबित आवास निर्माण कार्य की प्रॉपर रूप से प्लेप कर सभी आवास निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कराएंगे।

मजदूरों के हित में काम कर मजदूरों का जीतेंगे विश्वास : आलोक कुमार साहू

# इंटक के अध्यक्ष बनने पर आलोक कुमार साहू को धुवा मोड़ में मजदूरों एवं ट्रक मालिकों ने किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** पाखर ट्रक ओनर एक्शन के अध्यक्ष कुददुस अंसारी की नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम मंगलवार को किस्को प्रखंड के धुवा मोड़ में रखा गया। भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के नवनियुक्त अध्यक्ष आलोक कुमार साहू का धुवा मोड़ में मजदूर साथियों, ट्रक मालिकों एवं ट्रक अनलोडर मजदूरों द्वारा इंटक के अध्यक्ष बनने पर उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा में पहली बार कांग्रेस पार्टी का अनुषांगिक ईकाई इंटक का अध्यक्ष उन्हें बनाया गया है। मजदूर की समस्याओं का निदान करना उनका पहली प्राथमिकता है। इंटक यूनियन मजदूरों के साथ-साथ उनके परिजनों जो सरकारी लाभ से वंचित



है उन्हें सरकारी लाभ दिलाने का काम करेगी साथ ही साथ मजदूर जिस क्षेत्र में रहते हैं उसका सर्वांगीण विकास के लिए भी इंटक काम करेगी। मौके पर उपस्थित मजदूरों ने श्री साहू को बताया कि धुवा मोड़ से रामामहली के घर तक पक्की नाला निर्माण कराने के लिए 14 माह पूर्व लोहरदगा उपायुक्त को आवेदन दिया था लेकिन अभी तक नाला का निर्माण नहीं हुआ है। धुवा मोड़ से पाखर माइन्स तक सड़क निर्माण कराने, लोहरदगा से धुवा मोड़ तक जर्जर सड़क का निर्माण कराने, पाखर माइंस में मजदूरों के लिए कैंटिन की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था कराने सहित मजदूरों ने अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग किए। श्री साहू ने कहा कि वे जल्द ही लोहरदगा उपायुक्त से मिलकर नाली का निर्माण कराने की पहल करेंगे ।श्री साहू ने मौके पर से ही पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्तांकर दोनों सड़कों का निर्माण जल्द कराने की बात कहे। कार्यपालक अभियंता ने श्री साहू को बताया कि धुवा मोड़ से पाखर माइन्स तक सड़क अभी तक पथ विभाग में आरईओ से हस्तानांतरण नहीं हुआ है। हस्तानांतरण होते ही सड़क निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। लोहरदगा से धुवा मोड़ तक सड़क निर्माण कार्य विभागीय प्रक्रिया पूरा होते ही प्रारंभ किया जाएगा। हिंडालको से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु शीघ्र हिंडालको महाप्रबंधक से वार्ता श्री साहू करेंगे। जल्द के हिंडालको द्वारा संचालित माइंसों में संगठन को धारदार बनाया जाएगा। मौके पर मजदूर साथियों, ट्रक मालिक सहित काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, बुधवार, 09 अप्रैल 2025 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### रोहतक में तीन गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को किया सील

**रोहित :** शिक्षा विभाग द्वारा जिले में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ सख्त कारवाई शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को लाखनमाजरा खंड के गांव सुंदरपुर में संचालित किए जा रहे तीन गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को सील किया गया है। इन विद्यालयों में पढने वाले बच्चों की सूची ग्राम पंचायत के सरपंच से मांगी गई है ताकि इन बच्चों का राजकीय विद्यालय में दाखिल करवाया जा सके। दरअसल जिला प्रशासन द्वारा गांवों में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए उपायुक्त धीरेन्द्र खडटा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि वे गांव में संचालित किए जा रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को सील करे तथा इन विद्यालयों में पढने वाले विद्यार्थियों को गांव में स्थित राजकीय विद्यालय में दाखिल करवाएं। शिक्षा विभाग के अधिकारी रितु पंघाल, टिटौली कलस्टर हेड सरोज नारा के साथ पुलिस टीम गांव सुंदरपुर पहुंची और तीन गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को सील कर दिया। दरसअल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में 70 गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की लिस्ट जारी की गई है। साथ अब शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर कारवाई भी शुरू कर दी है।

### वक्फ भूमि के लुटेरो में हाहाकार मचा हुआ है : संजय गुप्ता

**प्रयागराज :** वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक लागू होने से वक्फ भूमि के लुटेरों में हाहाकार मचा हुआ है। उनमें से ज्यादातर भू माफिया कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के लोग हैं। जो गरीब और कमजोर मुस्लिम समाज के लोगो का हक मारकर कर बैठे हैं। यह बातें भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कही।मंगलवार की सायं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा महानगर अध्यक्ष आंनद जायसवाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइन कार्यालय में नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। महानगर अध्यक्ष ने आगे कहा कि इसीलिए विपक्षियों के खेमे में खलबली मची हुई है और अनर्गल टिप्पणी करके साम्प्रदायिक वातावरण बना रहे हैं। लेकिन मोदी एवं योगी सरकार उनको उन्हीं की भाषा में जवाब देना जानती है। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा द्वारा दिए गए लक्ष्य को साधकर राष्ट्र विरोधी मसूंबो को लेकर चलने वाली सपा, कांग्रेस को हमें आगामी विधानसभा के चुनाव में हराकर हर बूथां पर कमल खिलाकर हमें जवाब देना है। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में पिछड़े वर्ग के लोगों को अधिकार के साथ सम्मान मिल रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार में कई मंत्री, विधायक व सांसद हैं और संगठन के सर्वोच्च पदों पर आसीन हैं। पिछड़ा कल्याण बोर्ड आयोग द्वारा पिछड़े समाज के लोगों को सरकार की हर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रभारी मनोज कुशवाहा एवं जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी एवं अन्य पदाधिकारी रॉबिन साहू, सतीश प्रजापति, अंगद सिंह पटेल, धनंजय सिंह ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

# फीस वृद्धि को लेकर कार्मेल स्कूल लोवाडीह में अभिभावकों ने किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में निजी स्कूलों के मनमानी फीस वृद्धि के मामले लगातार सामने आ रही है। राज्य सरकार के द्वारा इस पर नियंत्रण को लेकर आदेश भी जारी किया गया है। लेकिन पालन नहीं हो पा रही है। मंगलवार को नामकुम थाना क्षेत्र के अंतर्गत कार्मेल स्कूल लोवाड़ीह में मनमानी फिस बढ़ोतरी,अन्य शुल्कों का लेवी और स्कूल ड्रेस व पठन सामग्री के खरीदारी में बाध्यता के खिलाफ अभिभावकों ने स्कूल का सुबह घेराव किया। स्कूल प्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। सूचना मिलते ही आंदोलन का समर्थन देने ÷झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा÷ पूर्व रांची लोक सभा प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो पहुंचे। स्कूल प्रबंधक से घंटों तक बहस



चली। मामला नियंत्रण के लिए नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार पहुंचे। देवेंद्रनाथ महतो का थाना प्रभारी के द्वारा उपायुक्त रांची से टेलीफोन वार्ता हुई। महतो ने कहा कि निजी स्कूलो द्वारा विभिन्न नामों से अनियमित शुल्क वसूला जा रहा है। राज्य में शिक्षा बेलगाम महंगा हो होते जा रही है। किसी स्कूल में एक बार नामांकन फीस के बाद ट्यूशन फीस के अतिरिक्त कोई भी शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए।बताते चले की उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजनत्री ने स्कूलों को चिन्हित करते हुए आवश्यक त्वरित कार्रवाई करने का सकारात्मक आश्वासन दिया है। नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि अभिभावक और स्कूल प्रबंधन के साथ बैठक कराई गई थी। बताया गया था कि स्कूल प्रबंधक द्वारा 15त्न फीस वृद्धि की गई है , जिसके खिलाफ अभिभावक आक्रोशित थे। इस संबंध में एसडीएम से बातचीत हुई है। एसडीएम ने बताया कि रांची डीसी की निगरानी में स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि को रोकने के लिए कमेटी बनी है, जो शिकायतें आ रही है उस पर डीसी अपडेट हैं बहुत जल्द निर्णय आएगा , वही सभी स्कूलों को पालन करना होगा।

### सोनीपत पुलिस ने दीपक हत्याकांड में तीसरा आरोपी किया गिरफ्तार

**सोनीपत :** सोनीपत जिले के बहालगढ़ में वीर ढाबा के पास जीटी रोड पर हुए हत्याकांड में पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में एक युवक की गोली मारकर हत्या और दूसरे को गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में यह कार्रवाई हुई। सोनीपत जिले की स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 ने वीर ढाबा, जीटी रोड, बहालगढ़ के पास 27 फरवरी 2025 को हुई गोलीबारी की घटना में शामिल तीसरे आरोपी गौरव उर्फ गौरा को गिरफ्तार किया है। गौरव, मूल रूप से इंद्रा कॉलोनी, गन्नौर, सोनीपत का निवासी है और वर्तमान में दिल्ली के बलजीत नगर में रहता है।

## व्यापारी समुदाय के लिए गेम चेंजर साबित हुई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना : खंडेलवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने देश के व्यापारी समुदाय के लिए एक गेम चेंजर के रूप में काम किया है। इसके लिए व्यापारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने दस वर्ष पूर्व इस योजना की शुरुआत उस क्षेत्र के लिए की थी जो लंबे समय तक औपचारिक वित्त व्यवस्था से वंचित रहा। भाजपा सांसद एवं कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 साल पूरा होने के अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही। खंडेलवाल ने कहा कि पीएम मुद्रा योजना ने भारत के व्यापारी वर्ग को



सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल, 2015 को शुरू हुई यह योजना देशभर के छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के लिए वरदान साबित हुई है। शिशु, किशोर और तरुण श्रेणियों के जरिए बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान कर इस योजना ने लाखों सूक्ष्म और लघु व्यवसायों को वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिससे उन्हें अपने व्यापार का विस्तार करने, बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और कार्यशील पूंजी को मजबूत करने में सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब छोटे व्यापारियों के लिए औपचारिक वित्तीय सहायता प्राप्त करना एक चुनौती था, पीएम मुद्रा योजना ने उस अंतर को पाटते हुए देश के व्यापार और वाणिज्य को नई ऊर्जा दी है। इस योजना ने न केवल ऋण की उपलब्धता बढ़ाई है, बल्कि स्वरोजगार को बढ़ावा दिया है और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को प्रोत्साहित किया है। खंडेलवाल ने कहा कि पिछले दस वर्षों में लाखों व्यापारी इस योजना के प्रत्यक्ष लाभार्थी रहे हैं, जिससे उन्हें विशेष रूप से कोरोना महामारी (कोविड-19) जैसी चुनौतीपूर्ण विषम परिस्थितियों में अपने व्यवसाय को बनाए रखने और आगे बढ़ाने में मदद मिली।

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया चापाकल मरम्मति वाहन को रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अंतर्गत चापाकल मरम्मति वाहन को आज उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया गया।

बताते चलें कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की समस्या से निजात पाने हेतु गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों एवं गांवों में लगे चापाकल/खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति हेतु चापाकल मरम्मति वाहन का संचालन कराया जा रहा है जिसमें मिस्त्री एवं मजदूर द्वारा खराब पड़े चापाकलों को बनाया जाएगा। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा



बताया गया कि चापाकल मरम्मति वाहन संबंधित खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति करते हुए पेयजल की व्यवस्था करने का कार्य करेगी।

खराब पड़े चापाकल की मरम्मति हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जिसके टोल फ्री नंबर- 18003456502 पर भी संपर्क करते हुए चापाकलों की मरम्मति हेतु सहायता प्राप्त की जा सकती है। मौके पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अजय कुमार सिंह समेत अन्य संबंधित उपस्थित थें।

# एएसडी प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** शहर के सहिजना मोहल्ला स्थित एएसडी प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों ने भरपूर सराहा। नन्हे-मुन्ने बच्चों की नृत्य, गीत व नाटक जैसी शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण के दौरान बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास को देख अभिभावक भी गौरवान्वित नजर आए। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक, स्थानीय लोग व बच्चे मौजूद रहे, जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई। विद्यालय के संस्थापक सदस्य सुबोध कुमार




वर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एएसडी प्ले स्कूल का मुख्य उद्देश्य मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और समुचित शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय इस लक्ष्य की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। विद्यालय में विभिन्न वर्गों के विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को काफी कम शुल्क में शिक्षा दी जाती है, ताकि वे भी मुख्यधारा में शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार करते हुए विद्यालय ने हॉस्टल की भी व्यवस्था की है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर सजग रहें और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर प्रियरंजन सिन्हा, विनय कुमार यादव, जितेंद्र कुमार यादव, नित्यानंद त्रिपाठी, सौरभ कुमार, आलोक कुमार प्रिया पाठक, नेहा कुमारी, ज्योति दुबे, कृति कुमारी, अंजली कुमारी, आरती कुमारी, मुस्कान कुमारी, पीहू कुमारी, हीना, अनुप प्रजापति समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सराहनीय कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मी कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ अवार्ड से सम्मानित

**जयपुर :** पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने मंगलवार को पुलिस आयुक्तालय पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट, सराहनीय, मेहनत, लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मियों को कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ के अवार्ड से सम्मानित किया। मार्च 2025 का ''कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ'' पुरस्कार के लिए जिला पूर्व से चयनित पुलिस थाना एस.एम.एस अस्पताल के कांस्टेबल वेदवीर ने एसएमएस परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं आस-पास के सीसीटीवी फुटेज चैक कर कड़ी मेहनत व लगन से कार्रवाई करते हुए दो मुल्जिमों को गिरफ्तार कर सात लाख रूपये से अधिक कीमत के 43 एंड्रायड मोबाईल बरामद करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जींद : तेज रफ्तार बाइक सवारों ने एसडीएम को मारी टक्कर, हुए घायल

एजेंसी

**जींद :** सफीदों नगर के महात्मा गांधी मार्ग पर सोमवार देर सायं तेज रफ्तार बाइक सवार युवकों ने यहां से पैदल गुजर रहे सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा को टक्कर दे मारी। इस सड़क दुर्घटना में एसडीएम पुलकित मल्होत्रा बुरी तरह से घायल हो गए। घायल एसडीएम को सफीदों के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया लेकिन उनकी गंभीरावस्था को देखते हुए उन्हें पानीपत रेफर कर दिया गया। वहीं बाइक सवार चार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार घायल युवकों की पहचान गांव रामपुरा निवासी सावन, कृष, अभिषेक व मयंक के रूप में हुई है। जिनमें से सावन, कृष व अभिषेक को सफीदों के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची



और घटनास्थल का मुआयना किया। मिली जानकारी के अनुसार सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा देर सायं खाना खाकर महात्मा गांधी पर टहलने के लिए गए हुए थे। जब वह वापिस विश्राम गृह में वापस लौटे तो लीलावती अस्पताल के पास तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार युवकों ने एसडीएम को पीछे से जोरदार टक्कर दे मारी। इस घटना में एसडीएम पुलकित मल्होत्रा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनाक्रम के दौरान हुई तेज आवाज को सुन कर आसपास के काफी लोग मौके पर जमा हो गए और आनन फानन में उनको वहां से उठा कर पास के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर डीएसपी गौरव शर्मा व एसएचओ सिटी दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। वहीं एसडीएम की गंभीरावस्था को देखते हुए उन्हे पानीपत के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां पर वे उपचाराधीन हैं। मंगलवार को जानकारी देते हुए सिटी थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि सूचना मिलते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। फुटेज में बाइक सवार युवक तेज रफ्तार में एसडीएम पुलकित मल्होत्रा को टक्कर मारते हुए साफ-साफ दिखाई दे रहे हैं।

## हाईकोर्ट का आदेश : नदिया जिले में अप्राकृतिक मृत्यु के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी



एजेंसी

**कोलकाता :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में हुई एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत के मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का निर्देश दिया है। अदालत का यह आदेश 2023 में हुई उस घटना के संदर्भ में आया है, जिसमें पुलिसकर्मियों पर व्यक्ति को उसके घर से जबरन उठाकर ले जाने का आरोप लगा था। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने इस मामले में निष्पक्ष और विस्तृत जांच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए जांच सीबीआई को सौंपने का निर्णय सुनाया। यह हस्तक्षेप मृतक शौकत मंडल की पत्नी मंजुरा बीबी की याचिका पर आया, जिन्होंने राज्य पुलिस पर उनके पति की मौत में मिलीभगत का आरोप लगाया था। बताया गया कि 26 अगस्त, 2023 को पुलिस ने मंजुरा बीबी के घर पर छापेमारी की थी। पुलिस का निशाना शौकत के साले मोहन मंडल था। मोहन के नहीं मिलने पर पुलिसकर्मी शौकत मंडल को अपने साथ ले गए। बाद में शौकत का शव उनके घर से लगभग 500 मीटर दूर एक बगीचे में मिला, जिसके बाद मंजुरा बीबी ने हत्या का आरोप लगाया। मामला इसलिए और जटिल हो गया क्योंकि शौकत मंडल के भाई के खिलाफ पहले से ही हत्या का एक मामला दर्ज था, जिसकी जांच पहले स्थानीय पुलिस कर रही थी, लेकिन दिसंबर 2023 में उसी हाईकोर्ट ने उसे भी सीबीआई को सौंप दिया था। पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति के बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा था। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि शौकत मंडल की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। साथ ही, उनके खिलाफ 2017 से नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो मामले लंबित होने का भी हवाला दिया गया। हालांकि, अदालत ने इन दलीलों को दरकिनार करते हुए दोनों संबंधित मामलों की जांच एक ही सीबीआई अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया, ताकि जांच की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनी रहे।

### हिमाचल प्रदेश में अनुबंध और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी होंगे नियमित, आदेश जारी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में कार्यरत हजारों अनुबंध और दैनिक वेतनभोगी और कर्मचारियों को सौगात देते हुए नियमित करने का निर्णय लिया है। सरकार की ओर से इस संबंध में मंगलवार को अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी हुई हैं। यह निर्णय वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लागू होगा और तय मापदंडों के अनुसार पात्र कर्मचारियों पर लागू किया जाएगा। अनुबंध कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए शर्त रखी गई है कि वे 31 मार्च 2025 तक लगातार दो वर्षों की सेवा पूरी कर चुके हों। यह प्रक्रिया राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों पर लागू होगी। नियमितीकरण केवल उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर किया जाएगा और इसमें वरिष्ठता के सिद्धांत का पालन होगा बशर्ते नियुक्ति के समय तय भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुरूप चयन किया गया हो।

## सेंट्रल युनिवर्सिटी कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं के लिए इंटरनल ग्रीवांस सेल बनाएं : डा आशा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल युनिवर्सिटी झारखंड में कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं के लिए इंटरनल ग्रीवांस सेल बनाएं, जिसमें एक एसटी व एक महिला सदस्य हो ताकि विश्वविद्यालय में अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जा सके। मंगलवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी की समीक्षा के दौरान ये बातें राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने कही। उन्होंने बताया कि कुल तीन चरणों में सेंट्रल यूनिवर्सिटी से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। डा. आशा लकड़ा ने बताया कि अजीत किसपोट्टा पूर्व में बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में कार्यरत थे। वहां से स्थानांतरण होने के बाद उन्होंने सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड में योगदान दिया। उनकी ग्रेच्युटी के लिए केंद्रीय सेंट्रल यूनिवर्सिटी की ओर से अकाउंट डिटेल नहीं भेजा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर, कोरोना काल के दौरान



डा. वाटर वे का निधन हो गया था। उनके आश्रितों को अब तक अनुकंपा आधारित नौकरी या किसी प्रकार का लाभ नहीं मिला। इसी प्रकार, दीपक कुमार एलडीसी के पद पर कार्यरत थे। उनकी मृत्यु हो चुकी है। फिर भी उनके आश्रितों को अनुकंपा आधारित नौकरी नहीं दी गई।

शिक्षकेत्तर कर्मचारी सुमन रंजनी की भी मृत्यु हो चुकी है। नेहा जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थी। इनके निधन के बाद आश्रितों को न तो अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिली और न ही अन्य लाभ। सेंट्रल युनिवर्सिटी प्रबंधन को तत्काल इन सभी मामलों में रिपोर्ट तैयार कर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को भेजने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर नन टीचिंग स्टाफ के लिए कोई नियमावली नहीं बनाई गई है। विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति की गई है, लेकिन सहायक प्रोफेसर के पद खाली हैं। खासकर अनुसूचित जनजाति वर्ग के। इसी प्रकार, सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं की संख्या भी बहुत ही कम है। विश्वविद्यालय के कुलपति को निर्देश दिया गया है कि नन-टीचिंग स्टाफ के प्रोमोशन से संबंधित नियमावली तैयार करें। साथ ही अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के नामांकन के लिए प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि संबंधित छात्रों को सेंट्रल युनिवर्सिटी में संचालित कोर्स व समय पर नामांकन से संबंधित जानकारी मिल सके। इसके अलावा कुलपति को यूजीसी के गाइडलाइन के अनुसार, फी स्ट्रक्चर तैयार करने व छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिल सके। यूनिवर्सिटी में अध्ययन कर रहे अनुसूचित जनजाति छात्र-छात्राओं के पर्सनालिटी डेवलपमेंट के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया है, ताकि संबंधित छात्र नौकरी आदि से संबंधित इंटरव्यू में सफल हो सकें। इस दौरान डा. आशा लकड़ा ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कार्यरत एसटी प्रोफेसर, एसटी नन-टीचिंग स्टाफ व विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एसटी छात्र-छात्राओं के साथ संवाद भी किया।